www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 11 फरवरी, 2024

वर्ष – 16 | अंक –307 | पृष्ठ – 10

मूल्य 3.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

साहित्य

रेसकोर्स के अंदरूनी खोलता लोमहर्षक उपन्यास–रेसर पृष्ठ 06

विदिशा श्रीवास्तव ने वैलेंटाइन डे के लिए तैयार किया रोमांटिक प्लान, पति ... पृष्ठ 10

शिक्षा को आगे बढ़ाना प्राथमिकता : शैली पृष्ठ 02

■ अंडरपास, ड्रेन का किया निरीक्षण
■ ग्रेनोवेस्ट मेट्रो डीपीआर को नोएडा प्राधिकरण... 03


■ हिंसा में उपद्रवियों ने नगर निगम को पहुंचाया सबसे ज्यादा नुकसान
■ हल्द्वानी हिंसा को बताया प्रशासन का फेलियर 08

चौ. चरण सिंह अमर रहें

लोकदल जिन्दाबाद







चौ. सुनील सिंह
राष्ट्रीय अध्यक्ष

## लोकदल

पूर्व प्रधानमंत्री एवं
लोकदल संस्थापक
किसानों के मसीहा
स्व. चौ. चरण सिंह जी
को सर्वोच्च सम्मान
'भारत रत्न'
मिलने पर सभी देशवासियों को
बहुत–बहुत बधाई एवं
प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी
का बहुत–बहुत आभार

स्व. चौ. चरण सिंह जी
लोकदल संस्थापक




दिल्ली में किसान घाट पर जन सैलाब लेकर पहुंचे चौधरी विजेंद्र

किसानों का हक दिलाने की लड़ेंगे लड़ाई: चौ. विजेंद्र सिंह

मावे से बना केक काटकर लोकदल ने मनाई चौ. चरण सिंह की जयंती

चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न सम्मान की मांग के लिए किसान घाट पर उमड़ा जन सैलाब

चौ. चरण सिंह को मिले भारत रत्न : विजेंद्र सिंह

लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव ने की चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिलाने की मांग

स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न की मांग

चौ. विजेन्द्र सिंह
राष्ट्रीय महासचिव–लोकदल

लोकदल से जुड़ने के लिए कॉल करें: 9760 693 127

Lokdalvijender | vijendersinghlokdal_ | vijenderlokdal | Vijender Singh - Lokdal

निवेदक: प्रदेश कार्यकारणी लोकदल

महिला : मेरा वेट कैसे कम होगा ?
डॉक्टर : अपने गर्दन को दाएं बाएं हिलाएं।
महिला : किस समय ?
डॉक्टर : जब कोई खाने को पूछे।



# शिक्षा को आगे बढ़ाना प्राथमिकता : शैली

**नई दिल्ली,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली की मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने शनिवार को जहांगीर पुरी स्थित निगम विद्यालय में सिविल लाइंस क्षेत्र के विज्ञान मेले में शिक्षकों को सम्मानित किया एवं बच्चों को संबोधित किया। डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि जब से आम आदमी पार्टी निगम की सत्ता में आई है। हमारा एक ही नारा रहा है कि हमें शिक्षा को आगे बढ़ाना है। आप पार्टी ने शिक्षा को प्राथमिकता दी है। आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में ज्यादा कार्य किया है। हमारा मानना है कि शिक्षा देश और दुनिया को बदल सकती है। डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि आम आदमी पार्टी निगम की सत्ता में आने के बाद सड़कों के रखरखाव, प्राथमिक शिक्षा, स्वास्थ्य और पार्कों के सौंदर्यीकरण पर काम कर रही हैं। वह स्वयं एक शिक्षक रही हैं एवं उनका शिक्षकों से भावुक नाता है। अध्यापकों की ग्रूमिंग आवश्यक है। इस कार्य के लिए हमने शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए आईआईएम अहमदाबाद एवं कोझिकोड जैसे उत्कृष्ट संस्थानों में भेजा है। आज के बच्चे कल देश को आगे लेकर जाएंगे। बच्चों को आगे बढ़ता देखकर



■ **मेयर ने विज्ञान मेले में शिक्षकों को किया सम्मानित**

**हमने शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए आईआईएम अहमदाबाद एवं कोझिकोड जैसे उत्कृष्ट संस्थानों में भेजा है : डॉ.शैली ओबरॉय**

शिक्षक को सबसे अधिक खुशी होती है। आप पार्टी की मंशा है कि हमारे बच्चे इतना अचीव करें कि वो देश और समाज की सूरत और दिशा बदल दें। उन्होंने कहा कि हम सभी हितधारकों को मिलकर कार्य करना होगा और निगम स्कूलों को आगे लेकर जाना है। निगम में संसाधनों की कमी है लेकिन आने वाले दो-तीन सालों में बदलाव देखने को मिलेगा। हमने विद्यालयों में गार्ड, सफाई कर्मचारी, डाटा एंट्री ऑपरेटर की नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव को सदन से मंजूरी दे दी है। जैसे ही स्थायी समिति का निर्माण होगा, वहां से मंजूरी दिलाकर इन सभी प्रस्तावों को लागू कर दिया जाएगा। हमारा मानना है कि शिक्षकों का काफी समय प्रशासनिक कार्यों में लग जाता है। हम शिक्षकों को सिर्फ शैक्षिक कार्यों में लगाने के पक्षधर हैं। हम चाहते हैं कि शिक्षक सिर्फ पढ़ाएं। हमारा ध्येय है कि हम निगम स्कूलों को नई ऊंचाई पर लेकर जाएं।

**वैज्ञानिक विषयों पर मॉडल एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए**

प्रदर्शनी में सिविल लाइंस जोन के स्कूलों ने विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर मॉडल और छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने अपने वैज्ञानिक ज्ञान और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने के लिए शिक्षकों और छात्रों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर स्थानीय विधायक अजेश यादव, स्थानीय पार्षद टिम्सी शर्मा, अजीत यादव, जोगिंदर सिंह, गगन चौधरी एवं शिक्षा विभाग के अधिकारीगण, शिक्षक, छात्र एवं अभिभावक भी मौजूद रहे।

## मेयर ने तिमारपुर विस के वार्ड 11 का किया निरीक्षण

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने आज दिल्ली की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए चलाए जा रहे मैराथन निरीक्षण अभियान के दौरान तिमारपुर विधानसभा के वार्ड 11 के वजीराबाद इलाके का निरीक्षण किया। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने वार्ड में फैली गंदगी पर गहरी नाराजगी जाहिर की। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि एक्शन प्लान बना कर एक हफ्ते के अंदर पूरे वार्ड की सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाए। नालियों से गाद निकालकर उनके ऊपर स्लैब डाली जाएं। जिन खाली पड़े प्लाटों में कूड़ा है, उनका चालान किया जाए। सभी खाली प्लाटों को दस-दस फीट टीन से ढका जाए एवं उनके बाहर बोर्ड लगा जाए कि यह निगम की संपत्ति है। निगम बजट के चलते मैराथन निरीक्षण को थोड़ा विश्राम दिया गया था लेकिन अब यह प्रक्रिया सुचारू रूप से चलेगी एवं मार्च तक सभी वार्डों का निरीक्षण किया जाएगा।

## एनडीएमसी ने म्यूजिक इन द पार्क का आयोजन किया

**नई दिल्ली,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। वसंत ऋतु के स्वागत और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ट्यूलिप के नए खिलने के लिए, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद एनडीएमसी ने स्पिक मैके के सहयोग से आज नेहरू पार्क, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में म्यूजिक इन द पार्क श्रृंखला 2024 का पहला संगीत कार्यक्रम आयोजित किया। केंद्रीय संस्कृति और विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी भी दर्शकों में शामिल थीं और उन्होंने युवाओं और आम जनता के बीच हमारी पारंपरिक कला और संस्कृति के संरक्षण के लिए इस तरह के शास्त्रीय संगीत समारोह के आयोजन के लिए एनडीएमसी, स्पिक मैके और एसआरएफ फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सभागार के बाहर और सभी के लिए नि:शुल्क ऐसे कार्यक्रम से जुड़े सभी लोगों को धन्यवाद दिया। पंडित नित्यानंद हल्दीपुर के हिंदुस्तानी बांसुरी वादन और तबले पर मिथिलेश कुमार झा के अद्भुत प्रदर्शन से दिल्ली एनसीआर क्षेत्र के हजारों दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। उनके बाद सितार पर उस्ताद शाहिद परवेज़ ने तबले पर अकरम खान के साथ म्यूजिक इन द पार्क में मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुति दी। ट्यूलिप वॉक का आनन्द लेने आये हजारों पुष्प प्रेमियों ने भी संगीत समारोह को सुना और कलाकारों की संगीत धुनों पर झूम उठे।

# भरोसा बरकरार, फिर मोदी सरकार : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर 17वीं लोकसभा के अंतिम दिन संसद भवन में अनोखे अंदाज में नजर आए। ठाकुर ने भगवा रंग की विशेष हूडी पहन रखी थी जिस पर नमो हैट्रिक लिखा हुआ था। इस दौरान मीडियाकर्मियों से वार्तालाप में अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि नमो हैट्रिक का मतलब तीसरी बार मोदी सरकार है और इस बार हम 400 पार जाएंगे। आगामी लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जीत की तीसरी हैट्रिक लगाएंगे और भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे। नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में देश के वंचितों को और वरीयता मिलेगी और देश और तेजी से विकास करेगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश में इकलौती ऐसी पार्टी है जो अपने वादों को पूरा करती है। हमने जो कहा वह किया है। हमने बहुआयामी विकास के साथ-साथ धारा 370 और 35 ए को हमेशा के लिए खत्म किया, देश की मुस्लिम माता बहनों को ट्रिपल तलाक से निजात दिलाई। आज अयोध्या धाम में रामलला अपने दिव्य स्वरुप में विराजमान हैं।



संसद भवन में अनोखे अंदाज में नजर आए ठाकुर

भगवा हुडी व संसद में राम मंदिर के ऊपर चर्चा के सवाल के जवाब में अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश के दिल में और दिमाग में आज भगवा है। देश का मूड भगवा है। विपक्ष पहले हम पर आरोप लगाता था कि भाजपा वाले मंदिर तो बनाएंगे पर तारीख नहीं बताएंगे। लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई, राम मंदिर भी बना, तारीख भी बताई गई और प्राण प्रतिष्ठा भी हो चुकी है।

हम आगामी चुनाव में हम गरीबों के कल्याण और देश के विकास को लेकर जनता के बीच जाएंगे। हम जनता से मोदी सरकार की उपलब्धियां पर वोट मांगेंगे। प्रभु श्री राम का आशीर्वाद हम पर पहले भी था और सदा बना रहेगा।

## सार संक्षेप

### भारत में कैंसर के इलाज में देखभाल के अंतर को कम करने के लिए ऑन्कोलॉजी सेवाओं का विस्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली में शनिवार को दो दिवसीय आईओ कोन 2024 एडवांसेज इन कैंसर केयर वैज्ञानिक सम्मेलन के दौरान डॉक्टरों ने कहा कि भारत में फेफड़ों के कैंसर के कम से कम 50 प्रतिशत मामले गैर-धूम्रपान करने वालों में होते हैं। ऑन्कोलॉजिस्टों ने इस बात पर जोर दिया कि भारत में फेफड़ों के कैंसर के 50 प्रतिशत मामले जीवनशैली कारकों के अलावा हवा की गुणवत्ता में गिरावट के कारण होते हैं। चिंता की बात यह है कि कुछ परिस्थितियों में, रोगी ने कभी धूम्रपान नहीं किया है और डॉक्टरों के पास अधिक उन्नत अवस्था में पहुंचता है। चूंकि तम्बाकू धूम्रपान भारत में बहुत व्यापक है, इसलिए वहाँ पुरुषों में सिर और गर्दन का कैंसर काफी आम है, जो सभी कैंसर के 30 प्रतिशत मामलों के लिए जिम्मेदार है। दूसरी ओर, स्तन कैंसर महिलाओं में सबसे आम है, भारत में हर आठवीं महिला स्तन कैंसर से पीड़ित है। आईओसीआई के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के निदेशक डॉ. शुभम गर्ग ने कहा कि भारत में हर साल निदान किए जाने वाले लगभग 14 लाख नए कैंसर मामलों में से 60 प्रतिशत से अधिक का निदान उन्नत चरणों में होता है, जो जागरुकता और निदान को बढ़ाने की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

### राजधानी में अब होटल के कमरे में मिली दो लाशें

**नई दिल्ली।** नांगलोई इलाके में स्थित द विंटेज रेजीडेंसी होटल में दो युवकों की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मृतकों की पहचान गांव पानीपत हरियाणा निवासी जितेश घनघस और छज्जू राम कॉलोनी, कमरुद्दीन नगर निवासी सचिन के रूप में हुई है। कमरे में दोनों अचेत अवस्था में मिले थे। कमरे में काफी मात्रा में सुई और दवाओं के कुछ खाली बोतलें मिली हैं। शुरुआती जांच के बाद पुलिस ने आशंका जताई है कि नशीले पदार्थ के ओवरडोज होने से दोनों की मौत हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार दोपहर 2.27 बजे पुलिस को नांगलोई स्थित द विंटेज रेजीडेंसी होटल से सूचना मिली कि कमरे में मौजूद दो लोग दरवाजा नहीं खोल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस तीसरी मंजिल पर स्थित कमरा नंबर 304 में पहुंची। वहां पर होटल मालिक विवेक भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि कमरा अंदर दो लोग हैं, जो कमरा नहीं खोल रहे हैं। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर कमरे के अंदर गई। युवक बिस्तर पर जबकि दूसरा फर्श पर अचेत पड़ा हुआ था। जांच करने पर पता चला कि दोनों की मौत हो चुकी है।

### झपटमारी कर स्कूटी से भाग रहे बदमाश को दबोचा

**नई दिल्ली।** आदर्श नगर इलाके में 15 साल की छात्रा ने बहादुरी दिखाते हुए झपटमारी कर स्कूटी से भाग रहे एक बदमाश को लोगों की मदद से दबोच लिया। पीड़िता की पहचान दीक्षा के रूप में हुई है। बाद में पकड़े गए बदमाश को पुलिस के हवाले कर दिया। उसका दूसरा साथी स्कूटी से कूदकर छात्रा का मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार बदमाश की तलाश कर रही है। दीक्षा परिवार के साथ मजलिस पार्क इलाके में रहती है।

गत शुक्रवार दोपहर एक बजे वह मजलिस पार्क की गली नंबर-9 से ट्यूशन पढ़ने के बाद घर जा रही थी।

# रामदास आठवले ने भाजपा अध्यक्ष से मुलाकात कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की

### चार मार्च को लखनऊ में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया की होगी विशाल रैली

**नई दिल्ली,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सामाजिक न्याय व अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से संसद में भेंट कर आगामी लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र के शिरडी सहित 2 लोकसभा सीटों पर पार्टी को भागीदारी दिए जाने के विषय में चर्चा की। भाजपा अध्यक्ष से मुलाकात में आरपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास आठवले ने रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया को उत्तर प्रदेश में एनडीए गठबंधन के सहयोगी के तौर पर संभल एवं नगीना सीटों पर आरपीआई प्रत्याशियों को लोकसभा चुनाव में अवसर दिए जाने का प्रस्ताव रखा। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आठवले के प्रस्ताव पर सकारात्मक संदेश देते हुए शीघ्र निर्णय लेने की बात कही। आरपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष आठवले ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात कर महाराष्ट्र की राजनैतिक परिस्थितियों पर चर्चा करते हुए गृहमंत्री से कहा कि आरपीआई कार्यकर्ताओं का आग्रह है कि मुझे शिरडी (महाराष्ट्र) लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना चाहिए। आरपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास आठवले ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र के शिरडी सहित अन्य सीटों पर आरपीआई प्रत्याशियों को सीट देने के विषय में एनडीए को विचार करना चाहिए। आठवले ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा को बताया कि रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया 4 मार्च को लखनऊ में एक विशाल रैली का आयोजन कर रहा है जिसमें जेपी नड्डा को मुख्य अतिथि के रूप में आने का आग्रह किया ।4 मार्च को लखनऊ में प्रायोजित रैली द्वारा आरपीआई उत्तर प्रदेश में अपनी ताकत का प्रदर्शन करेगी।





■ नई दिल्ली में कॉन्स्टिट्यूशन क्लब, रफी मार्ग के बाहर बस की चपेट में आने से साइकिल सवार की मौत के बाद मौके पर उपस्थित दिल्ली पुलिस के जवान। फोटो इम्तियाज खान

# किसानों को हक भी दिलाए केंद्र सरकार : सुनील सिंह

### चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न पर बोले सिंह

**नई दिल्ली,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने का ऐलान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर इसका ऐलान किया। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष लोक दल चौधरी सुनील सिंह ने कहा कि चौधरी चरण सिंह भारत रत्न के हकदार थे उनको भारत रत्न मिलना स्वागत योग्य है।



उन्होंने कहा कि दिल्ली में चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की मांग उनके जन्म दिन पर चौधरी सुनील सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष लोक दल के नेतृत्व में किसान घाट दिल्ली में की गई थी आज वह मांग पूरी कर दी गई है। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की अपनी मांगों को लेकर हजारों को संख्या में किसान किसान घाट पहुंचे थे।

उन्होंने बताया कि जयंती से पहले ही लोकदल की तरफ से चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने के लिए प्रधानमंत्री को पत्र भी भेजा गया था। चौधरी चरण सिंह ने किसानों के हित में बड़े काम किए हैं।

# राजधानी दिल्ली में मनाया गया सोल्लाल

**नई दिल्ली,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। कोरियाई सांस्कृतिक केंद्र भारत ने नई दिल्ली में सोल्लाल (चंद्र नया साल) मनाया। सोल्लाल दक्षिण कोरिया में सबसे महत्वपूर्ण पारंपरिक त्योहारों में से एक है। यह विशेष अवकाश कोरियाई चंद्र कैलेंडर के पहले दिन को नए साल की आशा और शुभकामना के साथ मनाया जाता है। इस समारोह का मुख्य आकर्षण कोरियाई चंद्र नव वर्ष पर आधारित पेंटिंग्स का प्रदर्शन था, जिसे भारतीय छात्रों ने बनाया था। यह पेंटिंग्स 12 फरवरी तक केंद्र में प्रदर्शित रहेंगी। इस अवसर को पारंपरिक खेल खेलकर, कोरियाई लोगों के पारंपरिक कपड़े हनबोक पहनकर और चावल केक सूप-तोगगुक खाकर मनाते है। तोगगुक एक विशेष त्योहारी व्यंजन है जो सोल्लाल पर तैयार किया जाता है, क्योंकि ऐसा माना जाता है कि चंद्र वर्ष के पहले दिन एक



दक्षिण कोरिया का सबसे महत्वपूर्ण त्योहार

कटोरी तोगगुक खाने के बाद ही कोई व्यक्ति एक वर्ष बड़ा हो जाता है। भारत और कोरिया गणराज्य के लोगों के बीच इस तरह के सांस्कृतिक आदान-प्रदान के महत्व पर बोलते हुए, कोरियाई सांस्कृतिक केंद्र भारत के निदेशक ह्वांग इल योंग ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि यह अवसर छात्रों को एक-दूसरे के चंद्र नव के बारे में बात करने की अनुमति देगा। वर्ष के रीति-रिवाज और कोरियाई संस्कृति को अधिक करीब से महसूस कर सकेंगे। छात्रा मानसी त्यागी ने सोल्लाल मनाते हुए कहा कि मुझे दोस्तों के साथ कोरियाई संस्कृति में शामिल होने का एक अच्छा अवसर मिला है। मैं बहुत उत्साहित थी, हनबोक पहनना, तोगगुक खाना और कोरियाई पारंपरिक खेल खेलना बहुत ही अच्छा लगा, कोरिया में यह त्यौहार ऐसे ही मनाते है।

**समारोह में 110 भारतीय छात्र व अधिकारी हुए शामिल**

कार्यक्रम के दौरान कोरिया में होने वाले पारंपरिक कार्यक्रमों को दर्शाया गया, जैसे परिवार में बुजुर्गों का अभिवादन करना और उन्हें नए साल की शुभकामनाएं देना। समारोह में 110 भारतीय छात्र और अधिकारी शामिल हुए। परंपरा में पूर्वजों की कब्रों पर जाना और उन्हें सम्मान देना भी शामिल है।

**सम्मान** *फ्यूचर साइबर क्राइम समिट का हुआ आयोजन*

# यूपी एसटीएफ फ्यूचर क्राइम अवार्ड से सम्मानित

**नई दिल्ली, 10 फरवरी (देशबन्धु)। साइबर क्राइम की रोकथाम व साइबर कानून प्रवर्तन में बेहतरीन काम करने के लिए प्रतिष्ठित फ्यूचर क्राइम अवार्ड यूपी एसटीएफ को दिया गया है। यह पुरस्कार फ्यूचर क्राइम रिसर्च फाउंडेशन व आईआईटी कानपुर के एआईआईडीई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सीओई की तरफ से आयोजित फ्यूचर क्राइम समिट में दिया गया। इसके अलावा उड़ीसा पुलिस से लेकर देश के कई पुलिस अधिकारियों को भी फ्यूचर क्राइम अवार्ड से सम्मानित किया गया।**

द फ्यूचर क्राइम रिसर्च फाउंडेशन एफसीआरएफ और आईआईटी कानपुर के एआईआईडीई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सीओई की तरफ से नई दिल्ली में 8 व 9 फरवरी को फ्यूचर साइबर क्राइम समिट 2024 का आयोजन किया गया। इसमें दो दिनों तक देश के बड़े पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी समेत अलग अलग हिस्सों से आए साइबर एक्सपर्ट ने हिस्सा लिया। इस समिट में साइबर सुरक्षा, डिजिटल फोरेंसिक व वित्तीय अपराध की रोकथाम के लिए देश के अग्रणी विशेषज्ञों को मंच प्रदान किया गया और एक साथ




■ साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए यूपी एसटीएफ को अवार्ड से नवाजा गया

■ साइबर खतरों से उत्पन्न चुनौतियों के समाधान को लेकर किया गया विमर्श

एक स्वर में आने वाले साइबर खतरों से उत्पन्न चुनौतियों के समाधान को लेकर विमर्श किया गया। साइबर क्राइम समिट का मुख्य आकर्षण फ्यूचर क्राइम अवार्ड्स की प्रस्तुति थी। साइबर अपराध, फॉरेंसिक जांच, पुलिसिंग और जागरूकता आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए कई अधिकारियों, साइबर एक्सपर्ट से लेकर पुलिस विंग को सम्मानित किया गया। आरपीएफ के पूर्व डीजीपी अरुण कुमार ने भव्य समारोह में सभी को सम्मानित किया। संगठित अपराध, तकनीकी धोखाधड़ी और घोटालों से निपटने के लिए साइबर कानून प्रवर्तन में उत्कृष्टता का पुरस्कार यूपी एसटीएफ को प्रदान किया गया।

एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मिश्रा ने विभाग की ओर से पुरस्कार स्वीकार किया। प्रभावी पुलिसिंग और अपराध नियंत्रण के लिए तकनीक का इस्तेमाल करने में एसटीएफ उत्तर प्रदेश सबसे आगे रहा है।

# लाडो सराय गांव में किया गया पंचायत का आयोजन

### ग्रामीणों ने रोकी संजय वन पर चारदीवारी

**नई दिल्ली,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। लाडो सराय गांव में शनिवार को एक पंचायत का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पालम 360 के प्रधान चौधरी सुरेन्द्र सोलंकी ने की। पंचायत में निर्णय लिया गया है कि गांव के सामने संजय वन गेट नंबर नंबर 4 पर बन रही दीवार के कार्य को बंद कराया जाए, क्योंकि गांव में घूमने की कोई जगह नहीं है और एक मात्र यही जगह जहां पर गांव वाले घूमने जाते हैं। पंचायत के बाद चौ. सुरेन्द्र सोलंकी प्रधान पालम 360 के नेतृत्व में मौके पर पहुंच कर गेट नंबर 4 पर ग्रामीणों ने काम को रुकवा दिया। ये मंशा प्रशासन की ठीक नहीं है, सिर्फ गांव वालों को संजय वन जाने से रोकना दुर्भाग्यपूर्ण है। ग्रामीणों का दिल्ली के विकास में अहम योगदान दिया है। आज मूलभूत सुविधा के लिए तरस रहे हैं ये दीवार हम किसी कीमत पर नहीं होने देंगे। चौ.सोलंकी ने बताया की आने वाले



दिनों में पालम 360 का प्रतिनिधिमंडल एलजी और डीडीए के उपाध्यक्ष से मिलकर अपनी मांग रखेगा। पंचायत में मौजूद रहने वालों में चौ. नरेश प्रधान लाडो सराय 96, चौ. रामकिशन, अनीता पूर्व निगम पार्षद, शीला चाची, प्रवेश पूर्व निगम प्रतायसी, सहित हजारों की संख्या में महिला भी शामिल थी।

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 11 फरवरी , 2024

वर्ष – 16 | अंक –307 | पृष्ठ – 10

मूल्य –3.00 रु.

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

शिक्षा को आगे बढ़ाना प्राथमिकता : शैली पृष्ठ 02

■ ग्रेनोवेस्ट मेट्रो डीपीआर को नोएडा प्राधिकरण ने...
■ गांव चलो बूथ चलो अभियान में महापौर पहुंची ... 04

■ हिंसा में उपद्रवियों ने नगर निगम को पहुंचाया सबसे ज्यादा नुकसान
■ हल्द्वानी हिंसा को बताया प्रशासन का फेलियर 07

साहित्य

पर्दे के राम और अयोध्या पृष्ठ 06

कैंसर चिकित्सा से दिल के मरीजों में 'स्लीप एपनिया' होना आम बात पृष्ठ 10

## सार संक्षेप

### किसानों को रोकने के लिए हरियाणा में बढ़ाई गई सुरक्षा



**चंडीगढ़।** पंजाब के प्रदर्शनकारी किसानों को राज्य में प्रवेश करने तथा 13 फरवरी को एक और विरोध-प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय राजधानी की ओर जाने से रोकने के लिए पंजाब-हरियाणा सीमा क्षेत्रों पर शनिवार को सुरक्षा बढ़ा दी गई। किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी तथा अन्य माँगों को लेकर प्रदर्शन की तैयारी में हैं। कई किसान संघों, जिनमें ज्यादातर उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब से हैं, ने विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है।

### विश्व पुस्तक मेले का हुआ आरंभ 18 फरवरी तक चलेगा



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली स्थित प्रगति मैदान में आज से विश्व पुस्तक मेला की शुरुआत हो गई है। यह पुस्तक मेला 10 फरवरी से 18 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। इसके चलते आज से अगले 9 दिनों तक प्रगति मैदान के पास यातायात प्रभावित होने की संभावना है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक मेले में हर दिन 25 से 30 हजार दर्शक पहुंचेंगे।

### ध्रुपदाचार्य पंडित लक्ष्मण भट्ट तैलंग का निधन



**जयपुर।** सरकार द्वारा 26 जनवरी की पूर्व संध्या पर घोषित पद्मश्री पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में शामिल ध्रुपदाचार्य पंडित लक्ष्मण भट्ट तैलंग का शनिवार सुबह 9 बजे निधन हो गया। पंडित तैलंग ने 93 वर्ष की उम्र में राजस्थान के जयपुर के दुर्लभजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। पिछले कुछ दिनों से उनका निमोनिया और अन्य बीमारियों का इलाज चल रहा था। पंडित तैलंग का पूरा जीवन गायन में बीता।

### आन्ध्र में सड़क दुर्घटना में सात लोगों की मौत




**नेल्लोर।** आन्ध्र प्रदेश में नेल्लोर जिले के मुसुनुरु गांव में शनिवार तड़के तीन वाहन आपस में टकराने से सात लोगों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हादसा तब हुआ जब एक बस चेन्नई से हैदराबाद जा रही थी। तभी मुसुनुरु टोल प्लाजा पर एक ट्रक ने दूसरे ट्रक को टक्कर मार दी। उसी दौरान, तेज रफ्तार से आ रही एक निजी ट्रैवल्स बस ने ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी।

### बीएसएफ ने गुरदासपुर में पाक ड्रोन को गिराया

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल ने गुरदासपुर सीमा पर एक पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया। ड्यूटी पर तैनात सतर्क बीएसएफ जवानों ने गुरदासपुर जिले के गांव रॉसी के पास सीमा पर एक संदिग्ध ड्रोन की गतिविधि को रोका। सैनिकों ने उसे सफलतापूर्वक मार गिराया।

# जयंत चौधरी के बोलने पर भड़के खड़गे

■ खड़गे ने पूछा, किस नियम से जंयत को बोलने दिया ■ सभापति पर मनमाने तरीके से सदन चलाने के आरोप लगाए

**नई दिल्ली,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने का उल्लेख करने पर राज्यसभा में शनिवार को भारी शोरगुल हुआ। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सुबह सदन में आवश्यक कागजात सदन के पटल पर रखवाने के बाद राष्ट्रीय लोकदल के जयंत चौधरी का नाम पुकारा। श्री चौधरी ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने का उल्लेख करते हुए कहा कि चौधरी साहब को भारत रत्न देने से गांव-गांव में दिवाली मनाई जा रही है और देश भर के किसानों में खुशी की लहर है। इस पर कांग्रेस के सदस्यों ने उन पर टिप्पणियां करनी आरंभ कर दी। कांग्रेस के जय राम रमेश ने श्री जयंत चौधरी पर एक टिप्पणी की। इससे सदन में शोरगुल होने लगा। सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि श्री जयंत चौधरी को किस नियम के तहत बोलने की अनुमति दी जा रही है। उन्होंने सभापति पर मनमानी तरीके से सदन चलाने के आप भी लगाए। इससे सभापति और श्री खड़गे के बीच बहस हुई। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जिन शख्सियतों को भारत रत्न से सम्मानित किया गया उन पर कोई वाद-विवाद नहीं है। उन्होंने कहा, 'मैं सभी को सलाम करता हूं, लेकिन यदि कोई सदस्य मुद्दा उठाना चाहता है तो आप पूछते हैं 'किस नियम के तहत'। मैं जानना चाहता हूं किस नियम के तहत उन्हें बोलने की अनुमति दी गई है।' उन्होंने कहा, 'हमें भी अनुमति दीजिए. एक तरफ आप नियमों की बात करते हैं। आपके पास विशेषाधिकार है। उसका इस्तेमाल विवेकपूर्ण तरीके से किया जाना चाहिए, न कि जब आप चाहें तब।' कांग्रेस अध्यक्ष ने सभापति पर नियमों का पालन नहीं करने का भी आरोप लगाया। धनखड़ ने मल्लिकार्जुन खड़गे की ओर से उठाई गई आपत्तियों पर नाखुशी जताई।



जिन शख्सियतों को भारत रत्न से सम्मानित किया गया उन पर कोई वाद-विवाद नहीं है। 'मैं सभी को सलाम करता हूं, लेकिन यदि कोई सदस्य मुद्दा उठाना चाहता है तो आप पूछते हैं 'किस नियम के तहत'। मैं जानना चाहता हूं किस नियम के तहत उन्हें बोलने की अनुमति दी गई है:
**मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष, राज्यसभा**



### गठबंधन के ऐलान से पहले ही भाजपा के साथ बैठे जयंत

भाजपा के साथ एनडीए में शामिल होने से पहले रालोद के सुर बदलने लग गए है। जयंत गठबंधन के ऐलान से पहले ही भाजपा के साथ बैठे। उन्होंने बजट सत्र के आखिरी दिन केंद्र सरकार को धन्यवाद देते हुए भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खुलकर तारीफ की। इस दौरान सपा और कांग्रेस सांसद उन्हें देखते रह गए।

## काली सच्चाईयों को छिपाने वाला पत्र श्वेत पत्र: कांग्रेस

### बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की बदहाल स्थिति से भटकाया जा रहा ध्यान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को राज्यसभा में मोदी सरकार के श्वेत पत्र को काली सच्चाईयों को छिपाने वाला पत्र करार देते हुए आज कहा कि इसके जरिए लोगों का ध्यान बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की बदहाल स्थिति से भटकाया जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस ने भी श्वेत पत्र को खारिज करते हुए इसके विरोध में सदन से बहिर्गमन किया। कांग्रेस के के सी वेणुगोपाल ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार (संप्रग) के समय की आर्थिक स्थिति पर लाए गए श्वेत पत्र पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि यह श्वेत पत्र नहीं बल्कि मोदी सरकार की आर्थिक नाकामियों को छिपाने का पत्र है। उन्होंने कहा कि यह हैरानी की बात है कि मोदी सरकार ने जब सत्ता संभाली तो सकल घरेलू उत्पाद दर सबसे अधिक थी लेकिन सरकार कह रही है कि उसे विरासत में खस्ता अर्थव्यवस्था मिली थी। उन्होंने कहा कि यह श्वेत पत्र केवल संप्रग की आलोचना के लिए लाया गया है।

लोकसभा में बोले बोले मोदी

## 5 साल रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के रहे

**नई दिल्ली,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। संसद के बजट सत्र के आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 17वीं लोकसभा में कई बड़े फैसले हुए। यह पांच साल देश में रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के थे। उन्होंने सदन के सभी सदस्यों का अभिवादन किया। पीएम मोदी ने कहा कि 17वीं लोकसभा में 5 वर्ष देश सेवा में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय किए गए और अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए भी सबने अपने सामर्थ्य से देश को उचित दिशा देने का प्रयास किया। पीएम मोदी ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला की तारीफ करते हुए कहा, हर पल आपका चेहरा हमेशा मुस्कान से भरा रहता है, चाहे कुछ भी हो जाए उस मुस्कान में कमी नहीं आई। उन्होंने कहा, संसद का नया भवन हो इसकी चर्चा सदन में होती थी, लेकिन इस पर निर्णय नहीं होता था। सभापति महोदय आपके नेतृत्व में इस पर विचार और निर्णय हुआ। इसके बाद अब देश को नया संसद भवन मिला है। पीएम मोदी ने कहा, मैं माननीय सांसदों का भी इस बात के लिए आभार व्यक्त करता हूं कि संकट काल में देश की आवश्यकताओं को देखते हुए सांसद निधि छोड़ने का प्रस्ताव जब मैंने माननीय सांसदों के सामने रखा, तो एक पल के विलंब के बिना सभी सांसदों ने इस प्रस्ताव को मान लिया।



17वीं लोकसभा में देश सेवा के अनेक महत्वपूर्ण निर्णय किए गए

#### अगले 25 साल में हमें भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज मैं देख रहा हूं, बच्चों के मुंह से निकल रहा है कि अगले 25 साल में हमें भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा, 25 साल मेरे देश के युवाओं के लिए महत्वपूर्ण काल है। मुझे विश्वास है कि हम में से कोई नहीं होगा जो 25 साल में देश का विकास न कर सके। यह लोगों का संकल्प बन रहा है। इन पांच वर्ष में युवाओं के लिए बहुत कानून भी बने हैं।

केंद्रीय न्यासी बोर्ड ने की 8.25 की सिफारिश

## ईपीएफओ ने ब्याज दर बढ़ाई

**नई दिल्ली,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के केंद्रीय न्यासी बोर्ड ने 2023-24 के लिए भविष्य निधि जमा पर 8.25 प्रतिशत की ब्याज दर की सिफारिश की है। फिलहाल ब्याज दर 8.15 फीसदी है। श्रममंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा, यह कदम भारत के कार्यबल के लिए सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने की पीएम मोदी की गारंटी को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। यहां आयोजित बोर्ड बैठक के बाद जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, वित्त मंत्रालय की मंजूरी के बाद इस ब्याज दर को आधिकारिक तौर पर सरकारी राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा, इसके बाद ईपीएफओ अपने ग्राहकों के खातों में स्वीकृत ब्याज दर को जमा करेगा। आधिकारिक बयान में कहा गया है, बोर्ड ने ईपीएफ सदस्यों के खातों में लगभग 1,07,000 करोड़ रुपए की कुल मूल राशि पर 1,07,000 करोड़ रुपए की ऐतिहासिक आय राशि के वितरण की सिफारिश की है, जो वित्त वर्ष 2022-23 में क्रमशः 91,151.66 करोड़ रुपए और 11.02 लाख करोड़ रुपए था, जो 13 लाख करोड़ रुपये था। वितरण के लिए अनुशंसित कुल आय रिकॉर्ड पर सबसे अधिक है। इसमें कहा गया है कि पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में आय में 17.39 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जबकि मूल राशि में 17.97 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह सदस्यों के लिए स्वस्थ वित्तीय प्रदर्शन और संभावित रूप से मजबूत रिटर्न का सुझाव देता है। बयान में कहा गया है, ईपीएफओ के पास वर्षों से विवेक के साथ अपने सदस्यों को उच्च आय वितरित करने का एक मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड है। ईपीएफओ द्वारा दी जाने वाली ब्याज दर ग्राहकों के लिए उपलब्ध अन्य तुलनीय निवेश विकल्पों की तुलना में अधिक होती है। यह ईपीएफओ के निवेश की क्रेडिट प्रोफाइल के साथ-साथ अपने सदस्यों को आकर्षक रिटर्न प्रदान करने की क्षमता में विश्वास को दर्शाता है। ईपीएफ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड की 235वीं बैठक हुई।




फिलहाल ब्याज दर है 8.15 फीसदी

फ्लोर टेस्ट से पहले बिहार में बढ़ी हलचल

## तेजस्वी के घर पर रुकेंगे राजद विधायक

**पटना,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। बिहार में नई सरकार के गठन ने बाद 12 फरवरी को फ्लोर टेस्ट होना है। इससे पहले 11 फरवरी को जनता दल यूनाइटेड (जूडीय) ने विधानमंडल दल की बैठक बुलाई है। इसमें जेडीयू के विधायकों को अनिवार्य रूप से शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं। इसी बीच आरजेडी ने अपने विधायकों को बैठक के लिए बुलाकर तेजस्वी यादव के आवास पर रोका है। 3 घंटे तक आरजेडी की बैठक चली। इसके बाद विधायकों को तेजस्वी के पांच देश रत्न मार्ग स्थित आवास पर रोका गया। विधायक के लगेज को आवास में भेजा जा रहा है। उधर, फ्लोर टेस्ट से पहले बिहार कांग्रेस के विधायक हैदराबाद पहुंच चुके हैं।

#### कांग्रेस विधायकों को भेजा गया हैदराबाद

विधायकों के टूटने की आशंका के चलते उन्हें हैदराबाद भेजा गया है। बीते दिनों दिल्ली में प्रदेश के कांग्रेस विधायकों की एक बैठक भी हुई थी। इसमें 19 में से 17 विधायक शामिल हुए थे। इसके बाद बिहार कांग्रेस के 16 विधायक हैदराबाद पहुंचे थे।



बिहार में कल होगा नई सरकार का फ्लोर टेस्ट

#### जेडीयू ने विधायकों के लिए रखा लंच

वहीं, जेडीयू ने आज अपने विधायकों को मंत्री श्रवण कुमार के आवास पर लंच के लिए बुलाया हैं। जेडीयू अपने विधायकों पर नजर बनाए रखना चाहती है। दूसरी तरफ लालू प्रसाद यादव की पार्टी आरजेडी के विधायकों की आज 3 बजे तेजस्वी यादव के आवास पर मीटिंग हुई। आरजेडी ने अपने विधायकों को 12 फरवरी के दिन सदन में मौजूद रहने का व्हिप जारी किया है। इधर नीतीश कुमार के इधर-उधर होते रहने से उनकी पार्टी जेडीयू की साख को जबरदस्त धक्का लगा। जेडीयू विधानसभा में 43 सीटों पर सिमट गई। इसके बावजूद बीजेपी ने गठबंधन धर्म का पालन करते हुए अपना वादा पूरा किया। नीतीश को सीएम बना दिया। फिर भी वे भाजपा के साथ टिक नहीं पाए थे। साल 2022 में उन्होंने आरजेडी से हाथ मिला लिया था।

#### यह है विधायकों का आंकड़ा

विधायकों की संख्या देखें तो बिहार में विधानसभा के सदस्यों की संख्या 243 है। आरजेडी सबसे बड़ी पार्टी है जिसके 79 विधायक हैं जो अभी विपक्ष में है। कांग्रेस के पास 19 और लेफ्ट के 16 विधायक हैं तो विपक्षी विधायकों की कुल संख्या 114 है जबकि सत्ता पक्ष में बीजेपी के पास 78, जेडीयू के पास 45, एचएएम के पांच विधायक और एक निर्दलीय विधायक हैं।

## हल्द्वानी से प्रशासन ने हटाया कर्फ्यू

**हल्द्वानी,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। हिंसा की आग में झुलसे हल्द्वानी के शांत होने पर शनिवार को कर्फ्यू हटा दिया है। इस पूरे घटनाक्रम के मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दे दिए गए हैं। उत्तराखंड के नैनीताल जिले का हल्द्वानी शहर गुरुवार 8 फरवरी को उपद्रवियों की हिंसा की आग हिंसा के तांडव में 300 के करीब लोग घायल हो गए थे। 5 लोगों की जान चली गई। करीब 100 वाहनों जिनमें पुलिस के वाहन भी शामिल थे। जिनमें उपद्रवियों ने आग लगा दी। उत्तराखंड के एडीजी लॉ एंड ऑर्डर एपी अंशुमान का कहा कि हल्द्वानी में स्थिति सामान्य है। बनभूलपुरा में कर्फ्यू जारी है। 3 एफआईआर दर्ज की गई हैं और पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। पांच लोगों की मौत हो गई है। तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। कई पुलिस अधिकारी घायल हो गए हैं। हल्द्वानी शहर के बनभूलपुरा इलाके में ही सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करके मस्जिद और मदरसा बनाया गया था। कई नोटिस के बाद भी जब ये अवैध निर्माण नहीं हटाए गए तो नगर निगम प्रशासन के साथ 8 फरवरी को इसे हटाने गया था।



- बनभूलपुरा में रहेगा जारी कर्फ्यू
- मजिस्ट्रियल जांच के दिए आदेश
- हिंसा में 5 लोगों की चली गई जान

#### हल्द्वानी हिंसा का मास्टरमाइंड बेटे सहित गिरफ्तार

हल्द्वानी में आठ फरवरी गुरुवार को भड़की के बाद अब शहर में हालात पहले की तरह सामान्य होने लगे हैं। हालांकि बनभूलपुरा थाना क्षेत्र और उसके आसपास के इलाकों में अभी भी कर्फ्यू लगा हुआ है। वहीं अब पुलिस ने उपद्रवियों पर भी कार्रवाई करनी शुरू कर दी है, जिसकी जानकारी खुद नैनीताल एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने दी। हल्द्वानी हिंसा का सूत्रधार यानी मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक और उसका बेटे को माना जा रहा है। जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, सपा नेता मतीन सिद्दीकी के भाई जावेद सिद्दीकी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

गृह मंत्री अमित शाह ने किया ऐलान

## लोकसभा चुनाव से पहले ही लागू हो जाएगा सीएए

**नई दिल्ली,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। नागरिक संशोधन अधिनियम (सीएए) का मुद्दा एक बार फिर से गरमा सकता है। सरकार की ओर से संकेत दिया गया है कि लोकसभा चुनाव से पहलें इसे लागू कर दिया जाएगा। अगर यह लागू हुआ तो पश्चिम बंगाल समेत कांग्रेस शासित राज्यों में इसका विरोध हो सकता है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को एक कार्यक्रम में सीएए पर अपनी राय रखते हुए कहाकि यह देश का एक अधिनियम है, इसे निश्चित रूप से अधिसूचित किया जाएगा। फिलहाल इसको लेकर कोई भ्रम नहीं होना चाहिए। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले इसे अधिनियम को अधिसूचित कर लागू कर दिया जाएगा। उन्होंने फिर से जोर देकर कहा कि सीएए नागरिकता देने वाला कानून है। इसके लागू होने से किसी की नागरिकता नहीं जाएगी। बल्कि इसका उद्देश्य प्रताणित गैर मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करना है।



कुछ लोग इस कानून को लेकर मुसलमानों को भड़का रहे

## गुजरात में मोतियाबिंद सर्जरी के बाद 7 की रोशनी गई

**पाटन,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। गुजरात में दो फरवरी को राधनपुर शहर के सर्वोदय नेत्र अस्पताल में मोतियाबिंद सर्जरी के बाद कथित तौर पर सात मरीजों की आंखों की रोशनी आंशिक या पूरी तरह से चली गई। इसके बाद राज्य सरकार ने जांच शुरू की है। अधिकारियों ने कहा कि अस्पताल अब जांच के दायरे में हैं। अधिकारी मामले की गहन जांच शुरू कर रहे हैं। सर्वोदय नेत्र अस्पताल की ट्रस्टी भारती वखारिया के अनुसार, प्रक्रिया से गुजरने वाले 13 मरीजों में से 7 को संक्रमण के कारण गंभीर जटिलताओं का अनुभव हुआ। इनमें से पांच मरीजों को आगे की चिकित्सा सहायता के लिए अहमदाबाद सिविल अस्पताल के एम एंड जे इंस्टीट्यूट ऑफ ऑप्थल्मोलॉजी में स्थानांतरित कर दिया गया।




राज्य सरकार ने शुरू की जांच

मौसम | *कई जगहों पर न्यूनतम तापमान में 3-5 डिग्री की होगी बढ़ोत्तरी*

## देश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली, 10 फरवरी (देशबन्धु)। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को अगले तीन चार दिनों तक मध्य और पूर्वी भारत में हल्की बारिश होने का अनुमान लगाया है। मौसम विभाग ने एक बयान में कहा कि पश्चिमी तट के साथ पूर्वी हवाओं में निचले स्तर के ट्रफ प्रभाव और इसके पूर्व-उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ने की** संभावना के कारण 10 से 13 फरवरी के दौरान पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, ओडिशा में छिटपुट स्थानों पर हल्की बारिश होने का अनुमान है। दक्षिण उत्तर प्रदेश, दक्षिण बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल के गंगा वाले इलाकों में भी 12-14 फरवरी को हल्की बारिश होगी। विभाग ने अगले पांच दिनों में उत्तर-पश्चिम, मध्य, पूर्व और पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होने का अनुमान लगाया है। मौसम विभाग ने कहा कि 10 फरवरी को दक्षिण बिहार के दूरदराज के इलाकों में शीतलहर चलने का अनुमान है।

दूरदराज के इलाकों में चलेगी शीतलहर



#### छत्तीसगढ़ में 11 व 12 को होगी बारिश

मौसम विभाग के अनुसार, पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ और छत्तीसगढ़ में 11 और 12 फरवरी के दौरान और बिहार, झारखंड, गंगीय पश्चिम बंगाल में 13 और 14 फरवरी के दौरान बिजली चमकने के साथ बारिश होने का अनुमान है। दस और 11 फरवरी को तेलंगाना में हल्की वर्षा हो सकती है।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** “ बताया कि नगर आयुक्त लगातार निर्माण कार्यों का जायजा ले रहे हैं। जिसके क्रम में निर्माण अधिकारी भी मौके पर निरीक्षण कर रहे हैं मालीवाडा, मेरठ रोड, पटेल नगर की तरफ पैच वर्क कराया गया, अन्य क्षेत्रों में भी आवश्यकता अनुसार पेचवर्क का कार्य जारी रहेगा।

**एन के चौधरी, मुख्य अभियंता निर्माण**

### सड़क पर उतरे प्राधिकरण के सीईओ

## अंडरपास, ड्रेन का किया निरीक्षण

### सीवेज पानी नाले में डालने पर सोसाइटी को जारी किए जाए नोटिस



**नोएडा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम ने अधिकारियों के साथ अंडरपास, नाला और सड़कों का अचानक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में सिविल विभाग के उप महाप्रबंधक और वरिष्ठ प्रबंधक मौजूद रहे। सीईओ ने सेक्टर-37 अंडरपास, सेक्टर-40, 41 के मार्ग और सेक्टर-100 का निरीक्षण किया। यहां ड्रेन में कई सोसाइटी की ओर से बिना शोधित किए ही पानी नाले में डाला जा रहा था। इन सभी नोटिस जारी करने के लिए कहा गया है। निरीक्षण में पाया कि सेक्टर-37 अंडरपास का टाइल्स कई स्थानों पर उखड़ी थी। उन्हीं स्थानों पर सेम कलर की टाइल्स लगाने के लिए कहा गया। सेंट्रल वर्ज के साा एसीपी शीट चोरी पाई गई। जिसके स्थान पर नई शीट लगाने के लिए कहा गया। देखने में पाया गया कि अंडरपास में पेंट हट गया है। इसको दोबारा कराने के लिए कहा गया है। अंडरपास में रोशनी के लिए फसाड लाइट लगाने के लिए कहा गया। वहीं अंडरपास के दीवारों पर लगे पेड़ हो छाटने के कहा गया। इसके बाद सीईओ सेक्टर-40 व 41 के मध्य मार्ग पर स्थित ड्रेन का निरीक्षण किया गया। यहां नाले को कवर करने के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सेक्टर-40 की कल्वर्ट को 200 मीटर लंबाई में 15 मीटर चौड़ाई में बनाने का निर्देश दिया गया। इसके बाद सेक्टर-100 का निरीक्षण किया गया। यहां निर्माणाधीन नाले का निर्माण तत्काल कराने के लिए कहा गया। निरीक्षण में पाया गया कि सीवेज ये संबंधी दुर्गंध आ रही थी। ये बदबू सोसाइटी द्वारा नाले में डिस्चार्ज किए जाने के लिए कारण हो रहा था। सोसाइटी को नोटिस जारी किया जाए।

## ग्रेनोवेस्ट मेट्रो डीपीआर को नोएडा प्राधिकरण ने दी मंजूरी

### दो नए स्टेशन बनाए जाएंगे, रोजाना 1 लाख लोग करेंगे सफर, लागत 749 करोड़ बढ़ी

**नोएडा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा से ग्रेनो वेस्ट जाने वाली मेट्रो की डीपीआर को एनएमआरसी के बाद अब नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड से भी मंजूरी मिल गई। ग्रेनो प्राधिकरण बोर्ड से मंजूरी कराने के बाद इसे शासन को भेज दिया जाएगा। फाइल को तेजी से बढ़ाने के लिए अबकी बार प्राधिकरण की बोर्ड बैठक होने का इंतजार नहीं किया गया। बोर्ड में शामिल सभी सदस्यों से एक-एक कर हस्ताक्षर करा मंजूरी ली गई। ग्रेनो वेस्ट के लिए प्रस्तावित मेट्रो रूट की डीपीआर में बदलाव हुआ है। सेक्टर-61 मेट्रो स्टेशन पर ब्लू और एक्वा लाइन का कॉमन प्लेटफार्म बनेगा।

यह रूट एक्वा लाइन का एक्सटेंशन रूट होगा। एक्वा लाइन पर सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा डिपो तक मेट्रो चल रही है। एनएमआरसी अधिकारियों का दावा है कि इस रूट पर मेट्रो चलने से 130 मीटर रोड पर लग रहे जाम में कमी आएगी। अधिकारियों ने बताया कि इस रूट पर मेट्रो चलाने पर 2991 करोड़ 60 लाख रुपए का खर्चा आएगा। रूट बढ़ने व दो स्टेशन अतिरिक्त बनने से इसकी लागत करीब 794 करोड़ रुपए बढ़ गई है। अब इस रूट की लागत 2991 करोड़ रुपए तय की गई है। पहले 2197 करोड़ रुपए तय किए गए थे।

अधिकारियों ने बताया कि मेट्रो चलने की शुरूआत में करीब सवा लाख राइडरशिप इस रूट पर रहेगी। इस बार मेट्रो का जो रूट बनाया गया है वह पहले के मुकाबले करीब ढाई किलोमीटर लंबा है। इस रूट पर अब सेक्टर-61 स्टेशन पर दिल्ली से आ रही ब्लू और ग्रेनो वेस्ट जाने एक्वा मेट्रो लाइन जुड़ जाएगी। लोगों को मेट्रो बदलने के लिए नीचे नहीं उतरना पड़ेगा। ऐसे में यह इंटरचेंज स्टेशन बनेगा। अब लोगों को दिल्ली जाने के लिए मेट्रो लेने को सेक्टर-51 पर नीचे उतरकर पैदल चलने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सेक्टर-61 से बिना उतरे दिल्ली की ओर जा सकेंगे।

### ये होंगे मेट्रो स्टेशन

- सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन से सीधे चलकर
- सेक्टर-61 स्टेशन
- सेक्टर-70 स्टेशन
- सेक्टर-122
- सेक्टर-123
- सेक्टर-4 ग्रेटर नोएडा
- सेक्टर-12 इकोटेक
- सेक्टर-2 ग्रेटर नोएडा
- सेक्टर-3, ग्रेटर नोएडा
- सेक्टर-10 ग्रेटर नोएडा
- सेक्टर-12 ग्रेटर नोएडा
- नॉलेज पार्क-5 ग्रेटर नोएडा

## ईएसआई अस्पताल में किसान एकता संघ ने किया प्रदर्शन

**नोएडा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। किसान एकता संघ और युवा क्रांति सेना के पदाधिकारियों ने किसान एकता संघ के राष्ट्रीय संरक्षक चौधरी बाली सिंह और प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद शर्मा के नेतृत्व में सेक्टर 24 स्थित



ईएसआईसी अस्पताल में प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन किया। पिछले लगभग एक महीने से अस्पताल में लीवर फेलियर के कारण भर्ती 55 वर्षीय सीबी थापा जीवन की दुखद और पीड़ादायक स्थिति से गुजर रहे हैं। डॉक्टरों ने जल्द से जल्द लीवर ट्रांसप्लांट के लिए एडवाइज किया है। लेकिन पिछले एक महीने से परिजन अस्पताल प्रशासन के सामने प्राइवेट निजी अस्पताल में लीवर ट्रांसप्लांट के लिए गुहार लगा रहे हैं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई और मरीज की हालत गंभीर हो गई। परिवार की सहायता के शनिवार को किसान एकता संघ, युवा क्रांति सेना, जीवन अर्पण सामाजिक संस्था और हिंदू रक्षा दल आगे आए। इस दौरान एसएचओ थाना 24 ने अस्पताल पहुंचकर प्रदर्शन समाप्त कराया और दो दिन में रेफर कराने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने बताया की पिछले एक महीने में अस्पताल प्रशासन ने परिजनों को काफी प्रताड़ित किया है जो निंदनीय है। गरीब और असहाय के साथ अस्पताल का यह व्यवहार चिंताजनक है। प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने कहा की अगर दो दिन में रेफर नही किया तो अस्पताल के खिलाफ महा पंचायत की जाएगी और इस दौरान मरीज के साथ अनहोनी होने पर सख्त कानूनी कार्यवाही करवाएंगे। इस अवसर पर अर्जुन प्रजापति, राजेश अंबावता, कमल यादव, विनीत शर्मा, अंकुर शर्मा, दीपांशु शर्मा, साधु मकवाना, रवि आदि मौजूद थे।

## सार संक्षेप

### किसानों व मजदूरों के सच्चे हितेषी थे स्व. राजेश पायलट : रामकुमार



नोएडा। पूर्व केंद्रीय मंत्री किसान नेता स्व. राजेश पायलट की जयंती के अवसर पर नोएडा महानगर कांग्रेस अध्यक्ष रामकुमार तंवर के नेतृत्व में महानगर कांग्रेस कार्यालय पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी जयंती मनायी। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर ने कहा कि वे इंडियन एयरफोर्स के एक जांबाज पायलट थे। 1971 के भारत-पाक युद्ध में उन्होंने अदम्य साहस का परिचय देकर पाकिस्तानी सेना के दांत खट्टे कर दिए। 1980 में जनसेवा को लक्ष्य बनाकर उन्होंने राजनीति में कदम रखा। अपना पूरा जीवन जनकल्याण में समर्पित कर दिया। गांव, गरीब, मजदूर, किसान, ग्रामीण उनके विचारों के केंद्र में थे। 1980 में पहली बार भरतपुर से सांसद बने 1984, 1991, 1996, 1998 और 1999 में दौसा से संसद पहुंचे। राजेश पायलट ने विभिन्न महत्वपूर्ण मंत्रालयों में केंद्रीय मंत्री के पद पर रहकर देश के विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया। भूतपूर्व सैनिक एवं किसान होने के नाते देश एवं प्रदेश के लिए उनका समर्पण भाव हमारे लिए प्रेरणादायी है।

### रोड सेफ्टी और स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक



**नोएडा।** नोएडा सेक्टर 140ए में शनिवार को दो दिवसीय सीआरसी नोएडा ग्रैंड मैराथन की शुरुआत हुई। इसके तहत पहले दिन साइक्लोथोन का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से प्रतिभागियों ने लोगों को स्वस्थ रहने के साथ रोड सेफ्टी का भी संदेश दिया। सीआरसी ग्रुप के डायरेक्टर सेल्स मार्केटिंग सलिल कुमार ने सीआरसी द फ्लैगशिप मॉल से साइक्लोथोन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि साइक्लोथोन में 200 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर लोगों को रोड सेफ्टी और स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया है। रविवार को यही मैराथन का आयोजन किया जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागी हिस्सा लेंगे।

### एमिटी यूनिवर्सिटी के बाहर मारपीट का वीडियो वायरल

**नोएडा।** सेक्टर-126 स्थित एमिटी यूनिवर्सिटी के बाहर स्टूडेंट्स के दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। वहां खड़े अन्य स्टूडेंट्स ने इसका एक वीडियो बनाया। अब ये वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो के आधार पर सेक्टर-126 थाना पुलिस मारपीट करने वाले स्टूडेंट्स को पकड़ने का प्रयास कर रही है। बता दे यूनिवर्सिटी के बाहर मारपीट के पहले भी कई वीडियो वायरल हो चुके है। वायरल वीडियो 55 सेकेंड का है। जिसमें कई स्टूडेंट्स एक दूसरे के साथ मारपीट कर रहे है। बताया गया कि दो गुटों के आपसी झगड़ा था जिनमें पहले बहसबाजी हुई इसके बाद मारपीट शुरू हो गई। इन स्टूडेंट्स ने पूरी सड़क को ही घेर लिया यहां एक दूसरे पर जमकर लात घूसे चलाते दिखे। हालांकि वायरल किया गया वीडियो एडिट करके बनाया गया है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों ने पुलिस को टैग करके कार्यवाही की मांग की।

## इंडियन ओवरसीज बैंक 88वें स्थापना दिवस पर जांच शिविर का आयोजन

### 500 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच

**नोएडा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। इंडियन ओवरसीज बैंक के 88वें स्थापना दिवस के अवसर पर सेक्टर-37 के अरुण विहार ब्रांच में शनिवार को बैंकिंग सेवा के प्रति लोगों को जागरूक करने लिए जन जागरूकता मार्च निकाला गया। खासकर बदलते हुए परिवेश में बैंकिंग में हो रहे बदलाव, ऑनलाइन बैंकिंग में साइबर सुरक्षा को लेकर विशेष जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें लगभग पांच सौ से अधिक लोगों ने अपनी जांच कराई। इसके साथ ही लोगों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के टिप्स भी दिए गए। यह पूरा कार्यक्रम बैंक के अरुण विहार शाखा के मुख्य प्रबंधक अशोक नेल्ली की अगुवाई में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि संजय कुमार सिंह (मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक आईओबी) रहे।



इस आयोजन में अरुण विहार सेक्टर-37 कम्युनिटी सेंटर के प्रेसिडेंट प्रशांत गुप्ता, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की वाइस प्रेसिडेंट कविता जमील ने भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## लिंक प्रोजेक्ट के एप्रोच रोड का हुआ भूमिपूजन

■ नोएडा एक्सप्रेस वे को एलजीचौक को सीधे जोड़ेगा ■ 623 मीटर है एप्रोच रोड, 16 किमी कम चलना होगा

**नोएडा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा और ग्रेटरनोएडा दोनों शहरों को जोड़ने के लिए बनाई जा रहे लिंक रोड की एप्रोच रोड के निर्माण के लिए आज भूमि पूजन किया गया। ये एप्रोज रोड हिंडन पुल से नोएडा एक्सप्रेस वे की 45 मीटर सर्विस रोड तक करीब 623 मीटर की बननी है। निर्माण कंपनी इसका काम शुरू कर दिया है। इसके बनने के बाद ग्रेटरनोएडा के एलजी चौक से एक्सप्रेस वे तक की दूरी महज 5 मिनट में पूरी की जा सकेगी। पहले ये दूरी तय करने में 16 किमी अतरिक्त चलना पड़ता था। इस पूरे प्रोजेक्ट पर 147 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है।



एलजी चौक से एक्सप्रेस वे तक ये लिंक 2090 मीटर लंबा है। इसे 60 मीटर चौड़ा बनाया जा रहा है। इस लिंक रोड पर एक पुल हिंडन नदी पर सतु निगत ने बनाया है। ये पुलिस नोएडा और ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण की सहभागिता से बनाया गया है। ग्रेटरनोएडा की एप्रोच रोड ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण और नोएडा की नोएडा प्राधिकरण बना रहा है। नोएडा प्राधिकरण का एरिया करीब 1020 मीटर का है। इसमें 45 मीटर चौड़ी सड़क एप्रोच रोड 623 मीटर की है। जिसके लिए भूमिपूजन किया गया।

सेतु की लंबाई 210 मीटर है। इसके बनाने में करीब 6240 लाख रुपए खर्च किए जा रहे है। इस परियोजना का शिलान्यास मुख्यमंत्री ने 25 जनवरी 2019 में किया था। नोएडा की ओर बनाई जाने वाली इस एप्रोच रोड की ऊचाई 5.50 मीटर से 8.50 मीटर तक होगी। वहीं ग्रेटरनोएडा की ओर परियोजना की लंबाई 1070 मीटर है।

### लिंक रोड से ये होगा फायदा

दिल्ली से एक्सप्रेस वे होते हुए परिचौक होते हुए ग्रेटरनोएडा एलजी चौक, कलेक्ट्रेट, सूरजपुर व गाजियाबाद को जाने वाले यातायात को 16 किमी अतरिक्त चलना पड़ता था। इसके बनने से ऐसा नहीं होगा। इस लिंक रोड बनने से सेक्टर-151, 153,154, 155, 156, 157, 159, 160, 162 औद्योगिक सेक्टरों को फायदा होगा।

## निगम : पोट हॉल पैचिंग मशीन से लगातार करा रहा है पैच वर्क

### निगम की सड़कों पर मिले गड्ढ़े तो निर्माण के विरुद्ध होगी कार्रवाई : नगर आयुक्त

**गाजियाबाद,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम ने शहर में सड़कों के पैच वर्कपोट हॉल पैचिंग मशीन से कराया जा रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने कार्य मे तेजी लाने के साथ चेतावनी दी है कि यदि इस कार्य मे लापवाही बरती गई तो कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी ने बताया कि नगर आयुक्त लगातार निर्माण कार्यों का जायजा ले रहे हैं। जिसके क्रम में निर्माण अधिकारी भी मौके पर निरीक्षण कर रहे हैं मालीवाडा, मेरठ रोड, पटेल नगर की तरफ पैच वर्क कराया गया, अन्य क्षेत्रों में भी आवश्यकता अनुसार पेचवर्क का कार्य जारी रहेगा। यूपीसीडा के अंतर्गत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया जिसमें औद्योगिक क्षेत्र में कार्य चल रहा है। लोहा मंडी के अंतर्गत सड़क का निर्माण पूर्ण हो चुका है। इंटरलॉकिंग लगाने का कार्य चल रहा है जिसे मौके पर जाकर जायजा लिया। इसके अलावा नालों को भी बनाया जा रहा है, वसुंधरा जोन के अंतर्गत भी कार्य चल रहे हैं जिनका संबंध निर्माण की टीम जायजा ले रही है।



शहर में गाजियाबाद नगर निगम के समस्त विभाग कार्यों को तेजी से कर रहे हैं निर्माण विभाग के कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश अधिकारियों को दे रहे हैं ठेकेदारों को भी चल रहे कार्यों में विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं किसी प्रकार की लापरवाही न मिले इसका विशेष ध्यान रखने के लिए हिदायत दी गई है।

## गांव चलो बूथ चलो अभियान में महापौर पहुंची पसोंडा गांव

### मुस्लिम समाज के लोग है बहुत जागरूक : सुनीता दयाल

**गाजियाबाद,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। भाजपा के गांव चलो बूथ चलो अभियान के अंतर्गत महापौर एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता दयाल को प्रवासी के रूप में भोपुरा मंडल के पसोंडा गांव की जिम्मेदारी दी गई। जिसके क्रम में आज गांव पसोंडा में बूथ नम्बर 57 से 79 तक 22 बूथों पर पहुंची। जिसमें महापौर ने सभी बूथ अध्यक्षो का माला देकर स्वागत किया। उसके उपरांत भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में सभी को जानकारी देकर प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के आवास पर जाकर मुलाकात की। साथ ही महापौर ने बताया कि हमारा मुस्लिम समाज बहुत जागरूक हो गया है। पार्टी के कार्यक्रम से लेकर योजनाओं तक अपनी अहम भूमिका निभा रहा है और आगामी चुनाव में भी समाज भारी मतों से वोट देकर मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने का कार्य करेगा। जिसमें स्थानीय पार्षद चौधरी मुस्तकीम ने भी महापौर की



बात का सहयोग करते हुए आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि भाजपा जब से आई है हमारे क्षेत्र में बहुत विकास किया गया है जिसके लिए हम सदैव आभारी रहेंगे वार्ना यहां जल भराव और गंदगी के अंबार होते थे इसलिए हम आगामी चुनाव में पार्टी का कार्यक्रम भी कराएंगे और भरपूर सहयोग के साथ वोट देंगे। ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि गांव मे शादी बिहा व अन्य कार्यक्रमों के लिए कोई स्थान नही है एक सामुदायिक केन्द्र का निर्माण हो जाएगा तो लगभग 3 लाख की आबादी को सुविधा मिल जाएगी जिसके लिए महापौर ने क्षेत्र में सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा की।

इस दौरान मण्डल अध्यक्ष ओमेन्द्र कसाना, प्रवास संयोजक अनिल डागर, पार्षद चौधरी मुस्तकीम, पूर्व पार्षद तेजपाल सिंह राणा, बूथ अध्यक्ष भारत भूषण, बूथ अध्यक्ष जगदीश प्रसाद, पुष्पेन्द्र, महेश शर्मा, विकास माथुर, राहुल सिंह, अजय मंडल आदि उपस्थित रहे।

## ‘चौ. चरण सिंह को मोदी जी ने दिया सबसे ज्यादा सम्मान’

■ इं. रामवीर सिंह ने छुर गांव में की जनसभा में किया सवाल ■ कांग्रेस की सरकारों ने क्यों नहीं दिया भारत रत्न सम्मान?

**गाजियाबाद,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। बागपत संसदीय सीट से सत्तारूढ़ दल की उम्मीदवारी के प्रबल दावेदार इंजीनियर रामवीर सिंह ने कहा है कि चौ. चरणसिंह किसानों, मजदूरों और कामगारों के वास्तव में मसीहा थे और उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बेहतर किसी ने नहीं समझा है। सिंह ने कहा कि मोदी जी ने चौधरी साहेब को न केवल भारत रत्न का सम्मान दिया है, बल्कि उनकी सोच को ध्यान में रखकर ही गांव-गांव, घर-घर शौचालयों का नि:शुल्क निर्माण करवाया है।

शनिवार को सिवालखास विधानसभा क्षेत्र से लगे छुर गांव में जनसभा को सम्बोधित करते हुए इं. रामवीर सिह ने कहा कि चौ. साहेब कहा करते थे कि वे जब कार से गांवों की ओर जाते थे तो खेतों में महिलाओं को शौच के लिए जाते देख शर्म आती थी और अफसोस होता था। वे कहा कहते थे कि गांवों को विकास की मुख्यधारा में शामिल न होता देख उन्हें दुख होता था। रामवीर सिंह ने कहा कि चौधरी साहब की इस संवेदना को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समझा है और इसीलिए हर गांव के हर घर में शौचालय और पक्की सड़कों का नि:शुल्क निर्माण करने की योजना लागू की। सिंह ने कहा कि चौधरी साहेब और



मोदी जी, दोनों ने गरीब परिवार में जन्म लिया और दोनों ने गरीबों के दुख-दर्द को करीब से समझा है।

सिंह ने कहा कि मैं राजनीति में सेवाभाव को लेकर आया हूं और सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा से प्रभावित होकर पिछले डेढ़ महीने से विकसित बागपत यात्रा निकाल रहा हूं। पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरणसिंह को भारत रत्न सम्मान देकर मोदी जी ने देश भर के ग्रामीणों का दिल जीता है। उन्होंने सवाल उठाया कि चौधरी साहेब का सम्मान सबसे ज्यादा राज करने वाली कांग्रेस ने क्यों नहीं किया? उन्होंने कहा कि छुर गांव की जनसभा मैंने मोदी जी को समर्पित आभार सभा के तौर पर आयोजित की है। इस दौरान ग्रामीणों ने चौ. चरणसिंह और मोदी जी के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। रामवीर सिंह ने कहा कि मोदी जी ने चौधरी साहेब को भारत रत्न देकर ग्रामीणों और किसानों का सम्मान किया है। अब हमारा दायित्व है कि हम मोदी जी को सम्मान दें और उनके हाथ मजबूत करें। चौ. कृष्णपाल सिंह की आयोजित जनसभा की अध्यक्षता चौ. जगत सिंह ने की, जबकि संचालन राजगुरू तोमर ने किया। सभा को विक्रमसिंह बालियान, प्रवीण तेवतिया, संजय तालियान, ओमवीर सिंह, सतीश चेयरमैन, बाबू मास्टर, प्रधान सेंसरपाल, राजेश तोमर, जयपाल सिंह, नरपाल सिंह, पवन सिंह, शशांक तालियान आदि ने भी सम्बोधित किया। इं. रामवीर सिंह का स्वागत करने वालों में सतीश गिरी, याद गिरी, मांगेराम, नरेशपाल, अनिल कुमार, जयपाल सिंह, विकास गिरी, सुनील कुमार, सैन्दरपाल प्रधान, यशपाल सिंह, वेदपाल, सतीश प्रजापति, संजीव कुमार, विरेश छुर, जितेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र मलिक, हरेन्द्र सिंह, राजेश सेहरावत, हरिप्रकाश, जितेन्द्र सिंह, संजय सिंह, अजय मलिक, डॉ. साबिर, सोहनवीर, माधव मुकंद, ऋषिपाल, रणधीर सिंह, नितिन कुमार, विशन प्रधान, सुनील त्यागी, डॉ. आदेश त्यागी, योगेन्द्र कश्यप, वीरेन्द्र सिंह, भगवत कश्यप, नितिन कुमार, नरेश कश्यप, शेखर प्रजापति, नरेश सिंह, सतबीर सिंह, प्रवीण कुमार, महावीर सिंह, विजयपाल, रणवीर सिंह, एसपी सिंह, राजवीर सिंह, अजय तालियान, अरविंद सिंह, अमित सिंह, मानसिंह आदि शामिल थे। इससे पहले बागपत रोड पर शाहिल ठाकुर, धमेन्द्र सिंह, राजकुमार, रोहित शर्मा, विपिन गोयल, अरमान, अखिलेश, विशाल ठाकुर, धीरज शर्मा, आलोक सिंह, सुरेन्द्र कुमार, मो. शहजाद, अनीस अहमद और राज आलम थे।

## खेल और शिक्षा को साथ लेकर बढ़ता हुआ फॉर्चून वर्ल्ड स्कूल



**नोएडा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। खेल संबंधित भावना और टीमवर्क के शानदार प्रदर्शन में फॉर्चून वर्ल्ड स्कूल ने 10 फरवरी को एक अविस्मरणीय खेल दिवस का शुभारंभ किया । दिन की शुरुआत में स्कूल के डायरेक्टर उन्तक गोयल और एजुकेशन डायरेक्टर मंजू राणा भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। विभिन्न स्कूलों के डायरेक्टर , प्रधानाचार्यों ओर आरडब्ल्यूए सेक्टर-105 के अध्यक्ष दीपक शर्मा एवं महासचिव राजीव दुबलिश ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया। सबसे पहले उत्साही छात्रों ने प्रभावशाली परेड के द्वारा कार्यक्रम का उत्साहवर्धन किया। उसके बाद, छात्रों ने सभी का मन मोह लेने वाली योग प्रस्तुति दी और सिनर्जी नामक एक गतिशील बॉल और बैट ड्रिल के साथ स्वस्थ जीवन शैली के प्रति अपना समर्पण प्रदर्शन किया। पोम पोम डिस्प्ले ,रिबन रेस, वर्कआउट विद डंबल जैसे सेगमेंट ने छात्रों की विभिन्न खेल क्षमताओं पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम में ड्रिजलिंग लेज़ियम, अंब्रेला ड्रिल और हूला हूप ड्रिल जैसे प्रदर्शनों ने सभी के दिल जीते । छात्रों ने स्टेप अप एंड डांस और जुंबा का भी सुंदर प्रदर्शन किया जिससे वातावरण में एक नई उमंग छा गई कार्यक्रम के अंत में अभिभावकों और छात्रों के बीच में एक क्रिकेट मैच का भी आयोजन हुआ जिससे अभिभावकों और बच्चों के बीच एकता का संचार हुआ। सभी खेलों के उपरांत पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें सभी प्रतिभागियों की उत्कृष्ट उपलब्धियों को मान्यता दी गई और उनकी सराहना की गई। कार्यक्रम का समापन एक आभारी भाषण और पुरस्कार वितरण के साथ हुआ।

उवाच

8 फरवरी को किसान आंदोलन ऐतिहासिक रहा। पुलिस के भारी दमन के बावजूद किसान सभा के हजारों कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल हुए प्रदर्शन के दबाव में पुलिस कमिश्नर ने वार्ता का प्रस्ताव रखा जिसमें तीनों प्राधिकरणों के सीईओ मौजूद नहीं थे जबकि उनके बिना इस मुद्दे का हल किया जाना संभव नहीं है इसलिए आंदोलन के साथियों ने प्रशासन के गैर गंभीर रवैया का विरोध किया और मांग की।

**वीर सिंह नागर, किसान सभा संयोजक**

# कैपिटल ज़ोन

## यूपीसीडा के जमीन अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को मिलेंगे सभी लाभ



■ जिलाधिकारी के साथ किसानों की हुई वार्ता में सभी मांगों पर बनी सहमति

**ग्रेटर नोएडा,**10 फरवरी (देशबन्धु)। यूपीसीड़ा द्वारा शिव नाडार यूनिवर्सिटी के लिए जमीन लिए जाने से प्रभावित चिटहैरा एवं दतावली आदि गांवों के किसानों की जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में हुई वार्ता रही सफल।

अधिकतर किसानों को 64.7 फीसदी मुआवजा मिलने के बाद अब शेष सभी किसानों को एक समान और बढ़ा हुआ मुआवजा जल्द दिए जाने एवं सभी प्रभावित किसानों को 10 फीसदी विकसित प्लॉट 1 महीने में आवंटित किए जाने के साथ साथ सभी भूमिधर और भूमिहीन किसानों के बच्चों को रोजगार तथा पुनर्वास के लाभ दिए जाने तथा ग्रामीण विकास का भी मिला भरोसा इसी के साथ ही जिन किसानों की जमीन का अधिग्रहण निरस्त हुआ था उन्हें उनकी जमीन जल्द वापस मिलने का मिला भरोसा, किसानों में खुशी की लहर।

संयुक्त किसान मोर्चा (भूमि अधिकार) को घटक संगठन जय जवान जय किसान मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक किसान नेता सुनील फौजी एडवोकेट ने बताया कि वर्ष 2006-07 में यूपीएसआईडीसी ने शिव नाडार यूनिवर्सिटी के निर्माण के लिए चिटहैरा और दतावली आदि गांवों के किसानों की जमीन अधिग्रहण एवं पुनर्ग्रहण और बैनामों के माध्यम से ली गई थी।

किसानों ने वर्ष 2012 और 2013 में बड़ा आन्दोलन किया था जिसके दौरान दिनांक 27 जनवरी 2013 को ग्रेटर नोएडा की तर्ज पर सभी लाभ दिए जाने का समझौता हुआ था।

अधिकतर किसानों को 64.7 फीसदी बढ़ा हुआ मुआवजा मिल चुका है अब 10 फीसदी प्लॉट के साथ साथ रोजगार तथा पुनर्वास और ग्रामीण विकास की सुविधाएं जल्द मिलने का रास्ता साफ हो गया है। जिन किसानों की जमीन का वर्ष 2016 में माननीय हाई कोर्ट द्वारा अधिग्रहण निरस्त नहीं हुआ था उन्हें उनकी जमीन जल वापस मिलेगी।

इस मौके पर वार्ता में जय जवान जय किसान मोर्चा के नेता ध्यान सिंह फौजी, रण सिंह भाटी, महेंद्र सिंह भाटी नेता जी, संजय भाटी, जीतू चैंपियन, दादा अजब सिंह चावड़ा, हाकम सिंह भाटी और कंवलजीत भाटी आदि आदि शामिल रहे।

## छपरौला में सहारा सिटी पर चला ग्रेनो प्राधिकरण का बुलडोजर





■ सवा लाख वर्ग मीटर से अधिक एरिया पर से हटाया अतिक्रमण
■ कॉलोनी काट रहे थे कुछ कालोनाइजर

**ग्रेटर नोएडा,**10 फरवरी (देशबन्धु)। छपरौला स्थित सहारा सिटी में हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ शनिवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का बुलडोजर चला। सवा लाख वर्ग मीटर से अधिक एरिया पर हुए अवैध निर्माण को तोड़ दिया गया।

दरअसल, छपरौला का सहारा सिटी एरिया ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में आता है। कुछ कॉलोनाइजर इस जमीन पर कॉलोनी काटने की कोशिश कर रहे थे। वह छोटे-छोटे प्लॉट काटकर लोगों को बेच रहे थे। प्राधिकरण की तरफ से पूर्व में धारा-10 की नोटिस जारी करते हुए इन कॉलोनाइजरों को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन उनकी तरफ से नोटिस पर कोई अमल नहीं किया गया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर शनिवार को प्राधिकरण और पुलिस-प्रशासन की डेढ़ सौ सदस्यों की टीम ने मिलकर अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। टीम ने सवा लाख वर्ग मीटर एरिया को अवैध कब्जे से मुक्त करा लिया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के परियोजना विभाग के महाप्रबंधक व ओएसडी हिमांशु वर्मा और एसीपी हेमंत उपाध्याय के नेतृत्व में वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार, छपरौला थाने के एसएचओ अमरेश सिंह व थाने की पुलिस, दो कंपनी पीएसी और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल एक व दो के सभी सदस्यों को मिलकर इस कार्रवाई को पूरा किया। टीम सुबह करीब 11 बजे यह मौके पर पहुंच गई और लगातार 4 घंटे तक 12 जेसीबी का इस्तेमाल कर अतिक्रमण हटाया गया। इसमें 5 डंपरों व अन्य मशीनरी का भी इस्तेमाल किया गया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि यह जमीन ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित एरिया में है। इस अवैध निर्माण करने की कोशिश की जा रही थी, जिसके चलते शनिवार को यह कार्रवाई की गई। इन कॉलोनाइजरों के खिलाफ प्राधिकरण की तरफ से एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अधिसूचित एरिया में जमीन पर अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। अगर कहीं पर अवैध निर्माण हो चुके हैं, तो उनको भी सील किया जाएगा।

प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने परियोजना विभाग के सभी वर्क सर्किल प्रभारियों को अतिक्रमण के खिलाफलगातार अभियान चलाने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। सीईओ ने सभी वर्क सर्किल प्रभारियों को निर्देश दिया है कि अधिसूचित एरिया में जहां भी अतिक्रमण हो रहा हो उसको अभियान चलाकर तोड़ दिया जाए। उन्होंने लोगों से अपील की है कि इन कॉलोनाइजरों के चंगुल में फंसकर अपनी गाढ़ी कमाई न लगाएं। अवैध निर्माण के खिलाफ प्राधिकरण की तरफ से कार्रवाई जारी रहेगी।

### सार संक्षेप

#### मेगा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में छात्र-छात्राओं का चयन




**ग्रेटर नोएडा।** जीएनआईओटी इंस्टीट्यूट ऑफ़ प्रोफेशनल स्टडीज में मेगा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में 10 से अधिक कंपनीज में 300 से अधिक विद्यार्थी सम्मिलित हुए। इसमें जेनपैक्ट, कोलेब्रा, वीसर्व, यूनिवो, वीडी वेंचर जैसी बड़ी कंपनिया शामिल हुई। इस प्रोग्राम में बीसीए, बीबीए और बीकॉम के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और 70 से अधिक छात्र-छात्राओं का चयन हुआ और उन्हें ऑफर लेटर प्राप्त हुआ। संस्थान के चेयरमैन डॉ. राजेश कुमार गुप्ता, डायरेक्टर प्रॉफ (डा0) सविता मोहन, प्लेसमेंट सेल हेड रोहित पांडे, प्लेसमेंट सेल कोऑर्डिनेटर उन्नति और मोहिनी एवं शिक्षको का सहयोग रहा।

#### शक्ति बंधन अभियान के तहत भाजपा ने की चाय पर चर्चा

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख ब्लॉक पर भाजपा ने शक्ति वंदन अभियान को लेकर एक कार्यक्रम चाय पर चर्चा की गई, जिसमें मुख्य अतिथि ज़िला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी रहे। कार्यक्रम के ज़िला महामंत्री ज़िला शक्ति वंदन अभियान संयोजक योगेश चौधरी एवं ज़िला महामंत्री मनोज गर्ग ने संचालन किया। शक्ति वंदन अभियान चाय पे चर्चा पर नोएडा,ग्रेटर नोएडा के स्वयं सहायता समूह की माताओं बहने बैंक सखी विद्युत सखी ऋण सखी एवं नारी एनजीओ ने कार्यक्रम में भाग लिया।


पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संपर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## चौथे दिन भी बाजार बंद कर धरने पर बैठे बिलासपुर के व्यापारी







**दनकौर,**10 फरवरी (देशबन्धु)। बिलासपुर कस्बे के व्यापारी के बेटे का करीब 12 दिन बाद भी पुलिस तलाश नहीं कर पाई है। जिसके विरोध में परिवार के साथ व्यापारी बिलासपुर कस्बे का बाजार बंद कर शनिवार को भी चौथे दिन धरने पर बैठ रहे। पुलिस के प्रति व्यापारियों में काफी रोष देखने को मिल रहा है। जिसके शव की तलाश में पुलिस विभिन्न जिलों में भी पहुंचकर ड्रोन कैमरे से तलाश कर रही है। वहीं, पुलिस कमिश्नर गौतम बुद्ध नगर ने परिवार के लोगों को शनिवार को अपने कार्यालय बुलाकर शांति बनाए रखने और उनको न्याय दिलाने का भरोसा दिया है। 30 जनवरी की शाम व्यापारी अरुज सिंघल का बेटा वैभव (16) लापता हो गया था। जिसकी हत्या के मामले में पुलिस ने उसके ही दोस्त माज और एक बाल आपचारी को गिरफ्तार कर बीते बुधवार को जेल भेज दिया था इस दौरान आरोपी माज ने कबूल किया था कि उन्होंने एक आपत्तिजनक वीडियो की वजह से वैभव की हत्या कर शव को 30 जनवरी की रात ही खेरली लिए नहर में फेंक दिया था। मृतक वैभव के ताऊ नीरज सिंघल का कहना है कि जिन दो आरोपियों को पुलिस ने जेल भेजा है। उनके अलावा भी इस हत्याकांड में और भी लोग शामिल हैं। उन्होंने दो महिला समेत 6 लोगों को इस हत्याकांड में शामिल होना बताया है। पुलिस इस एंगल से भी जांच करने की परिवार से बात कह रहे है। धरना स्थल पर शनिवार को पहुंचे ग्रेटर नोएडा के जगत फार्म के व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया कि यदि जल्द ही पुलिस शव की तलाश नहीं कर पाएगी तो ग्रेटर नोएडा के व्यापारी भी पीड़ित परिवार के साथ बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## स्क्रैप माफिया रवि काना की 120 करोड़ की संपत्ति हुई कुर्क



■ पैरवी मेल प्रवाही करने पर दो सिपाही हुए लाइन हाजिर

**ग्रेटर नोएडा,**10 फरवरी (देशबन्धु)। स्क्रैप माफिया रवि काना गिरोह के 120 करोड़ की संपत्ति ढोल बजाकर कुर्क की। इसके अलावा पुलिस ने गिरोह के खिलाफ दर्ज केस की पैरोकार में लापरवाही पर बीटा-2 और सेक्टर-39 थाने में तैनात दो सिपाही को लाइन हाजिर किया है। वहीं, बिसरख कोतवाली में गिरोह के अवध उर्फ बिहारी और सूरज के खिलाफचार साल बाद धर्म कांटा संचालक से मारपीट व जान से मारने की धमकी का केस दर्ज किया गया है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश माफिया गैंगस्टर के खिलाफ गौतमबुद्ध नगर पुलिस कड़ी कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने दादूपुर गांव के गैंग लीडर रवि नागर उर्फ रविन्द्र सिंह उर्फ रवि काना और उसके चचेरे भाई राजकुमार की अवैध कमाई से अर्जित की गई 120 करोड़ की संपत्ति ढोल बजाकर कुर्क की गई है। बीटा-2 थाना प्रभारी मुनेंद्र सिंह और नॉलेज पार्क थाना प्रभारी डॉ. विपिन कुमार की टीम ने गिरोह की कंपनी मैसर्स प्राइम प्रेसिंग टूल्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर 12 वाहन, एक आल्टो कार एवं माल वाहन वाहन शामिल हैं। इनकी कीमत लगभग 2.70 करोड़ रुपए है। इसके अलावा रवि काना की कंपनी प्राइम प्रेसिंग टूल्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से एचडीएफसी, आईसीआईसीआई, एसबीआई, एस्कान एक्सपोर्ट के नाम से एचडीएफसी बैंक खातों में जमा 5.22 करोड़ की रकम भी कुर्क की गई है। बुलंदशहर के सिकंद्राबाद-खुर्जा रोड स्थित 50 करोड़ कीमत की निर्माणाधीन फैक्टरी, सूरजपुर के औद्योगिक क्षेत्र में 32 करोड़ रुपए का भूखंड भी कुर्क किया गया है। राजकुमार की ईकोटेक-12 में 32.20 करोड़ रुपए की जमीन, चाई-5 में एक करोड़ रुपए का प्लॉट है। इससे पहले पुलिस ने गिरोह की की संपत्ति सेक्टर-39 थाने में सामूहिक दुष्कर्म और बीटा-2 थाने में गैंगस्टर का केस दर्ज करने के बाद ही सील करनी शुरू कर दी थी। रवि काना गिरोह की मैसर्स प्राइम प्रेसिंग टूल्स प्राइवेट लिमिटेड का जीएसटी रजिस्ट्रेशन सूरज के नाम से है। सूरज मूलरूप से बुलंदशहर का निवासी और रवि काना का ममेरा भाई बताया गया है। बिसरख कोतवाली में धर्म कांटा संचालक बदरपुर नई दिल्ली निवासी विपिन ने दर्ज कराए गए केस में कहा है कि उसके कर्मचारी रॉकी के साथ अवध, सूरज व अन्य आरोपियों ने चार जनवरी 2018 को स्कोर्पियो में आकर मारपीट धमकी देने का केस दर्ज कराया है। आरोप है कि आरोपियों ने धर्म कांटा बंद करने के लिए घटना की थी। पुलिस का कहना है कि उस दौरान एनसीआर दर्ज की गई थी। अब कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर जांच शुरू की गई है। रवि काना केस की पैरवी में लापरवाही पर सेक्टर-39 थाने के पैरोकार रजनीश बघेल और बीटा-2 थाने के पैरोकार जयवीर सिंह को लाइन हाजिर किया गया है। रवि काना ने जिला न्यायालय में अग्रिम याचिका दायर की थी। जानकारी मिली है कि इस जमानत याचिका के संबंध में पैरोकारों ने आलाधिकारियों को जानकारी नहीं दी थी। इसी लापरवाही में दोनों पैरोकारों को लाइन हाजिर किया गया है।

## भाकियू भूमि पुत्र की बैठक, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**रबूपुरा,**10 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन (भूमि पुत्र) के कार्यकर्ताओं ने एक बैठक का आयोजन किया। जिसमें क्षेत्रीय समस्याओं पर विचार विमर्श करते हुए संगठन जा विस्तार किया गया। तदुपरांत उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर समस्याओं के निस्तारण की मांग की है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप उर्फ धीरू भैय्या के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी जेवर को ज्ञापन देकर किसानों व आमजन की समस्या का समाधान किये जाने की मांग के साथ ही किसानों का टोल फ्री किये जाने की मांग की है। चेतावनी दी है कि अगर एक सप्ताह में समाधान नहीं हुआ तो टोल प्लाजा जेवर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही संगठन का विस्तार करते हुए राजीव शर्मा को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बनाया गया है। जसवंत मीणा, महेंद्र मीणा सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी, दीपक गुप्ता राष्ट्रीय प्रवक्ता, राकेश कुमार प्रदेश सचिव, आकाश शर्मा जिलाध्यक्ष नियुक्त करने के साथ ही एकांश सोनी, रिपू गर्ग, सलमान, अब्बा खान, धर्म सिंह आदि को विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया है। इस मौके पर संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय किसान सभा ने 16 फरवरी को किया जुलूस निकालने का ऐलान



**ग्रेटर नोएडा,**10 फरवरी (देशबन्धु)। अखिल भारतीय किसान सभा का शनिवार लगातार धरने का 12वां दिन रहा सैकड़ो की संख्या में धरने में लोग शामिल रहे धरने की अध्यक्षता भीम सिंह प्रधान खोदना खुर्द ने की धरने का संचालन जगबीर नंबरदार ने किया धरने के उपरांत किसान सभा की कार्यकारिणी की बैठक में चर्चा हुई और सभी ने सर्वसम्मति से 16 फरवरी को जुलूस निकालने का प्रस्ताव पास किया। 16 फरवरी को किसान हजारों की संख्या में 10 फीसदी आबादी प्लाट सहित अपनी अन्य मांगों को लेकर जुलूस निकालेंगे। 12 फरवरी को ऐच्छर गांव में चल रहे किसानों के धरने में बड़ी संख्या में शामिल होने का प्रस्ताव भी पास किया गया। धरने को किसान सभा के संयोजक वीर सिंह नागर ने कहा कि 8 फरवरी को किसान आंदोलन ऐतिहासिक रहा। पुलिस के भारी दमन के बावजूद किसान सभा के हजारों कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल हुए प्रदर्शन के दबाव में पुलिस कमिश्नर ने वार्ता का प्रस्ताव रखा जिसमें तीनों प्राधिकरणों के सीईओ मौजूद नहीं थे जबकि उनके बिना इस मुद्दे का हल किया जाना संभव नहीं है इसलिए आंदोलन के साथियों ने प्रशासन के गैर गंभीर रवैया का विरोध किया और मांग की की सभी प्राधिकरणों के अधिकारियों को शामिल वार्ता रखी जाए। पुलिस कमिश्नर में इस प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए जल्दी ही वार्ता करने का आश्वासन दिया परंतु हाई पावर कमेटी के गठन के संबंध में कोई ठोस बात नहीं कही। इस तरह वार्ता बेनतीजा रही। किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ रुपेश वर्मा ने कहा कि किसान सभा के साथी पूरी शिद्दत के साथ अपने मुद्दों को लेकर गंभीर हैं मातृशक्ति बड़ी संख्या में रोज धरने में शामिल हो रही है।

## रक्तदान शिविर विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ लिया हिस्सा



**ग्रेटर नोएडा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। जिम्स, ग्रेटर नोएडा के सहयोग से एनआईईटी, ग्रेटर नोएडा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे लगभग 150 दाताओं ने रक्तदान किया और कुल 64 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शिविर का उद्घाटन ब्रिगेडियर डॉ राकेश गुप्ता, डायरेक्टर, जिम्स ग्रेटर नोएडा ने किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि धारणा के विपरीत, रक्तदान स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है क्योंकि नियमित रक्तदान निम्न रक्तचाप और दिल के दौरे के कम जोखिम से जुड़ा है। डॉ नीमा अग्रवाल, एडिशनल मैनेजिंग डायरेक्टर, ने भी दर्शकों को संबोधित किया और कहा कि रक्त जीवन रेखा है और यह समाज की सेवा में सर्वोच्च कारणों में से एक है और यह निश्चित रूप से हृदय संबंधी जोखिम कारकों को कम करने में मदद करता है। इस अवसर पर डॉ रमन बत्रा, एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट ने कहा कि उन्हें यह देखकर खुशी हुई कि न केवल संकाय बल्कि छात्रों और स्टाफसदस्यों ने भी पूरे उत्साह के साथ दान अभियान में भाग लिया। इस अवसर पर डॉ सुकन्या बरुआ, असिस्टेंट प्रोफेसर, ब्लड बैंक, जिम्स ग्रेटर नोएडा,डॉ शिप्रा वत्स, ट्यूटर, जिम्स ग्रेटर नोएडा,कल्याण भाटी, टेक्निकल सुपरवाइजर, ब्लड बैंक, जिम्स ग्रेटर नोएडा,उमा अवस्थी, स्टाफनर्स, डॉ विनोद एम कापसे, डायरेक्टर भी उपस्थित थे।

**गाजियाबाद अंचल**

**गिरवी रखे गए सोने की सार्वजनिक नीलामी के लिए नोटिस**

एतदवारा निम्नलिखित स्वर्ण ऋण उधारकरताओं, उनके कानूनी वारिसों, स्वर्ण आभूषण/गहने/सिक्को के व्यवसाय मे लगे व्यक्तियों और आम जनता के ध्यान में लाया जाता है कि बैंक द्वारा बार-बार अनुस्मारक/नोटिस के बावजूद निम्नलिखित उधारकर्ता बैंक को अपना बकाया भुगतान नहीं कर रहे है। एतदवारा यह सूचना प्रकाशित की जाती है कि यदि वे अपने संबन्धित स्वर्ण ऋण खातों (अध्यतन ब्याज और सभी लागत शुल्क/व्यय सहित) में अपनी सभी बकाया राशि दिनांक 24.01 2024 तक जमा करने में विफल रहते हैं, तो दिनांक 27.02.2024 को शाम 4.00 बजे उनके गिरवी रखे हुए सोने के आभूषण/गहने/सिक्के सार्वजनिक नीलामी के लिए शाखा परिसर में रखे जाएंगे। इसके लिए संबंधित उधारकर्ताओं को हुई किसी भी असुविधा या छति के लिए बैंक जिमेदार नहीं होगा और इस संबंध में किसी भी उधारकर्ता के किसी भी आरोप या अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। बोली में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को 500/- (पाँच सौ रुपए मात्र) शाखा प्रबंधक के पास निर्धारित समय/तिथि से पहले बयाना राशि के रूप में जमा करना चाहिए। अंतिम बोली में भाग लेने वाले व्यक्तियों को 48 घंटे के भीतर पूरी राशि बैंक में जमा करने में सक्षम होना चाहिए ऐसा नहीं करने पर बैंक में जमा उनकी बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी। बैंक बिना कोई कारण बताए नीलामी को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, यदि इस प्रकार निकाली गई बोली का मूल्य कम या अपर्याप्त पाया जाता है। इसके अलावा, यदि आवश्यक हो, तो बैंक उपरोक्त निर्धारित नीलामी की तिथि, समय या स्थान को बदलने या बिना कोई कारण बताए उसे रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। प्रचलित दर पर टीडीएस एवं विक्र्य मूल्य पर 3% की दर से जी एस टी लागू/देय होगा।

| शाखा | खाता संख्या | उधारकर्ता का नाम | पता |
|---|---|---|---|
| जेवर | 713877610000218 | पवन कुमार पुत्र मुरारी लाल | गाँव छातंगा , पोस्ट-जेवर, जिला गौतम बुध नगर |
| जेवर | 713877610000186 | जितेंद्र तंवर पुत्र सतपाल | गाँव/जेवर खादर,पोस्ट/जेवर, जिला गौतम बुध नगर |

**शाखा प्रबन्धक, बैंक ऑफ इंडिया, जेवर।**

## भारतीय गुणता परिषद के यूथ फॉर क्वालिटी भारत महोत्सव में जीबीयू के छात्र शामिल



**ग्रेटर नोएडा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। भारत के युवाओं के बीच गुणवत्ता चेतना और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रयास में, क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (क्यूसीआई) ने गौतम बुद्ध विवि के यूपी द्वारा नई दिल्ली के मंडपम प्रगति मैदान में यूथ फॉर क्वालिटी भारत महोत्सव में गर्व से भाग लिया। कार्यक्रम में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट और इतिहास विभाग के एमबीए छात्रों ने संकायाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार श्रीवास्तव के साथ भाग लिया। पूरे देश में गुणवत्तापूर्ण प्रथाओं को बढ़ावा देने और राष्ट्र-निर्माण के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करने के उद्देश्य से आकर्षक और शैक्षिक गतिविधियों की एक श्रृंखला में भाग लेने के लिए देश भर के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण प्रथाओं को बढ़ावा देने और राष्ट्र-निर्माण के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करने के उद्देश्य से आकर्षक और शैक्षिक गतिविधियों की एक श्रृंखला में भाग लेने के लिए एक साथ लाया गया। 'गुणवत्तापूर्ण भारत के लिए युवाओं को सशक्त बनाना' की थीम के साथ, उत्सव ने छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने, विचारों का आदान-प्रदान करने और देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने वाली पहलों पर सहयोग करने के लिए एक मंच प्रदान किया। विभिन्न कार्यशालाओं, सेमिनारों, प्रदर्शनियों और प्रतियोगिताओं के माध्यम से, प्रतिभागियों को गुणवत्ता मानकों, स्थिरता, नवाचार और उद्यमशीलता के बारे में जानने का अवसर मिला। क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया के सीईओ ने इस आयोजन के प्रति अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि युवा हमारे देश के भविष्य के नेता और परिवर्तन-निर्माता हैं। यूथ फॉर क्वालिटी भारत महोत्सव जैसी पहल में उन्हें शामिल करके, हमारा लक्ष्य उन्हें सशक्त बनाना है। सकारात्मक परिवर्तन लाने और बेहतर भारत बनाने के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और मानसिकता के साथ। एसओएम, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय एमबीए छात्रों के विकास के लिए इस तरह के आयोजन में भाग लेने के लिए प्रोफेसर आर के सिन्हा (कुलपति) को उनके समर्थन, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन के लिए धन्यवाद देता है।

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्व नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है ग्राम अट्टा गुजरान में उप जिलाधिकारी, सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 331/एस0टी0-एस0डी0एम0/सदर/11 दिनांक 29.11.2011, को श्री सन्तराम पुत्र मोमराज नि0 ग्राम घरबरा तहसील सदर जिला गौतमबुद्वनगर की मृत्यु 10.08.2009 को चुकी है उनके स्थान पर उनके वारिसानों का नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अट्टा गुजरान | 286 284 | श्री सन्तराम पुत्र मोमराज नि0 ग्राम घरबरा तहसील सदर जिला गौतमबुद्वनगर | श्रीमती नथिया | पत्नी | 66 वर्ष | |
| | | | श्री विजयपाल | पुत्र | 49 वर्ष | |
| | | | श्री करतार सिंह | पुत्र | 35 वर्ष | |
| | | | श्री भगत सिंह | पुत्र | 32 वर्ष | |
| | | | प्रवीन | पौत्र | 23 वर्ष | |
| | | | श्रीमती बाला देवी | पुत्री | 42 वर्ष | |
| | | | श्रीमती सरोज देवी | पुत्री | 40 वर्ष | |
| | | | श्रीमती कैलाश देवी | पुत्री | 34 वर्ष | |
| | | | श्रीमती मनोज देवी | पुत्री | 30 वर्ष | |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

## संदर्भ : 10 फरवरी, कथाकार गुलशेर ख़ां 'शानी' का स्मृति दिवस

# शानी का कथा साहित्य आज और भी ज़्यादा प्रासंगिक है

■ ज़ाहिद ख़ान

बीसवीं सदी के छठे-सातवें दशक के प्रमुख कथाकार गुलशेर ख़ां को हिन्दी कथा साहित्य में सिर्फ़ उनके उपनाम शानी के नाम से जाना-पहचाना जाता है। अपने बेश्तर लेखन में मध्यम, निम्न मध्यमवर्गीय मुस्लिम समाज का यथार्थपरक चित्रण करने वाले शानी पर ये इल्ज़ाम आम था कि उनका कथा संसार हिंदुस्तानी मुसलमानों की ज़िंदगी और उनके सुख-दुख तक ही सीमित है। और हां, शानी को भी इस बात का अच्छी तरह से एहसास था। अपने आत्मकथ्य में शानी इसके मुताल्लिक़ लिखते हैं, "मैं बहुत गहरे में मुतमइन हूं कि ईमानदार सृजन के लिए एक लेखक को अपने कथानक अपने आस-पास से और ख़ुद अपने वर्ग से उठाना चाहिए।" ज़ाहिर है कि शानी के कथा संसार में किरदारों की जो प्रमाणिकता हमें दिखाई देती है, वह उनके सामाजिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि की वजह से ही है। शानी के कालजयी उपन्यास 'काला जल' की 'सल्लो आपा' हो या फिर 'जनाज़ा', 'युद्ध' कहानी का 'वसीम रिज़वी' ये किरदार पाठकों की याद में गर आज भी बसे हुए हैं, तो अपनी विश्वसनीयता की वजह से। शानी ने इन किरदारों को सिर्फ़ गढ़ा नहीं है, बल्कि किरदारों में जो तपिश दिखाई देती है, वह उनके तजुर्बे से मुमकिन हुई है। 'काला जल' की 'सल्लो आपा' को तो कथाकार राजेन्द्र यादव ने हिंदी उपन्यासों के अविस्मरणीय चरित्रों में से एक माना है।

हिंदी में मुस्लिम बैकग्राउंड पर जो सर्वश्रेष्ठ कहानियां लिखी गई हैं, उनमें ज़्यादातर शानी की हैं। 'युद्ध', 'जनाज़ा', 'आईना', 'जली हुई रस्सी', 'नंगे', 'एक कमरे का घर', 'बीच के लोग', 'सीढ़ियां%, 'चेहलुम', 'छल', 'रहमत के फ़रिश्ते आएंगे', 'शर्त का क्या हुआ', 'एक ठहरा हुआ दिन', 'एक काली लड़की', 'एक हमाम में सब नंगे' वग़ैरह कहानियों में शानी ने बंटवारे के बाद के भारतीय मुस्लिम समाज के दुख-तकलीफ़ों, डर, भीतरी अंतर्विरोधों, यंत्रणाओं और विसंगतियों को बड़ी ही ख़ूबसूरती से दर्शाया है। शानी की कहानियों में प्रमाणिकता और पर्यवेक्षित जीवन की अक्कासी है। लिहाज़ा ये कहानियां हिंदी साहित्य में अलग ही मुक़ाम रखती हैं। उन्होंने वही लिखा,जो देखा और भोगा। पूरी साफ़—गोई, ईमानदारी और सच्चाई के साथ वह सब लिखा जो, अमूमन लोग कहना नहीं चाहते। भाषा इतनी सरल और सीधी कि लगता है, मानो लेखक ख़ुद पाठकों से सीधा रू-ब-रू हो। कोई भी विषय हो, वे उसमें गहराई तक जाते थे और इस तरह विश्लेषित करते थे, जैसे कोई मनोवैज्ञानिक मन की गुत्थियों को परत-दर-परत उघाड़ रहा हो।

16 मई, 1933 को बस्तर जैसे धुर आदिवासी अंचल के जगदलपुर में जन्मे शानी को बचपन से ही पढ़ने का बेहद शौक़ था। पाठ्यपुस्तकों की बजाय उनका मन साहित्य में ज़्यादा रमता था। किताबों का ही नशा था, कि वे अपने स्कूली दिनों में बिना किसी प्रेरणा और सहयोग के एक हस्तलिखित पत्रिका निकालने लगे थे। बहरहाल, बचपन का यह जुनून शानी की ज़िंदगी की किस्मत बन गया। शानी ने ख़ुद इस बारे में एक जगह लिखा है, "जो व्यक्ति सांस्कृतिक, साहित्यिक या किसी प्रकार की कला संबंधी परंपरा से शून्य बंजर सी धरती बस्तर में जन्मे, घोर असाहित्यिक घर और वातावरण में पले-बड़े, बाहर का माहौल जिसे एक अरसे तक न छू पाए, एक दिन वह देखे कि साहित्य उसकी नियति बन गया है।" ज़िंदगी के जानिब शानी का नज़रिया किताबी नहीं बल्कि अनुभवसिद्ध था। यही वजह है कि वे 'युद्ध', 'जनाज़ा', 'बिरादरी', 'जगह दो रहमत के फ़रिश्ते आएंगे', 'हमाम में सब नंगे', 'जली हुई रस्सी' जैसी दिलो-दिमाग़ को झिंझोड़ देने वाली कहानियां और %काला जल% जैसा कालजयी उपन्यास हिंदी साहित्य को दे सके।



शानी के कथा संसार में मुस्लिम समाज का प्रमाणिक चित्रण तो मिलता ही है, बल्कि हिंदू-मुस्लिम संबंधों पर भी कई मर्मस्पर्शी कहानियां हैं, जो कि भुलाए नहीं भूलतीं। उनकी कहानी 'युद्ध' को तो हिंदी आलोचकों ने हिंदू-मुस्लिम संबंधों के सर्वाधिक प्रमाणित और मार्मिक साहित्यिक दस्तावेज़ों में से एक माना है। समाज में बढ़ता विभाजन हमेशा शानी की अहम चिंताओं में एक रहा। वे ख़ुद, अपनी ज़िंदगानी में भी इन सवालों से जूझे थे। लिहाज़ा उन्होंने कई कहानियों में हिंदू-मुस्लिम संबंधों के नाज़ुक सवालों को बड़ी ईमानदारी और संजीदगी से उठाया है। कथानक और तटस्थ ट्रीटमेंट इन कहानियों को ख़ास बनाता है।

संस्मरण 'शाल वनों के द्वीप' शानी की बेमिसाल कृति है। हिंदी में यह अपने ढंग की बिल्कुल अल्हदा और अकेली रचना है। इस रचना को पढ़ने में उपन्यास और रिपोर्ताज दोनों का मज़ा आता है। किताब की प्रस्तावना में शानी इसे न तो यात्रा वर्णन मानते हैं और न ही उपन्यास। बल्कि बड़ी विनम्रता से वे इसे कथात्मक विवरण मानते हैं। समाज विज्ञान और नृतत्वशास्त्र से अपरिचित होने के बावजूद उन्होंने जिस तरह मनुष्यता की पीड़ा और उल्लास का शानदार चित्रण किया है, वह पाठकों को चमत्कृत करता है। हिंदी साहित्य में आदिवासी जीवन को इतनी समग्रता से शायद ही किसी ने इस तरह देखा हो। 'शाल वनों का द्वीप' यदि शानी की बेमिसाल रचना बन पाई, तो इसकी वजह भी है। शानी ने अमेरिकन नृतत्वशास्त्री एडवर्ड जे के साथ एक साल से ज़्यादा अरसा अबुझमाड़ के बीहड़ जंगलों में आदिवासियों के बीच बिताया और आदिवासियों की ज़िंदगी को क़रीब से देखा। जिसका नतीजा, 'शाल वनों का द्वीप' है।

शानी ने कुल मिलाकर चार उपन्यास लिखे 'काला जल', 'नदी और सीपियाँ', 'साँप और सीढ़ी' और 'एक लड़की की डायरी'। इनमें 'काला जल' उनकी सर्वश्रेष्ठ कृति है। यह उपन्यास भारतीय मुस्लिम समाज का महा—आख्यान है। जिसमें आज़ादी से ठीक पहले और बंटवारे के बाद के निम्न मध्यमवर्गीय मुस्लिम समाज के सुख-दुःख, वेदना, परेशानियां और उनके असीम संघर्ष दिखाई देते हैं। हिंदी साहित्य में भारतीय मुस्लिम समाज और संस्कृति को बेहतर समझने के लिए जिन तीन उपन्यासों का ज़िक्र अक्सर किया जाता है, 'काला जल' उनमें से एक है। इस उपन्यास को पाठकों और आलोचकों ने एक सुर में सराहा। शानी के जिगरी दोस्त आलोचक धनंजय वर्मा ने %काला जल% का मूल्यांकन करते हुए लिखा है, "काला जल, हिंदी कथा परम्परा की व्यापक सामाजिक जागरूकता और यथार्थवादी चेतना की अगली और नई कड़ी के रूप में उल्लेखनीय है। वह अतीत-वर्तमान-भविष्य संबंधों का एक महा—नाटक है। जिसका रंगमंच है-एक मध्यवर्गीय भारतीय मुस्लिम परिवार। एक विशाल फ़लक पर यह सामाजिक यथार्थ का गहरी सूझ-बूझ और पारदर्शी अनुभूति के साथ मार्मिक अंकन है। पूरा उपन्यास आधुनिक भारतीय जीवन के विविध स्तरीय संघर्षों का चित्र है, जो अपनी घनीभूत और केन्द्रीय संवेदना में भारतीय जनता के आर्थिक और भौतिक संघर्ष का दस्तावेज़ है, जिसका कथा सूत्र समाज की तीन-तीन पीढ़ियों का दर्द समेटे है।"

यह बात सच है कि 'काला जल', भारतीय मुस्लिम समाज का आईना है, जिसमें हम उस समाज का अक्स देख सकते हैं। लेकिन इस उपन्यास में महज़ मुस्लिम विमर्श ही नहीं है, स्त्री विमर्श भी है। 'काला जल' में महिलाओं के जीवन और अस्मिता से जुड़े ऐसे कई सवाल हैं, जिन्हें शानी ने प्रमुखता से उठाया है। भारतीय समाज में महिलाओं के साथ जो ग़ैर-बराबरी का माहौल है। लैंगिक असमानता, अत्याचार, उत्पीड़न और उनके शोषण के कई क़िस्से 'काला जल' में महिला किरदारों के ज़रिए आये हैं। %काला जल% की व्यापक अपील और लोकप्रियता के चलते ही इस पर बाद में टेलीविजन धारावाहिक बना, जो उपन्यास की तरह ही काफ़ी मक़बूल हुआ। इस उपन्यास का भारतीय भाषाओं के अलावा अंग्रेजी और रूसी भाषा में भी अनुवाद हुआ।

## क्षणिकाएं

■ एएन तिवारी

सांसें हैं कि लेना ही है
इस रोज रोज की जिम्मेदारी से
क्यूँ न बाज आ जाए कोई !

क्यूँ न कब्रगाह हो जाए दिल
कि रोज़ कुछ न कुछ
दफ्न होता है

इक नज़र तेरी
ख़ुदा सी पड़ी मुझ पर
कि क़ाफ़िरी बंदगी में
बदलने लगी

मदद की सोच
दिल से हो,
दिमाग से
हिसाब किताब होता है.

ह्रदय से निभाना !
खौलती चाय से
जीभ जल जाने पर
कुछ रुक कर फिर पीना है.

तुझसेआती बू ए गुल का इल्म
भला हमें कैसे हो ?
तस्दीक़ करने कभी
करीब तो आने दे !

ख़ुदा को अपने वजूद की
फ़िक्र होने लगे,
जो कभी हमारी ख़्वाहिशें
कम हो जायें .

न मिली कभी
बेख़्वाहिशी की नेमत,
कि होता
बादशाहत की तसल्ली का इल्म .

दरिया सी अपनी
हैसियत से मैं मुतमईन हूँ,
कौन सागर से मिले
मिट जाने के लिए.

सेवानिवृत्त वरिष्ठ वैज्ञानिक

# रेसकोर्स के अंदरूनी खोलता लोमहर्षक उपन्यास-रेसर

समीक्षा

■ अशोक भाटिया

**उपन्यास- रेसर**
**लेखक- विवेक अग्रवाल**
**कीमत - 499**

हिंदी साहित्य जगत को सत्य अपराध विधा से रूबरू करवाने वाले देश के खोजी पत्रकार और लेखक विवेक अग्रवाल की माफिया सिरीज के उपन्यास रेसर में मुंबई अंडरवर्ल्डऔर देश के सबसे बड़े रेसकोर्स महालक्ष्मी रेसकोर्स की जमीन पर कब्जा करने, हजारों करोड़ के जुए-सट्टे पर नियंत्रण को लेकर मचे घमासान और अंदरूनी रहस्यों का पर्दाफाश है।

लेखक ने रेसकोर्स को लेकर जो ताना-बाना बुना है, वह किसी ऐसे व्यक्ति के लिए ही संभव है, जिसने इस खेल को जीवंत और वास्तविक रूप से होते देखा हो।द इंडिया इंक द्वारा प्रकाशित यह उपन्यास एक और तथ्य सामने लाकर रखता है कि राजनेता, उद्योगपति, बिल्डर, फिल्मी हस्तियां, गिरोह सरगना के झगड़े में गरीब और ऐसे लोग फंसते हैं, जिनका इससे कोई वास्ता नहीं।

लेखक ने उपन्यास के नायक जॉकी पीसी सेठ के अंतस में झांकने की बहुत ही सक्षम कोशिश की है। पीसी सेठ का चरित्र शुरू से बेहद ईमानदार और जबरदस्त जॉकी का दिखता जाता है लेकिन जैसे-जैसे उपन्यास आगे बढ़ता है, उसके चरित्र के रंग, रूप और परतें सामने आती जाती हैं।

रेसकोर्स की अंदरूनी राजनीति और क्लब पर नियंत्रण के लिए होने वाली राजनीति, उसमें बने मोहरों के टकराव की खतरनाक अंदरूनी जानकारियों और सच्चे किस्सों-किरदारों से यह किताब सजी है।

रेसर में मुंबई अंडरवर्ल्ड का रेसकोर्स में दखल और खूरेंजी के सच्चे दर्शन होते हैं। किताब में आरंभ से अंत तक पाठकों को रेसकोर्स, जुए-सट्टे, उससे जुड़े बाकी मुद्दों से जोड़ने के लिए वे तमाम वाकयात उठाएं हैं, जो इससे सीधे तौर पर जुड़े हैं। तमाम नग्न सत्य का प्रकटन करता, सच्चे किरदारों से सजा उपन्यास हर पल चौंकाता है।

इस कथा का नायक एक जॉकी, एक पुलिस अधिकारी या एक पत्रकार कौन है, ये तय करना कुछ मुश्किल सा होता है। यह पाठकों पर ही है कि वे खुद पढ़ें और तय करें कि उनका नायक असल में कौन है। विवेक अग्रवाल खुद एक सक्षम खोजी पत्रकार हैं, तो ऐसा लगता है कि उपन्यास के पत्रकार विनय में वे अपनी ही छवि देखते हुए लिखते गए हैं। लेखक ने कई अखबारों और चैनलों में काम किया है लेकिन वे अपने ही पेशे की गंदगी को उजागर करने से भी रुकते नहीं हैं। पत्रकारिता जगत के भ्रष्टाचार और गंदगी को वे सबके सामने जस का तस परोसने का साहस करते हैं।वे किताब में रमाकांत और परशुराम के जरिए रेसकोर्स की ऐसी महीन घटनाओं के साथ कथानक को आगे बढ़ाते जाते हैं कि किसी और संसार में विचरण करता सा महसूस होता है। पंटरों या जुआरियों की दुनिया के सच्चे दर्शन इन किरदारों के जरिए लेखक ने करवाए हैं।

> **रेसर में मुंबई अंडरवर्ल्ड का रेसकोर्स में दखल और खूरेंजी के सच्चे दर्शन होते हैं। किताब में आरंभ से अंत तक पाठकों को रेसकोर्स, जुए-सट्टे, उससे जुड़े बाकी मुद्दों से जोड़ने के लिए वे तमाम वाकयात उठाएं हैं, जो इससे सीधे तौर पर जुड़े हैं। तमाम नग्न सत्य का प्रकटन करता, सच्चे किरदारों से सजा उपन्यास हर पल चौंकाता है।**

विवेक अग्रवाल इस बारे में कहते हैं, 'इस उपन्यास में दिए तमाम किरदार समाज में मौजूद हैं। उन्हें ही नए नाम और स्वरूप में पेश किया है। तीन दशक से अधिक वक्त पत्रकारिता करते बीता है। उसी दौर में महालक्ष्मी रेसकोर्स के अंदर घटती घटनाओं को बेहद करीब से देखने का मौका मिला। खबरनवीसी में तो बस उन्हें जस का तस पेश करते गए। अब उन्हें एक कथानक में पिरो कर पेश किया है, जिससे सभी किरदार और घटनाएं पाठकों को जीवंत लगेंगी।

महालक्ष्मी रेसकोर्स की हाई स्टेक डर्बी रेस, घोड़ों, जुए-सट्टे वगैरह के बारे में जिस तरह तमाम तकनीकी जानकारियां उपन्यास में सामने आती हैं, उनसे लगता है कि आप खुद उस दुनिया को जी रहे हैं। जॉकियों के बीच पेशेवराना दुश्मनी की महीन जानकारियां भी सामने आती हैं।

देश का बड़ा उद्योगपति और रेस के घोड़ों का मालिक विजय मलिक का किरदार और हरकतें आपको बांध लेती हैं। मलिक का फिल्मी हस्तियों, सट्टेबाजों, राजनेताओं, जॉकियों, अमीरों की दुनिया को एक ही वक्त में साधते हुए दिखाने के लिए लेखक ने निश्चित तौर पर किसी जीवंत किरदार को सामने रखा होगा।

लेखक का अंडरवर्ल्ड डॉन दानिश खान उर्फ डीके मुंबई के गिरोह सरगना दाऊद इब्राहिम की जिरॉक्स कॉपी लगता है। वह भी खतरनाक अंडरवर्ल्ड में अपने से बड़ों को हराते, अपनी जगह बनाते, खूनखराबे और मारकाट में सड़कों पर नाम दर्ज कराते अपराधों में ठीक उसी तरह पारंगत होता दिखता है, जैसा कि सच्ची दुनिया में गिरोहबाज दिखते हैं।

पूरा उपन्यास रेसकोर्स की जमीन हड़पने की साजिश, हजारों करोड़ के जुए-सट्टे पर कब्जे, अंडरवर्ल्ड के दखल और मारकाट, टिपरों के आसपास जीत के लिए एक अदद टिप हासिल करने के लिए सदा मंडराने और चापलूसी करने वाले मध्यवर्गीय और गरीब जुआरियों की जीतने की जद्दोजहद है।

सबसे मजेदार बात तो यह है कि जिस तरह जापान के बुराईयों के देवता मीकाबोशी का मेटाफोर लेकर लेखक ने कथानक को 180 डिग्री घुमाया है, वह हिंदी उपन्यासों में आम दिखने वाला नहीं है।

लेखक ने मुंबई को अपनी लेखनी से जीवंत कर दिया है। वे जिस तरह शहर का वर्णन करते हैं, ऐसा महसूस होता है कि आप उनके साथ उस जगह पर मौजूद हैं। वे शब्दों से चित्र बनाते जाते हैं। भाषा के स्तर पर लेखक ने उपन्यास में बहुत अच्छा काम किया है। हर किरदार को उसकी अलग भाषा दी है, जिससे उपन्यास पढ़ने में रोचक हो जाता है।

व्यंग्य

# पर्दें के राम और अयोध्या

■ हरिशंकर परसाई

एक शहर में सड़क से निकल रहा था। कॉलेज का समय था। आज भी जगह-जगह लड़कियाँ छेड़ी जा रही थी। उन्हे धक्का देकर गिराया जा रहा था । मगर आसपास के लोग ऐसे चल रहे थे, जैसे कुछ हुआ ही नही हो । मुझसे चुप रहते ना बना और मैने एक आदमी से पूछ लिया, 'नारी की इज़्ज़त लूटी जा रही है और तुम सैकड़ों लोग विरोध नहीं करते, उनकी रक्षा नही करते । तुम लोग क्या सब नपुंसक हो ?'

उसने कहा, 'आप साधु हैं । दुनियादारी समझते नहीं हैं । छेड़ने वाले भी छात्र ही हैं । मारपीट करते हैं । हम बीच में पड़कर क्यों पीटें । हम अपने काम से काम रखते हैं ।'

मैंने पास खड़े एक पुलिस इंस्पेक्टर से कहा तो वह बोला, 'हम क्या करें ? ये लड़कियाँ पर हमला करनेवाले छात्र हैं और अच्छे घरों के हैं। आपका पाला अभी छात्र नेताओं से नही पड़ा । इतनी बात करने पे ही वो आपको ठोंक देते । बात यह है स्वामीजी, कि हम छात्रों से नही उलझते । हम पेशेवर गुंडे को पकड़कर हवालात में डाल दें और पिटाई कर दें, तो उसके समर्थन में गुण्डों का जुलूस नही निकलेगा । मगर इनमें से एक भी बदमाश छात्र का हाथ पकड़ लें, तो कल पुलिस के खिलाफ छात्रों का जुलूस निकल जाएगा । वे नारे लगायेंगे - छात्र वर्ग पर अत्याचार ! इंस्पेक्टर को सस्पेंड करो । छात्रों ने अपने को वर्ग बना लिया है । हम गुंडे, हत्यारे, डाकू से नहीं डरते । छात्रों से डरते हैं । समाज को ख़तरा पेशेवर गुण्डों से कम है। इन छात्रों से ज़्यादा !'

तुलसी ने पूछा, 'इंस्पेक्टर साहब क्या सभी छात्र ऐसे हो गये हैं ?'

इंसपेक्टर ने कहा, 'नहीं सिर्फ़ दो-तीन प्रतिशत । मगर राज़ यही करते हैं । बस में ये औरतों के चेन छीन लेते हैं । अगर बस में बैठे चालीस-पचास आदमी सिर्फ़ चिल्लायें, तो भी ये डरकर ढेर हो जाएँ । पर कोई चिल्लाता भी नही है। जब पब्लिक का यह हाल है, तो हम क्या करें ? जिसमें पब्लिक की रज़ामंदी है, वह होने देते हैं । हम 'पब्लिक सर्वेंट' कहलाते हैं ना !'

तुलसीदास आगे बढ़ा तो इंस्पेक्टर ने पुकारा, बोला, 'आप लड़कियाँ भगाते हैं क्या ? या अफ़ीम की तस्करी करते हैं ? योग क्लास चलाते हैं कहीं और राजनेताओं के लिए अनुष्ठान करते हैं ? किन तस्करों से मिले हैं ? क्या सी आई ए के एजेंट हैं ?'

तुलसी ने कहा, 'मैं इनमें से कुछ नही करता ।'

इंस्पेक्टर ने कहा, 'तो क्यों ज़िंदगी बर्बाद कर रहे हो ? अरे जुए का अड्डा ही खोल लो मेरे क्षेत्र में । हफ़्ता देते जाना बराबर ।'

तुलसीदास को हँसी आ गयी और दारोगा समझ गया की यह किसी काम का साधु नहीं ।

तुलसीदास की भेंट शाम को एक हिन्दी के प्रोफेसर से हो गयी । वह विश्वविद्यालय परिसर में अपने बंगले ले गया ।

तुलसी ने कहा, 'अब गुरु कितने आराम से रहते हैं- बंगला है, फर्निचर है, फ्रिज है, कूलर है, बगीचा है। अब आप लोग बड़े मनोयोग से पढ़ाते होंगे ।'

आचार्य ने कहा, 'नहीं पढ़ाते । पढ़ते भी नहीं हैं । जिस दिन हमारी नियुक्ति होती है, उस दिन से हम अध्ययन बंद कर देते हैं । कारखाने का मिस्त्री तो काम करते-करते नयी कुशलता प्राप्त करता जाता है, पर हमने जो पढ़ा है, उसे भी भूल जाते हैं । हम गुटबंदी में, एक-दूसरे की टाँग खींचने में और माया जोड़ने में लगे रहते हैं । पढ़ाते भी नहीं हैं क्योंकि छात्रनेता क्लास ही नहीं लगने देते ।'

बात हो ही रही थी कि छात्रों को मेरा पता लगा । दो तीन छात्र नेता आ गये । बोले, 'तुम तुलसीदास हो न! तुमने इतना कठिन क्यों लिखा ?'

तुलसी ने कहा, 'मैंने बहुत सरल लिखा है।'

छात्र नेताओं ने कहा, 'नहीं, फिर भी कठिन है । तुम 'गीतवली' फिर से सरल लिख कर जाओगे । वह कोर्स में है । छात्रों को परेशानी होती है।'

तुलसी ने कहा, 'काव्य इस तरह कह देने से नहीं लिखा जाता ।'

वे बोले, 'तुम्हें लिखना होगा, वरना विश्वविद्यालय से बाहर नही जा सकोगे। हम तुम्हारी हड्डी-पसली तोड़ देंगे ।'

## ग़ज़ल

चराग़ अपनी थकन की कोई सफ़ाई न दे
वो तीरगी है कि अब ख़्वाब तक दिखाई न दे

मसर्रतों में भी जागे गुनाह का एहसास
मिरे वजूद को इतनी भी पारसाई न दे

बहुत सताते हैं रिश्ते जो टूट जाते हैं
ख़ुदा किसी को भी तौफ़ीक़-ए-आश्नाई न दे

मैं सारी उम्र अँधेरों में काट सकता हूँ
मिरे दियों को मगर रौशनी पराई न दे

अगर यही तिरी दुनिया का हाल है मालिक
तो मेरी क़ैद भली है मुझे रिहाई न दे

दुआ ये माँगी है सहमे हुए मुअर्रिख़ ने
कि अब क़लम को ख़ुदा सुर्ख़ रौशनाई न दे

■ मेराज़ फैज़ाबादी



प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

उवाच

अनुसूचित जाति के छात्र बड़ी संख्या में अब भी स्कूल छोड़ रहे हैं। सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि इस वर्ग के हर छात्र की शिक्षा पूरी होनी चाहिए। विभिन्न विभागों में कई पद खाली हैं, लेकिन सरकार का रोजगार देने का वादा जुमला साबित हो रहा है।

–गिरीश चंद्र, बसपा नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 21.0 | 09.0 |
| मुंबई | 27.0 | 22.0 |
| कोलकाता | 20.0 | 14.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 26.0 |

# राम नाम का राजनीतिक इस्तेमाल हो रहा : कांग्रेस

## संसद में विपक्ष ने भाजपा पर राम के नाम पर राजनीति करने को लेकर साधा निशाना

**नई दिल्ली,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। सत्रहवीं लोकसभा के आखिरी सत्र के अंतिम दिन लोकसभा में सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के सदस्यों ने राम के नाम पर आज जमकर राजनीति करते हुए एक दूसरे पर निशाना साधा और कहा कि राम का नाम ही सत्य एवं सनातन है तथा उसमें ही लोक कल्याण समाहित है। कांग्रेस के गौरव गोगोई ने चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि भाजपा राम के नाम का राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करती है। उनका कहना था कि राम सेवा भाव है और सेवा भाव से जनता को अधिकार देने का काम कांग्रेस पार्टी में किया है। गोगोई ने कहा कि भारत आस्था का देश है। राम का नाम सेवा भाव से समाज के कमजोर वर्ग के लोगों की सेवा कर उनको साधने का नाम है। राम सेवा भाव का नाम है जो इंसानियत से हमें जोड़े रखता है। उन्होंने कहा कि राम हमारे जीवन का आधार है। हमारी सुबह राम-राम से होती है और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन का अंत हे राम से होता है। राम आधार है, हमारे जीवन का संचार बनाए रखता है और समाज में सेवा भाव जागृत करता है। राम हम सब के साथ हैं। वह सबके पिता है। वह हमारी सफलता और असफलता, सब कुछ हैं।



राम का नाम सेवा भाव से समाज के कमजोर वर्ग के लोगों की सेवा कर उनको साधने का नाम है : गौरव गोगोई

### राम की सेना में वंचित, शोषित व पिछड़े थे

कांग्रेस नेता ने कहा कि राम की सेना में वंचित, शोषित और पिछड़े थे। इन सबमें राम ने आत्मविश्वास भरा था और इसी आत्मविश्वास के बल पर राम की सेना ने रावण को हराकर राम राज्य को परिभाषित किया था। कांग्रेस ने राम के इसी महान स्वरूप को पहचाना और सेवा भाव से लोगों का काम कर जनता को अधिकार दिए। उन्होंने भाजपा सरकार की राम भक्ति पर भी सवाल उठाए और कहा कि अनुसूचित जाति और जनजाति के खिलाफ अपराध हो रहे हसीन। एक साल में 50 प्रतिशत अपराध पिछड़ों, दलितों और वंचितों के साथ बढ़े है। विश्वविद्यालय में भेदभाव हो रहा है। महिलाओं के साथ जाति और लिंग के आधार पर शोषण हो रहा है। संसद की रिपोर्ट में यह बात कही गई है तो क्या इनकी यही राम भक्ति है जहां राम के जनों के साथ भेदभाव किया जाता है।

### राम के नाम पर नफरत कैसे फैलाई जा सकती है

कांग्रेस के रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि राम मंदिर के निर्माण के साथ साथ राम को आत्मसात करने की भी जरूरत है। उन्होंने कहा कि राम जन जन के हैं, करूणा हैं, न्याय हैं और वचन की मर्यादा हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन सवाल उठता है कि राम के नाम पर नफरत कैसे फैलाई जा सकती है। राम के नाम पर गरीबों और वंचितों का शोषण कैसे किया जा सकता है। यदि राम ही नैतिकता हैं तो उनके नाम पर देश में विभाजन की कोशिश कैसे की जा सकती है। उन्होंने कहा कि श्रीराम को मर्यादा पुरूषोत्तम कहा जाता है तो फिर उनके नाम पर शासन की नीति पूंजीपतियों की शरण में कैसे बनायी जाती है। उन्होंने कहा कि राम का अनुसरण करते हैं तो सवाल और जवाबदेही से क्यों भागा जाता है। भाजपा के समीर उरांव ने कहा कि यह मंदिर कार सेवकों के बलिदान का प्रतीक है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के समय समूचे देश के नागरिकों का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने कहा कि मंदिर के निर्माण से उन लोगों को करारा जवाब मिला है जिन्होंने राम के जन्म को काल्पनिक बताया था। मनोनीत सोनल मानसिंह ने कहा कि श्रीराम ने त्रेता युग में ही भारत जोड़ो यात्रा की थी।

उन्होंने कहा कि पता नहीं अब देश में कैसी भारत जोड़ो यात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि यह बडे हर्ष की बात है कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पूरे विधि विधान से हुई है। लोकसभा में भाजपा के सत्यपाल सिंह ने नियम 193 के तहत राम मंदिर का निर्माण एव श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा विषय पर आयोजित चर्चा में हिस्सा लेते हुए शनिवार को कहा कि राम सर्वत्र है, राम सबके हैं राम हमारे पूर्वज हैं, राम घाट घाट वासी हैं, राम रोम रोम वासी हैं, राम संप्रदायिक नहीं है, राम सत्य, सनातन और शाश्वत है। उन्होंने कांग्रेस पर राम को नकराने का आरोप लगाया और कहा कि 2007 में राम सेतु को लेकर जब मामला कोर्ट में चला था तो कांग्रेस ने न्यायालय में राम के अस्तित्व को ही खारिज कर दिया था। ऐसा कर कांग्रेस ने तब न सिर्फ राम क नकारा बल्कि राम से जुड़ी अपनी सभ्यता, संस्कृति और विरासत को भी नकार दिया था। भाजपा नेता ने कहा कि 500 साल पहले जब राम मंदिर तोड़ा गया था तो तब ही राम भक्तों ने दोबारा मंदिर निर्माण का संकल्प ले लिया था। इसके लिए एक लाख 74000 लोगों ने अपनी जान दी। अयोध्या में 50 कार सेवकों पर गोली चलाई गई थी। साल 1854 में जब से राम चबूतरे के निशान मिले थे तब से ही राम मंदिर निर्माण की अलख तेजी से जगने लगी थी।

### राम मंदिर के लिए पूरा श्रेय मोदी को देना गलत : प्रियंका चतुर्वेदी

शिव सेना की प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण ऐतिहासिक है और इस क्षण पर शिवसेना के योगदान का भी उल्लेख किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि 6 दिसम्बर की घटना के बाद जब बाला साहेब ठाकरे से पूछा गया कि क्या इसमें शिव सेना का भी हाथ है तो उन्होंने कहा था कि हाथ ही नहीं शिव सेना का पैर भी है। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के लोग राम मंदिर के लिए पूरा श्रेय मोदी को दे रहे हैं जो उन लोगों का अपमान है जिन्होंने राम मंदिर के लिए आहूति दी। आम आदमी पार्टी के अशोक मित्तल ने राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि इस दिन पूरे देश में दीपावली मनाई गई। भाजपा के बाबू राम निषाद ने राम मंदिर निर्माण के लिए प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के गरीब को उसका हक और अधिकार दिया।



## संसद से

### हर क्षेत्र में प्रगति करते हुए विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा पर है भारत : धनखड़

सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन में कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले यह उच्च सदन का अंतिम सत्र था और यह छोटा लेकिन बेहद महत्वपूर्ण सत्र रहा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में कहा कि भारत हर क्षेत्र में प्रगति करते हुए विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा पर है। देश अभी अमृतकाल से गुजर रहा है और सभी सदस्यों को इसमें अपना हर संभव योगदान देना है। इस दौरान नौ बैठकों में सदन में 116 राष्ट्रीय महत्व के विषय लाए गए और प्रश्नकाल के दौरान डेढ सौ के करीब प्रश्न पूछे गए। इस सत्र की उत्पादकता असाधारण रूप से 137 प्रतिशत रही। सत्र में सदस्यों ने 15 क्षेत्रीय भाषाओं में अपनी बात रखी। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और सामान्य बजट पर चर्चा के अलावा सदन ने सात महत्वपूर्ण विधेयक भी पारित किए। सत्र में 22 निजी विधेयक भी पेश किए गए। इन सदस्यों का कार्यकाल फरवरी से जुलाई के बीच होगा और पूरा सदन इनके योगदान की सराहना करता है।

### भारत की संस्कृति व रामायण को अलग करके देखा ही नहीं गया : अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में शनिवार को नियम 193 के तहत 'ऐतिहासिक श्रीराम मंदिर के निर्माण और श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा' विषय पर चर्चा में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति और रामायण को अलग करके देखा ही नहीं गया। कई भाषाओं, संस्कृतियों और धर्मों में रामायण का जिक्र है। कई सारे देशों ने रामायण को स्वीकारा और आदर्श ग्रंथ के रूप में प्रस्थापित किया है। राम और रामायण से अलग देश की कल्पना हो ही नहीं सकती। ये लड़ाई 1528 से लड़ी जा रही थी। दशकों तक लड़ाई चली। तकरीबन 1858 से कानूनी लड़ाई चल रही थी। 330 साल के बाद कानूनी लड़ाई का आज अंत आया है और रामलला अपने गर्भगृह के अंदर विराजमान हैं। अमित शाह ने कहा कि आंदोलन से अनभिज्ञ होकर इस देश के इतिहास को पढ़ ही नहीं सकता। 1528 से हर पीढ़ी ने इस आंदोलन को वाचा दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समय में ही यह परवान चढ़ा और स्वप्न सिद्ध हुआ।

### सांसदों के संग मोदी ने संसद की कैंटीन में किया भोजन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को विभिन्न राजनीति दलों के सांसदों के साथ संसद की कैंटीन पहुंचे और उनके साथ अपराह्न का भोजन किया। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि इन सांसदों को अपराह्न करीब ढाई बजे इस अनौपचारिक भोजन की सूचना मिली। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री मोदी जब कैंटीन में पहुंचे, तो सांसदों से कहा मेरे साथ चलिए, आपको सजा नहीं दूंगा। प्रधानमंत्री के साथ अपराह्न का भोजन करने वाले सांसदों में भाजपा सांसद हिना गावित, एस फेंगनोन कोन्याक, जामयांग नाम्ग्याल, एल मुरुगन, तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) सांसद राम मोहन नायडू, बहुजन समाजवादी पार्टी (बसपा) सांसद रितेश पांडे और बीजू जनता दल (बीजद) सांसद सस्मित पात्रा शामिल थे। मोदी और सांसदों के बीच भोजन पर चर्चा करीब 45 मिनट चली। मोदी ने इस बैठक की चार तस्वीरें सोशल मीडिया पर कीं और लिखा, आज अपराह्न में शानदार भोजन का आनंद लिया।

### मैं भगवान राम की इज्जत करता हूं पर गोडसे से नफरत करता रहूंगा : ओवैसी

लोकसभा में एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि मैं मर्यादा पुरुषोत्तम राम की इज्जत करता हूं, मगर नाथूराम गोडसे से मेरी नस्लें नफरत करती रहेंगी। ओवैसी ने पूछा क्या मोदी सरकार एक समुदाय या एक मजहब की सरकार है या सभी पूरे देश की सभी मजहबों को मानने वालों की सरकार है। क्या इस सरकार का कोई मजहब है। मेरा मानना है कि इस देश का कोई मजहब नहीं है। क्या 22 जनवरी का पैगाम देकर ये सरकार यह बताना चाहती है कि एक मजहब को दूसरे मजहब को मानने वालों पर जीत मिली है। क्या संविधान इसकी इजाजत देता है।

### राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

संसद के बजट सत्र के अंतिम दिन शनिवार को राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन में 'ऐतिहासिक राम मंदिर निर्माण व राम लला की प्रतिष्ठा पर अल्पकालिक चर्चा समाप्त होने पर कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी। बजट सत्र गत 31 जनवरी को शुरू हुआ था और यह नौ फरवरी को संपन्न होना था लेकिन अर्थव्यवस्था की स्थिति व राम मंदिर के विषय पर चर्चा कराने के लिए सत्र की अवधि एक दिन के लिए बढ़ाई गई जिससे सत्र की अवधि एक दिन बढ़ानी पड़ी और यह शनिवार को संपन्न हुआ।

## सार संक्षेप

### मप्र में लाड़ली बहनों की राशि की गई अंतरित

**मंडला।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को यहां आयोजित एक कार्यक्रम के बीच प्रदेश की लाड़ली बहनों के खातों में राशि अंतरित कर दी। डॉ. मोहन यादव ने एक्स के माध्यम से बताया है कि आज मंडला में आयोजित कार्यक्रम से प्रदेश की 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों को 1576 करोड़ रुपए की राशि एवं 56 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खाते में 340 करोड़ रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से की अंतरित।

### बंगाल के संदेशखली में धारा 144 लागू

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना के संदेशखली प्रखंड में शनिवार को धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई और फरार चल रहे तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख तथा उनके दो करीबी दोस्तों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर स्थानीय लोगों के विरोध प्रदर्शन के हिंसक हो जाने के बाद इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गईं। गुस्साई भीड़ ने आरोपी के पोल्ट्री फार्म और अचल संपत्तियों को आग लगा दी। स्थानीय प्रशासन ने वहां शुक्रवार रात से ही निषेधाज्ञा लागू कर दी है।

### तेलंगाना में अभियंता रिश्वत लेते गिरफ्तार

**हैदराबाद।** तेलंगाना में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शनिवार को महबूबनगर नगरपालिका के सहायक अभियंता, एस पृथ्वी को 50,000 रुपए का रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। सहायक अभियंता पृथ्वी को एसीबी ने उस समय रंगे हाथों गिरफ्तार किया जब वह महबूबनगर शहर के पालसबगुट्टा के एक नगरपालिका ठेकेदार पीतला यदैया से रिश्वत ले रहे थे। एसीबी के एक बयान के अनुसार रिश्वत का अनुरोध आधिकारिक समर्थन प्रदान करने के लिए किया गया था, विशेष रूप से एम बुक्स को रिकॉर्ड करने, यदैया द्वारा निष्पादित दो कार्यों के बिलों का भुगतान करने और उसे 11 लाख रुपए की कुल राशि को मंजूरी प्रदान करने के लिए किया गया था।

### समीर वानखेड़े के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज

**मुंबई।** ईडी ने मुंबई एनसीबी के पूर्व जोनल निदेशक समीर वानखेड़े के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। ईडी के सूत्रों ने वानखेड़े के खिलाफ धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत मामला दर्ज किये जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इस सिलसिले में ईडी ने एनसीबी के तीन अधिकारियों को भी पूछताछ के लिए बुलाया है। इससे पहले वानखेड़े के खिलाफ सीबीआई ने 25 करोड़ रुपये की जबरन वसूली का मामला दर्ज किया था।

## झाबुआ का दौरा करेंगे मोदी

**झाबुआ,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 फरवरी रविवार को मध्यप्रदेश के भ्रमण पर रहेंगे। मोदी जनजातीय बहुल क्षेत्र झाबुआ में जनजातीय बंधुओं से भी रू-ब-रू होंगे। झाबुआ में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 7500 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री सड़क, रेल, बिजली और जल क्षेत्र से संबंधित अनेक परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। वे झाबुआ में सीएम राइज स्कूल का शिलान्यास भी करेंगे। साथ ही स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को 1.75 लाख अधिकार अभिलेख वितरित करेंगे। इससे लोगों को उनकी जमीन के अधिकार के लिए दस्तावेजी साक्ष्य उपलब्ध हो जाएंगे। मोदी प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत 559 गांवों के लिए 55.9 करोड़ रुपये जारी करेंगे। इस राशि का उपयोग आंगनवाड़ी भवन, राशन की दुकानों, स्वास्थ्य केंद्र, स्कूलों में अतिरिक्त कमरे, आंतरिक सड़कों सहित विभिन्न प्रकार की निर्माण गतिविधियों के लिए किया जाएगा।

## लोकसभा ने 222 कानून किए पारित : ओम बिरला

### 97 प्रतिशत रही 17वीं लोकसभा की कार्य उत्पादकता

**नई दिल्ली,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि 17वीं लोक सभा (2019-24) की कार्य उत्पादकता लगभग 97 प्रतिशत रही है और यह पिछली पांच लोक सभाओं में सबसे अधिक उत्पादक रही। सत्रहवीं लोकसभा का पंद्रहवां सत्र शनिवार को अनिश्चित काल के लिए स्थगित किया गया।

यह बजट सत्र 31 जनवरी को शुरू हुआ और पहले इसे नौ फरवरी को सम्पन्न होना था लेकिन इसकी अवधि एक दिन बढ़ा दी गई थी। इस 11 दिन के सत्र में नौ बैठकें हुईं। वर्तमान लोकसभा के विस्तारित बजट सत्र के अंतिम दिन बिरला ने बताया कि कुल मिलाकर 274 बैठकें हुईं जिनमें 1354 घंटे तक काम चला। उन्होंने बताया कि 17वीं लोकसभा में सदन ने नियत समय से 345 घंटे की अधिक अवधि तक बैठकें कीं और व्यवधान के कारण 387 घंटे का समय व्यर्थ हुआ। उन्होंने बताया कि इस लोकसभा ने 222 कानून पारित किए और इस दौरान सदन में 202 विधेयक पुर:स्थापित किए गए। अध्यक्ष ने बताया कि इस सदन के 543 सदस्यों में से 540 सदस्यों की सदन में चर्चा में भागीदारी रही और 17वीं लोक सभा में महिलाओं का अब तक का अधिकतम प्रतिनिधित्व रहा है और महिला सदस्यों ने कार्यवाही में सक्रिय भागीदारी की।



उन्होंने बताया कि वर्तमान लोक सभा के अब तक के कार्यकाल में संसदीय समितियों की 69 प्रतिशत से अधिक सिफारिशों को सरकार द्वारा स्वीकार किया गया। लोकसभा की उत्पादकता पर बोलते हुए बिरला ने कहा कि 17वीं लोक सभा की कुल कार्य उत्पादकता लगभग 97 प्रतिशत रही, जो पिछली पांच लोक सभाओं में सबसे अधिक है। बिरला ने 17वीं लोकसभा के दौरान पारित कुछ ऐतिहासिक कानूनों का उल्लेख करते हुए कहा कि संसद के नए भवन में सर्वप्रथम नारी शक्ति वंदन विधेयक, 2023 को चर्चा के लिए लिया गया और सभी दलों के सहयोग से यह ऐतिहासिक विधेयक उसी दिन पारित किया गया।

### शून्य काल के अंतर्गत 5568 मामले उठाए गए


लोस अध्यक्ष ने कहा कि इस लोकसभा के कार्यकाल में शून्य काल के अंतर्गत 5568 मामले उठाए गए। इस अवसर पर कार्यवाही की अध्यक्षता करते हुए बिरला ने कहा कि सत्रहवीं लोकसभा जिसकी पहली बैठक 17 जून, 2019 को हुई थी कई मायनों में ऐतिहासिक रही। बिरला ने कहा कि इस सत्रहवीं लोकसभा के 543 सदस्यों में से 540 सदस्यों की सदन में चर्चा में भागीदारी रही। इसमें महिलाओं का अधिकतम प्रतिनिधित्व रहा है और सदन की कार्यवाही में उनकी सक्रिय भागीदारी रही।

## लद्दाख में नागरिक हवाई अड्डे की तैयारी

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। ऐसे में जबकि लद्दाख सेक्टर में चीन सीमा पर तनातनी का माहौल चार साल पूरे करने जा रहा है, भारत सरकार ने सियाचिन हिमखंड के बेस कैंप थोईस में अब एक सिविलियन एयरपोर्ट बनाने की पूरी तैयारी कर ली है। इसकी खातिर निविदा भी जारी कर दी गई है। यह लद्दाख का दूसरा नागरिक हवाई अड्डा होगा।

अधिकारियों के मुताबिक, हालांकि इस हवाई अड्डे को बनाने की घोषणा 5 मई 2020 को चीनी सेना द्वारा लद्दाख में कई किमी भारतीय भूभाग पर कब्जा कर लिए जाने की घटना के करीब एक साल बाद की गई थी। तब लद्दाख में चार नए नागरिक हवाई अड्डे और 37 हेलिपैड बनाने की घोषणा के साथ ही चीन सीमा पर एलओसी से सटे इलाकों में भी सैनिक हवाई अड्डों को उन्नत करने की घोषणा ने चीन की त्यौरियां चढ़ां दी थीं। जानकारी के लिए जिस नुब्रा वैली के थोईस में लद्दाख के दूसरे नागरिक हवाई अड्डे के लिए टेंडर जारी किए गए हैं वह चीन से सटी एलएसी से करीब 300 किमी की दूरी पर हैं पर यह उस सियाचिन हिमखंड के बेस कैंप में जरूर है जो पाकिस्तान के साथ कई बार युद्ध का कारण बन चुका है और जो दुनिया का सबसे ऊंचाई वाला युद्ध क्षेत्र है।



- चीन सीमा पर तनातनी के बीच निविदा जारी हुईं
- 53 सौ वर्ग मीटर में फैला होगा नागरिक हवाई अड्डा

### हवाई अड्डे पर आएगी 130 करोड़ की लागत

मिलने वाली जानकारी के मुताबिक, करीब 130 करोड़ की लागत से बनने वाला थोईस का नागरिक हवाई अड्डा 5300 वर्ग मीटर में फैला होगा। जो पूरी तरह से वातानुकूलित होगा। हालांकि थोईस में पहले से ही एक सैनिक हवाई अड्डा है पर नुब्रा में पर्यटकों की आमद और पाकिस्तानी सेना की आपत्तियों के बावजूद सियाचिन हिमखंड को पर्यटकों के लिए खोले जाने के बाद लद्दाख में एक नागरिक हवाई अड्डे की जरूरत महसूस की जा रही थी। लेह से थोईस की दूरी 140 किमी के करीब है। इतना जरूर है कि सियाचिन हिमखंड को नागरिक पर्यटन के लिए कब का खोला जा चुका है पर अभी भी यह उतने पर्यटकों को आकर्षित नहीं कर पाया है जितनी उम्मीद थी।

## कांग्रेस बनाएगी भारत को सबसे मजबूत लोकतंत्र : कमलनाथ

**भोपाल,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि देश में अब जब विपक्ष को कमजोर करने की कोशिशें हो रहीं हैं, तब कांग्रेस ही इस तानाशाही का मुकाबला करते हुए देश को सबसे मजबूत लोकतंत्र बनाएगी। कमलनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, कांग्रेस की विचारधारा सत्य, धर्म और न्याय की विचारधारा है।

देश के सभी धर्म, जाति, क्षेत्र, भाषा और विचार के लिए कांग्रेस की विचारधारा में समान स्थान और सम्मान है। कांग्रेस पार्टी के 138 वर्ष के इतिहास में ज्यादातर समय संघर्ष और सेवा में गुजरा है। आजादी की लड़ाई के आंदोलन में तानाशाही से संघर्ष में कांग्रेस के नेताओं में देश सेवा की होड़ लगी रही। आजादी के पश्चात राष्ट्र निर्माण ही कांग्रेस का एकमात्र ध्येय है। उन्होंने कहा कि आज जब देश में विपक्ष को कमजोर करने की कोशिश हो रही है और लोकतंत्र पर हमले हो रहे हैं तब भी कांग्रेस पार्टी और उसकी विचारधारा ही तानाशाही का मुकाबला करेगी और देश को दुनिया का सबसे सुंदर और मजबूत लोकतंत्र बनाएगी।

योजना

पलामू पाईपलाईन सिंचाई योजना के शिलान्यास कार्यक्रम में बोले चम्पाई सोरेन

## पलामू प्रमंडल क्षेत्र के छोटे-बड़े किसान योजना से होंगे लाभान्वित

**रांची, 10 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि पलामू जिला अंतर्गत पलामू पाईपलाईन सिंचाई योजना का शिलान्यास हो रहा है और यह एक महत्वपूर्ण योजना है। सोरेन ने शनिवार को पलामू जिला स्थित शिवाजी मैदान डाल्टेनगंज में आयोजित पलामू पाईपलाईन सिंचाई योजना का शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस योजना के पूरा होने से पूरे पलामू प्रमंडल क्षेत्र के छोटे-बड़े किसान लाभान्वित होंगे।**

पलामू अक्सर सुखाड़ के चपेट में रहता है। समय पर वर्षा नहीं होने के कारण अथवा कम वारिश के कारण सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न होती रही है। हमारी सरकार की सोच है कि पलामू पूर्ण रूप से हरा-भरा रहे इस निमित्त आज एक ऐतिहासिक सिंचाई योजना पलामू पाईपलाईन सिंचाई योजना का शिलान्यास हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश-दुनिया जब तेज गति से प्रगति कर रहा है। आधुनिक युग में पहुंच गया है तो हमारा झारखंड क्यों पीछे रहेगा। हम यहां के किसानों के खेत-खलिहान में 12 महीना पानी पहुंचाएंगे इस संकल्प के साथ हमारी सरकार कार्य कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की सोच को हमारी सरकार आगे बढ़ा रही है। आज पलामू की धरती पर इस सिंचाई योजना का शिलान्यास होने से यहां के छोटे-बड़े डैम, चेक डैम, तालाब, आहर सहित विभिन्न जलाशयों में सिंचाई हेतु जल का संग्रह किया जा सकेगा। पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के सोच के अनुरूप सभी योजनाओं को हम धरातल पर उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे। सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार के गठन के चंद दिनों में ही कोरोना संक्रमण की विकट स्थिति उत्पन्न हुई।

कोविड-19 का प्रभाव इतना भयावह था कि देश और दुनिया में पूर्ण रूपेण लॉकडाउन लग गया। कोरोना संक्रमण से डर का माहौल बना। ऐसी विपरीत परिस्थिति में भी पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार ने झारखंड में कोरोना संक्रमण मैनेजमेंट को लेकर इतना बेहतर कार्य किया कि बिना कोई अपरा-तफरी के एक-एक व्यक्ति तक हर सुविधा उपलब्ध कराई। राज्य में कोई एक व्यक्ति भी भूखा नही सोया। हमारे प्रवासी मजदूरों को विभिन्न माध्यमों से घर वापस लाने का काम हमारी सरकार ने कर दिखाया। वैसे मजदूर जो लूंगी और हवाई चप्पल पहनकर कार्य करते हैं उन्हें भी हवाई जहाज से वापस झारखंड लाने का कार्य कर दिखाया। कोरोना संक्रमण से पहले हमारे मेडिकल अस्पतालों में न ही ऑक्सीजन, वेंटीलेटर और न ही उतनी बड़ी संख्या में बेड उपलब्ध थे। पूर्ववर्ती सरकारों ने स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर किसी प्रकार का कोई काम नहीं किया। परंतु हमारी सरकार ने उस स्थिति में भी वेंटिलेटर, ऑक्सीजन, बेड सहित कई सुविधाओं में बेहतरीन कार्य करके दिखाया और झारखंड वासियों की जीवन रक्षा करने का कार्य किया।



- खेत-खलिहान में 12 माह पानी पहुंचाने के संकल्प के साथ सरकार कर रही काम

# प्रादेशिकी

**एक करोड़ की स्मैक के साथ दो अंतरराष्ट्रीय नशा तस्कर गिरफ्तार**

रुद्रपुर। नेपाल की पार्टी को एक किलो स्मैक की सप्लाई देने आ रहे दो तस्करों को एसटीएफ और खटीमा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। उत्तराखंड एसटीएफ की कुमाऊं यूनिट और खटीमा पुलिस ने संयुक्त रूप से खटीमा क्षेत्र से एक किलो स्मैक के साथ दो अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी बरेली से स्मैक की खेप नेपाल की पार्टी को सप्लाई करने आए हुए थे। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। घटनाक्रम के अनुसार पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि अंतराष्ट्रीय बॉर्डर भारत नेपाल क्षेत्र के खटीमा में स्मैक की भारी खेप सप्लाई होने जा रही है।

## हिंसा में उपद्रवियों ने नगर निगम को पहुंचाया सबसे ज्यादा नुकसान



**हल्द्वानी,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। हल्द्वानी में हिंसा की आग भले ही ठंडी हो गई हो, लेकिन उसके निशान अभी भी मौजूद हैं। जिला प्रशासन ने हिंसा में हुए नुकसान का आकलन करीब सात करोड़ रुपए बताया है। सबसे ज्यादा नुकसान नगर निगम को करीब चार करोड़ रुपए का हुआ है। हल्द्वानी बनभूलपुरा अग्निकांड में सरकारी संपत्ति में नगर निगम और पुलिस विभाग की संपत्ति को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार उनकी तीन जेसीबी को आग के हवाले किया गया है। नगर निगम की कई अन्य संपत्तियों को भी जलाया गया है, जिसके हिसाब से हल्द्वानी नगर निगम ने अपने नुकसान का आकलन करीब चार करोड़ रुपए बताया है।

इसके अलावा पुलिस विभाग की बात की जाए तो पीएससी की एक बस, पुलिस के दो वाहन कई कारें और 50 से अधिक दोपहिया वाहनों को फूंका गया है। अभी भी दर्जनों गाड़ियों हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में पड़ी हुई हैं। गाड़ियों के हुए नुकसान के लिए जिला प्रशासन ने परिवहन विभाग को नोडल बनाया है।

### पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधियों की धारा बढ़ाई

बनभूलपुरा हिंसा प्रकरण में पुलिस ने अलग-अलग कुल तीन मुकदमों में से एक में गैरकानूनी गतिविधियां (यूएपीए) की धारा बढ़ा दी है। मुख्य प्रवक्ता पुलिस मुख्यालय नीलेश आनंद भरने ने बताया कि स्थिति अब नियंत्रण में है। प्रदेश में फोर्स को अलर्ट पर रखा गया है। क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग और गश्त कार्रवाई की जा रही है। आईजी ने बताया कि अभी तक 16 आरोपितों के नाम सामने आ चुके हैं, जबकि इनमे से अरशद अयूब, महमूद आलम व जीशान को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं बगीचे का मालिक अब्दुल मलिक फरार है।

### 5 हजार से ज्यादा उपद्रवियों पर मुकदमा

हल्द्वानी। हिंसा के बाद बनभूलपुरा इलाके में पैरामिलिट्री की 10 कंपनियां तैनात हैं। पीएसी की 5 कंपनियां भी यहां सुरक्षा व्यवस्था संभाल रही हैं। इसके साथ ही कुमाऊं मंडल की सभी थानों की पुलिस भी हल्द्वानी में तैनात है। पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन की टीम दंगाइयों को चिन्हित करने का काम कर रही है। हल्द्वानी नगर निगम और पुलिस द्वारा हल्द्वानी कोतवाली में 5000 से अधिक अज्ञात लोगों के साथ-साथ 19 नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जिला प्रशासन आगजनी और हिंसा में हुए नुकसान का आकलन करने में जुटा हुआ है।

### हल्द्वानी हिंसा का असर पर्यटन व्यवसाए पर

हल्द्वानी में हुई हिंसा का असर पर्यटन क्षेत्र में भी पड़ा है। वीकेंड पर नैनीताल आने वाले सैलानी इस बार नहीं आए। बृहस्पतिवार को चुंगी से दो से ढाई सौ गाड़ियां पास हुई थी जबकि शुक्रवार को यह संख्या बमुश्किल सौ का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाई। उत्तराखंड से बाहर के सैलानी होटल कारोबारियों से हिंसा और कर्फ्यू का अपटेड भी ले रहे हैं। पर्यटन कारोबारियों का कहना है कि अब नहीं लगता कि वैलेंटाइन के मौके पर सैलानी नैनीताल पहुंचेंगे।

## हल्द्वानी हिंसा को बताया प्रशासन का फेलियर

### कांग्रेस और इंडिया एलाइंस के दलों ने राज्यपाल से की भेंट



**देहरादून,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। इंडिया एलाइंस के घटक दलों और सिविल सोसाइटी से जुड़े लोगों ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से मुलाकात की। उन्हें हल्द्वानी हिंसा की न्यायिक जांच कराई जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा। साथ ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने उन्होंने नैनीताल जिलाधिकारी और एसएसपी को तत्काल निलंबित करते हुए पद से हटाए जाने की मांग उठाई है। उन्होंने शासन प्रशासन की तरफ से एनएसए लगाए जाने के फैसले को जल्दबाजी में लिया गया फैसला बताया है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। इंडिया गठबंधन और सिविल सोसाइटी ने हल्द्वानी हिंसा की कठोर शब्दों में निंदा की। करन माहरा का कहना है कि उत्तराखंड के इतिहास में इस तरह की पहली घटना हुई है, ऐसे में अचानक इतने बड़े पैमाने में हिंसा का फैलना और हिंसा के कारणों की वजह से उत्पन्न हुई स्थिति की स्वतंत्रता और निष्पक्ष जांच की जरूरत है। उन्होंने इस घटना की न्यायिक जांच हाईकोर्ट के सेवारत या फिर सेवानिवृत्ति न्यायाधीश से कराए जाने की मांग की। माहरा का कहना है कि हिंसा की घटना में पहली नजर में प्रशासन की लापरवाही नजर आ रही है। उन्होंने नैनीताल जिले के पुलिस-प्रशासन के उच्च अधिकारियों को हटाने की मांग की।

### उच्च अधिकारियों को हटाने की उठाई मांग

उन्होंने शासन प्रशासन की तरफ से एनएसए लगाए जाने के फैसले को जल्दबाजी में लिया गया फैसला बताया है। उन्होंने कहा कि यदि हल्द्वानी का माहौल ठीक करना है तो राज्यपाल से एनएसए नहीं लगाई जाने का आग्रह किया गया है। माहरा का कहना है कि इस तरह का नैरेटिव फैलाने की कोशिश की जा रही है कि यह दो समुदायों के बीच का झगड़ा है। जबकि हकीकत है कि यह प्रशासन वर्सेस पब्लिक का झगड़ा है। प्रशासन की भारी चूक की वजह से हल्द्वानी में इस तरह के हालात बने, उन्होंने अतिक्रमण हटाने गए प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने के लिए शाम का वक्त चुना, ऐसे में शाम 4 बजे प्रशासन ने कार्रवाई करने की जल्दबाजी क्यों की।

उन्होंने एलआईयू और पुलिस का फेलियर बताते हुए कहा कि समय पर खुफिया जानकारी देने में स्थानीय अधिसूचना इकाई और पुलिस फेल साबित हुई।

**सार संक्षेप**

### मुख्यमंत्री ने दिवंगत प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री को श्रद्धांजलि दी

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज जिला ऊना के हरोली उपमण्डल के गौंदपुर जयचंद पहुंच कर उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की धर्मपत्नी प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के निधन पर शोक व्यक्त किया। प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री का गत रात्रि को देहावसान हो गया। मुख्यमंत्री ने उप-मुख्यमंत्री के पैतृक गांव गौंदपुर जयचंद में पार्थिव शरीर की अंतिम यात्रा तथा संस्कार में भाग लिया। उप-मुख्यमंत्री की पुत्री आस्था अग्निहोत्री ने अपनी दिवंगत माता को मुखाग्नि दी। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय क्षति को सहन करने की प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि सिम्मी अग्निहोत्री के आकस्मिक निधन से परिवार में भारी शोक है तथा उनकी कमी हमेशा रहेगी। उन्होंने कहा, 'मैं, प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री से विश्वविद्यालय काल से परिचित था, वह सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पित एक उच्च शिक्षित महिला थीं। मुकेश अग्निहोत्री तथा उनकी पुत्री को इस दुःख से उबरने के लिए एक-दूसरे का साथ देना होगा। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। इस दुःखद घड़ी में हम शोकाकुल परिवार के लिए प्रार्थना करते हैं।' इस अवसर पर विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, कृषि मंत्री चन्द्र कुमार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, ग्रामीण विकास तथा पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, लोक निर्माण तथा शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह, नगर एवं ग्राम नियोजन तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, आयुष मंत्री यादविन्द्र गोमा, विधायकगण, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान, राजनेता तथा अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

### बच्ची से छेड़छाड़ के आरोप में बाबा गिरफ्तार

**हरिद्वार।** एक बाबा ने बस्ती में रहने वाली 5 साल की बच्ची से छेड़छाड़ कर दी। कक्षा तीन में पढ़ने वाली बच्ची ने रोतेकृरोते परिजनों को आप बीती बताई। जिसके बाद परिजनों की सूचना पर हरकत में आई पुलिस में बाबा को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम डायल 112 पर सूचना मिली कि बैरागी कैंप क्षेत्र में एक बाबा ने बस्ती में रहने वाली 5 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है। सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर कनखल भावना कैंथोला अधीनस्थों के साथ बैरागी कैंप पहुंची और घटना की जानकारी ली। शुरुआती छानबीन में पता चला कि बाबा ने बच्ची के साथ गलत हरकत की है। पुलिस ने तुरंत मासूम को मेडिकल के लिए भिजवाते हुए बाबा को हिरासत में ले लिया। परिजनों की तहरीर मिलने पर बाबा के खिलाफ पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है इस बीच बाबा ने सुबह हवालात की दीवार में सिर मार कर खुद को घायल कर लिया। पुलिस ने तुरंत बाबा को अस्पताल भिजवाया। इंस्पेक्टर कनखल भावना कैंथोला ने बताया कि बच्ची के परिजनों की तहरीर पर बाबा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### सुडोकू 6462 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 7 |
| 9 | 8 | 4 | 7 | 3 | 1 | 2 | 5 | 6 |
| 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 4 | 3 |
| 6 | 2 | 3 | 1 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 9 | 5 | 8 | 2 | 7 | 6 | 3 | 1 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 9 | 6 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 1 | 6 | 9 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 7 | 4 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 2 |

## पूर्व विधायक कुवंर प्रणव सिंह चैंपियन ने अपने गनमैन को पीटा



**सुरक्षाकर्मी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज**

**देहरादून,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। खानपुर के पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैम्पियन को लेकर लगातार मामले आते रहते हैं। अब उनके विरुद्ध उन्ही के गनमैन ने मारपीट, धक्का मुक्की और जान से मारने का आरोप लगाया है। पूर्व विधायक के खिलाफ डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। पूर्व विधायक खानपुर के विरुद्ध इससे पहले भी डालनवाला थाना प्रभारी के साथ अभद्रता करने तथा राजकार्य में बाधा डालने के संबंध में पूर्व में कोतवाली डालनवाला में मुकदमा दर्ज है।

गनमैन गोकुल प्रसाद यादव हाल तैनाती पुलिस लाईन रोशनाबाद हरिद्वार ने प्रार्थनापत्र दिया कि वह पूर्व विधायक खानपुर हरिद्वार के सुरक्षा में 30 जनवरी 2024 से तैनात थे व अवगत कराया कि पूर्व विधायक खानपुर हरिद्वार कुंवर प्रणव सिंह चैम्पियन अक्सर उनके साथ दुर्व्यवहार, गाली-गलौज और उनकी इच्छानुसार काम ना करने व उनके मन मुताबिक कोई कार्य ना होने पर अक्सर उनके साथ गाली-गलौज करते हैं और धमकी देते रहते हैं। आठ फरवरी की रात करीब साढ़े 10 बजे प्रणव सिंह चैम्पियन ने अपने मोहिनी रोड डालनवाला स्थित आवास पर उनके साथ धक्का-मुक्की, मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए राजकीय कार्य में व्यवधान पैदा किया है। इस मामले में उन्होंने जिला हरिद्वार में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया व शनिवार को थाना डालनवाला पर अपनी शिकायत दी गई। एसएसपी देहरादून अजय सिंह ने बताया कि गनमैन की शिकायत पर पूर्व विधायक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। 21 दिसम्बर 2022 में भी थानें में हंगामा करने व सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोपी में थाना डालनवाला में पूर्व में भी चैम्पियन के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो चुका है।

## लोकसभा चुनाव के लिए पुलिस ने कसी कमर



**देहरादून,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर दून पुलिस ने कमर कसी ली है। एसएसपी ने सभी अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस द्वारा की जा रही तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। साथ ही सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहकर चुनाव के मद्देनजर संवेदनशील मुद्दों पर नजर बनाये रखने के निर्देश दिए गए। चुनाव प्रक्रिया के दौरान बाधा उत्पन्न करने वाले अराजक तत्वों को चिन्हित करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही जिला बदर की कार्रवाई भी करने को कहा।

एसएसपी अजय सिंह ने बताया है कि सभी थाना क्षेत्रों में ऐसे सभी व्यक्तियों को जो नियमित रूप से आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहते हैं, उन्हें चिन्हित करते हुए उनकी सूची तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही उनके खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए, उनकी जिला बदर की कार्रवाई करने को कहा। एसएसपी ने कहा कि गैंगस्टर एक्ट के तहत पंजीकृत मुकदमों की समीक्षा के दौरान

### अपराधियों को किया जाएगा जिला बदर

ऐसे सभी आरोपियों जिनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जानी बाकी है, ऐसे सभी आरोपियों के खिलाफ और उनकी संपत्ति की जब्तीकरण की कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर की जाए। अलग-अलग माध्यमों से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों की समीक्षा के दौरान 2 महीने से अधिक अवधि से लंबित प्रार्थना पत्रों के कारणों की जानकारी प्राप्त की गई। मौजूद अधिकारियों को उनका निस्तारण करने और प्रार्थना पत्रों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखने के निर्देश दिए। उन्होंने चुनाव के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

## मंत्री धन सिंह ने किया कारोड़ों से निर्मित योजनाओं का लोकापर्ण

### यूकेएफ संघ का कार्यालय मे जनता को किया समर्पित

**पौड़ी,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। पैठाणी के पडाल में एक करोड़ की लागत से उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ के निर्मित गोदाम और यूकेएफ संघ कार्यालय का सहकारिता मंत्री धन सिंह रावत ने लोकार्पण किया। करोड़ों की पेयजल योजनाएं और विकास कार्यों का भी सहकारिता मंत्री ने श्रीगणेश किया। उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य, सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज श्रीनगर विधानसभा के अंतर्गत पैठाणी के पडाल तोक में करोड़ों की विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने एक करोड़ की लागत से निर्मित सहकारिता की शीर्ष संस्था उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ( यूकेएफ) के निर्मित गोदाम का लोकार्पण और करोड़ों की पेयजल योजनाओं का शिलान्यास किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि वर्तमान में पूरे देश भर में अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स मिशन चल रहा है। जिसमें हम मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए किसानों को अच्छी उपज के लिए प्रेरित कर रहे हैं और



किसानों को घर बैठे ही उपज का अच्छा मूल्य दिया जा रहा है।

कार्यक्रम में मंत्री ने जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत 70 लाख की लागत से पल्ली गांव पेयजल योजना फेज-2, 63.40 लाख की लागत से सिरतोली पेयजल योजना, 35.70 लाख की लागत से दरमोली पेयजल योजना, 11 लाख की लागत से डोबरा पेयजल योजना, 45.09 लाख की लागत से बड़ेथ पेयजल योजना, 37.5 लाख की लागत से कुटकंडे पेयजल योजना व 19.57 की लागत से बनास पेयजल योजना का शिलान्यास तथा 10 -10 लाख की लागत से पल्ली ओर कुटकंडे पंचायत भवन का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ रविन्द्री मंद्रवाल कहा कि संघ द्वारा उत्तराखंड राज्य में समितियां के माध्यम से सीधा किसानों से मिलेट्स की खरीद की जा रही है, जिसमें 38 रुपए की दर पर मंडुवा ओर झंगोरा खरीदा जा रहा है दूरस्थ क्षेत्र में संघ द्वारा निर्मित गोदाम का उद्देश्य यही है कि अब किसान अपनी फसली उपज को और भी आसानी से विक्रय कर पाएंगे जिससे सहकारिता क्रांति को बढ़ावा मिलेगा।

कार्यक्रम में अध्यक्ष उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ मातवर सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ द्वारा निर्मित गोदाम के माध्यम से किसान अब सिर्फ मिलेटस ही नहीं अपनी सभी फसली उपज को उचित दामों में विक्रय कर पाएंगे, जिससे भविष्य में किसानों की आय में कई गुना का इजाफा होगा ओर सहकारिता क्रांति को बल मिलेगा।

## हल्द्वानी के मामले पर सरकार को रहना था सतर्कः कुमारी

**देहरादून,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। लोकसभा चुनावों की तैयारियों को धार देने के लिए कांग्रेस पार्टी की प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा अपने दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर पहुंची हैं। देहरादून के कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में कार्यकर्ताओं और नेताओं ने कुमारी शैलजा का स्वागत किया। कुमारी शैलजा प्रदेश कांग्रेस कमेटी देहरादून में सभी विधायकों, पूर्व मंत्रियों, पूर्व विधायकों, 2022 के विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों के साथ चुनावी तैयारियों को लेकर बैठक करेंगी। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा ने हल्द्वानी में हुई हिंसा को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार को पहले से ही सतर्क रहना चाहिए था, ताकि ऐसी स्थिति उत्पन्न ना होती। जब एक बार जान माल का नुकसान हो जाता है, तो उसके बाद मलहम लगाना और स्थिति को नार्मल करने में ज्यादा पेचीदगियां आ जाती हैं। सरकार को इस बारे में पहले से ही सोच समझकर स्थिति को नियंत्रण में रखना चाहिए था, ताकि ऐसी घटनाएं न घट सकें।



दो दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचीं कांग्रेस प्रदेश प्रभारी

लोकसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों की सूची को लेकर उन्होंने साफ किया कि कांग्रेस पार्टी की केंद्रीय स्क्रीनिंग कमेटी के बाद सेंट्रल इलेक्शन कमेटी मौजूद है। इन सब के विचार लेकर और सर्वे कराकर सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की बैठक में नामों को लेकर चर्चा की जाएगी। उन्होंने भाजपा के अबकी बार 400 पार के नारे पर भी निशान साधा और कहा कि पिछले चुनाव में बीजेपी हरियाणा में 75 पार करने की बात कर रहे थे, लेकिन 40 सीटों पर आकर सिमट गए।

## भर्ती परीक्षा के परिणाम घोषित होने का इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों का शिमला में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया

**शिमला,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। करीब दो सालों से जेओए आईटी पोस्ट कोड 18 की भर्ती परीक्षा के परिणाम घोषित होने इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों ने शिमला में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। शिमला में कंपकंपा देने वाली ठंड के बावजूद इन अभ्यर्थियों ने सचिवालय के बाहर खुले आसमान के नीचे रात गुजारी। अभ्यर्थियों ने भंग किए गए राज्य कर्मचारी चयन आयोग के मसलों के सुलझाने के लिए मंत्रिमंडल के कैबिनेट सब कमेटी बनाने के फैसले को नामंजूर कर दिया है। अभ्यर्थियों की सरकार से सिर्फ और सिर्फ हाई कोर्ट के निर्देशों के मुताबिक सशर्त जेओए आईटी पोस्ट कोड -18 का परिणाम घोषित कर चयनित उ मीदवारों को तैनाती देने की मांग है। उल्लेखनीय है कि पोस्ट कोड 817 और 980 के अ यर्थी बीते लंबे समय से परीक्षा परिणाम जारी होने के इंतजार में हैं। अ यर्थियों ने सरकार से हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के निर्देशानुसार चयनित अ यर्थियों को सशर्त नियुक्तियां देने का आग्रह किया है। बीते रोज इन अभ्यर्थियों ने राज्य सचिवालय में कैबिनेट बैठक शुरू होने से पहले अ यर्थियों ने छोटा शिमला में सड़क किनारे खड़े होकर प्रदर्शन किया। काफी अधिक सं या में अ यर्थी और अभिभावक जुटने पर पुलिस की सांसें फूल गईं। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती करनी पड़ी। पुलिस कर्मियों ने मुख्यमंत्री के काफिले को सुरक्षित गुजारने के लिए एक-दूसरे का हाथ पकड़कर अ यर्थियों को दूर रखा। अभ्यर्थियों ने जेओए आईटी.817 और कला शिक्षक पोस्ट कोड 980 के अंतिम रिजल्ट को घोषित कर 31 मार्च 2024 से पहले इन पदों पर नियुक्ति देने की सरकार से मांग उठाई है। अभ्यर्थी करीब दो सालों से भर्ती परीक्षा के परिणाम का इंतजार कर रहे हैं। अभ्यर्थियों को राज्य मंत्रिमंडल की बीते रोज हुई बैठक से उनकी मांगों पर फैसला होने की उ मीद थी, मगर भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित करने बारे फैसला न होने के बाद इन्होंने अनिश्चित कालीन धरने का फैसला लिया। बॉक्स एक ओर जहां शिमला में जेओए आईटी भर्ती परीक्षा का इंतजार कर रहे अ यर्थियों ने धरना शुरू किया है, वहीं दूसरी ओर जिलाधीश कार्यालय के समीप एसएमसी शिक्षक बीते करीब 14 दिनों से उन्हें नियमित करने की मांग को लेकर क्रमिक अनशन पर हैं।

## लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन से पहले पार्टी ने पहले दौर का सर्वे पूरा

**शिमला,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। चुनावी बिगुल बजने से पहले हिमाचल में लोक सभा चुनाव की आहट सुनाई देने लगी है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के हाल ही के दिनों के हिमाचल प्रवास के बाद पार्टी पूरी तरह चुनावी मोड में है। शिमला प्रवास के दौरान भाजपा के सांसदों का रिपोर्ट कार्ड बैठक में प्रस्तुत करने के बाद जेपी नड्डा ने बीते दिनों कांगड़ा प्रवास के दौरान भी पार्टी पदाधिकारियों व वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर लोक सभा चुनाव पर चर्चा की। उन्होंने सभी नेताओं को सख्त लहजे में चुनाव में पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार में डटने को कहा। भाजपा के भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन से पहले पार्टी ने पहले दौर का सर्वे पूरा कर लिया है। अभी एक सर्वे और हो रहा है। दोनों सर्वे की रिपोर्ट के बाद भाजपा उम्मीदवारों का ऐलान करेगी। सूत्रों का कहना है कि फिलवक्त केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से टिकट लगभग तय है। मंडी, शिमला व कांगड़ा संसदीय सीटों से भाजपा नए उम्मीदवारों पर भी दाव खेल सकती है। सूत्र बताते हैं कि शिमला संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार के तौर पर वर्तमान सांसद सुरेश कश्यप के अलावा पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप का नाम भी चर्चा में है। मंडी से नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के साथ महामंत्री बिहारी लाल शर्मा तथा कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए हर्ष महाजन के साथ साथ त्रिलोक कपूर का नाम भी संभावित उम्मीदवारों में है।

भाजपा सूत्रों का कहना है कि पार्टी किसी भी मौजूदा विधायक को रणनीति के तहत चुनाव मैदान में नहीं उतारना चाहती । लिहाजा धर्मशाला बैठक में जेपी नड्डा ने विधायकों व पदाधिकारियों को लोक सभा चुनाव की तैयारियों में डटने के निर्देश दिए।

### सुरेश भारद्वाज समेत छह नेता भाजपा राष्ट्रीय परिषद में शामिल

भाजपा हाई कमान ने पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज के साथ साथ पूर्व विधायक कमलेश कुमारी व रीटा धीमान, पुरुषोत्तम गुलेरिया, अजय राणा तथा शिशु धर्मा को पार्टी की राष्ट्रीय परिषद में शामिल किया है। अजय राणा को मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवारों में शामिल माना जा रहा था, मगर राष्ट्रीय परिषद में शामिल होने के बाद अब उनके चुनाव लड़ने पर संशय रहेगा।

### राजेंद्र गर्ग होंगे भाजपा अनुशासन समिति के अध्यक्ष

भाजपा ने लोक सभा चुनाव से पहले पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग के नेतृत्व में पार्टी की अनुशासन समिति गठित की है। समिति में धनेश्वरी ठाकुर व नितेन कुमार को बतौर सदस्य शामिल किया गया है।

# प्रादेशिकी

## मोबाइल के दो टॉवर चोरी होने के मामले में मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। मोबाइल के दो टॉवर चोरी होनें के मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जाँच कर रही है। जनपद उन्नाव के सराय मलिकादिम निवासी जीटीएस कम्पनी टेक्नीशियन अंबुज कुमार नें शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। जिसमे कहा कि कोतवाली क्षेत्र के खतराना स्ट्रीट होली का मैदान निवासी अशोक कुमार अग्निहोत्री के छत पर जीटीएल कम्पनी का टावर लगा था। दूसरा टावर रामनरेश पुत्र कामता प्रसाद की भूमि पर नगला कला में लगा था। प्रथम टावर को जब पूर्व टेक्नीशियन सुभाष बाबू शर्मा टावर का निरीक्षण करनें गए तो जिस पर मकान मालिक अशोक कुमार नें उन्हें भीतर जानें की अनुमति नहीं दी। उन्हें टावर दिखाई भी नहीं पड़ा जो पहले दूर से दिखाई भी पड़ता।

# हमने उत्तर प्रदेश को बनाया सरप्लस स्टेट : योगी

## विधानसभा में बजट पर मुख्यमंत्री ने बजट की बड़ी बातों का किया उल्लेख

**लखनऊ,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को विधानसभा में बजट 2024-25 पर चर्चा में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में जहां एक ओर प्रदेश सरकार के सबसे बड़े बजट की बड़ी बातों का प्रमुखता से उल्लेख किया तो वहीं रहीम और तुलसीदास जी के दोहों के माध्यम से नेता विरोधी दल पर तमाम करारे प्रहार किए और 2016-17 के मुकाबले 2024-25 के बजट की तुलना भी की। जय श्री राम के नारों के बीच नेता सदन ने चौधरी चरण सिंह समेत देश की तमाम विभूतियों को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने पर हर्ष भी जताया और बजट चर्चा में हिस्सा लेने वाले सभी 93 सदस्यों का अभिवादन भी किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश का जो बेहतर माहौल बना है उसी का परिणाम है कि 19 फरवरी को हम प्रदेश में 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश का कार्यक्रम ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से करने जा रहे हैं।

यह दिखाता है कि पोटेंशियल उत्तर प्रदेश में था,यहां का युवा उस प्रतिभा से लैस था, उसकी आकांक्षा भी थी, लेकिन कुछ करने की जिजीविषा प्रदेश की लीडरशिप में नहीं थी, सोच नहीं थी, विजन नहीं था, कर्महीनता की स्थिति थी, नीतिगत जड़ता थी। आज हम उत्तर प्रदेश को रेवेन्यू सर प्लस स्टेट बनाने में सफल रहे हैं। योगी ने नेता विरोधी दल अखिलेश यादव पर एक के बाद एक करारे प्रहार किए। इसके लिए उन्होंने रहीम और तुलसीदास जी के दोहों का सहारा लिया। उन्होंने कहा कि जब ये सत्ता में थे, तब इनकी अपनी प्राथमिकताएं थीं और उन्हीं को लेकर तुलसी दास जी ने कहा है, सकल पदारथ ऐहीं जग माहीं, करमहीन नर पावत नाहीं...इन्हीं के लिए कहा है, इसी कर्महीनता और अकर्मण्यता के लिए कहा है। इनकी प्राथमिकता विकास नहीं था, किसान नहीं था, युवा नहीं था, महिलाएं नहीं थी, गरीब नहीं था। इससे पूर्व सीएम योगी ने अपने



- पहले की सरकारों के लिए विकास, किसान, युवा, महिलाएं और गरीब नहीं थे प्राथमिकता
- रहीम और तुलसीदास के दोहों के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर किया करारा प्रहार

संबोधन की शुरुआत में कहा कि लगा था कि बजट भाषण में जब किसानों की बात आएगी तो नेता विरोधी दल अवश्य चौधरी साहब का स्मरण करेंगे,लेकिन बिगरी बात बने नहीं, लाख करो किन कोय, रहिमन फाटे दूध को, मथे न माखन होय। ये स्थिति आज उनकी हो चुकी है। कोई साथ में आने को तैयार ही नहीं है। सबको मालूम है कि पता नहीं कहां किसको धोखा दे दें। इसके बाद सीएम योगी ने तुलसीदास के दोहे का जिक्र करते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम भरत जी से कहते हैं कि बरसत हरषत लोग सब करषत लखै न कोई, तुलसी प्रजा सुभाग ते भूप भानु सो होई। इन पंक्तियों का अर्थ समझाते हुए उन्होंने बताया कि जैसे सूर्य, समुद्र, नदी, तालाब से पानी लेता है, लेकिन किसी को पता नहीं चलता परंतु जब वह बादल के रूप में बरसते हैं तो सबको पता चलता है। यही स्थिति इस लोककल्याणकारी और लोकमंगल बजट की भी है।

### भारत रत्न चौधरी साहब की स्मृतियों को नमन

सीएम योगी ने बजट पर चर्चा में अपनी बात रखने से पहले देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पूर्व प्रधानमत्री पीवी नरसिम्हा राव, प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन, कर्पूरी ठाकुर और लाल कृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित करने के केंद्र सरकार के निर्णय का स्वागत किया और आभार जताया। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब का संबंध उत्तर प्रदेश से था और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में और देश के प्रधानमंत्री के रूप में करोड़ो किसानों की आवाज को उन्होंने जो बुलंदी दी, सचमुच उनका सम्मान देश के कोटि कोटि अन्नदाता किसानों का सम्मान है। चौधरी साहब की स्मृतियों को यह एक नमन भी है, विनम्र श्रद्धांजलि भी है। चौधरी साहब ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में और देश में प्रधानमंत्री के रूप में जो सुधार के कार्य किए थे वो अविस्मरणीय है। राजस्व में जो सुधार देखने को मिलता है वह चौधरी साहब की देन है। एक गरीब को उसका अधिकार मिल पा रहा है,चौधरी साहब की देन है। किसानों की आवाज को हर मंच पर तवज्जो दी जा रही है, किसान सरकार के एजेंडे का हिस्सा बन सकता है, ये भी चौधरी साहब की देन है। इन सभी नेताओं ने या अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े हुए विशेषज्ञों ने देश को एक पहचान दी और सर्वथा भारत रत्न इनके लिए एक उपयुक्त सम्मान है। इस दौरान सीएम योगी ने उन सदस्यों का भी आभार जताया जिन्होंने सदन में बजट पर चर्चा में हिस्सा लिया।

# नियमों को ताख पर रख काम कर रहा अवध विवि प्रशासन

## अनुदानित साकेत महाविद्यालय की प्रबंध समिति चुनाव में धांधली

■ ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या,**10 फरवरी (देशबन्धु)। रामनगरी में स्थित डाक्टर रामनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कार्य परिषद अपूर्ण है। मनमाने निर्णय लिए जा रहे हैं। महाविद्यालयों की प्रबंध समितियों के गठन में भी नियमों की अनदेखी पर प्रशासनिक कारवाई, पावर देख तय की जा रही। अयोध्या के प्रतिष्ठित साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति के चुनाव में हुई धांधली की शिकायत समिति के संरक्षक व पूर्व सांसद निर्मल खत्री ने ही किया है।

समिति के इस चुनाव में डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्विद्यालय की परिनियमावली के साथ अन्य नियमों को भी दरकिनार कर दिया गया है। शिकायत पर जांच शुरू कर दी गई है। सात जनवरी को साकेत महाविद्यालय समिति की साधारण सभा की वार्षिक बैठक में प्रबन्ध समिति का चुनाव कराया गया। इसके लिए कुलपति की ओर से प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया था। इस चुनाव प्रक्रिया में यूपी स्टेट यूनिवर्सिटी एक्ट 1973, अवध विश्वविद्यालय की परिनियमावली और समिति की नियमावली का घोर उल्लंघन किया गया। चुनाव में नियमों के विरुद्ध जाकर दो बार कोषाध्यक्ष रहे रामचंद्र जायसवाल को तीसरी बार भी कोषाध्यक्ष चुन लिया गया जबकि साकेत महाविद्यालय समिति की नियमावली की धारा आठ की उपधारा ( 5) में है कि कोई भी पदाधिकारी लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए उसी पद पर नहीं चुना जा सकता है। चुनाव में नियम विरुद्ध दो परिवारों से एक से अधिक सदस्य चुन लिए गए हैं। जिसमें राजसदन अयोध्या से शैलेन्द्र मोहन मिश्र के अतिरिक्त उनके भतीजे यतींद्र मोहन मिश्र शामिल हैं। इसके अलावा अर्पित अग्रवाल के परिवार से उनकी पत्नी नैना अग्रवाल और मां पारुल अग्रवाल को भी सदस्य चयनित कर लिया गया है। यह तब हुआ जब महाविद्यालय के नियमों और उपबंधों के अधीन दो सदस्य धारा 20 के स्पष्टीकरण के तहत एक दूसरे के नातेदार नहीं होंगे। इसके बावजूद पूरी प्रक्रिया में नियमों को दरकिनार करते हुए मनमाने ढंग से चुनाव करा लिया गया। कुलपति, चुनाव पर्यवेक्षक व सोसायटी रजिस्ट्रार को भेजे पत्र में संरक्षक डॉ निर्मल खत्री की ओर से अहम सवाल उठाए गए हैं।

## सार संक्षेप

### अयोध्या के दौरे पर आएंगे योगी

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचेंगे। लगभग चार घंटे अयोध्या में रहेंगे सीएम योगी और उनकी कैबिनेट की विधान भवन लखनऊ से शुरू होगी अयोध्या यात्रा। रालोद विधायक भी करेंगे राम लला का दर्शन पूजन, हनुमानगढ़ी में भी करेंगे दर्शन पूजन, राम जन्म भूमि परिसर में ही मंत्री, विधायक करेंगे लंच, मुख्यमंत्री मंत्री व विधायक वापस लौटेंगे लखनऊ। साथ ही प्रदेश मंत्रिमंडल व विधानमंडल के सदस्य बस द्वारा पहुंचेंगे अयोध्या।

### पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप

**मेरठ।** मेडिकल थाना क्षेत्र स्थित नाले में मिले एक 13 वर्षीय बच्ची के शव के मामले में शनिवार को मृतक बच्ची के परिवार वाले एसएसपी ऑफिस पहुंच गए। जमकर प्रदर्शन करते हुए थाना पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर हंगामा कर दिया। मृतक बच्ची के परिवार वालों ने बताया कि बच्ची की हत्या करने के बाद उसके शव को नाले में फेंका गया था। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस आरोपियों की तलाश नहीं कर रही है। पुलिस हादसा बताकर मामले को रफा दफा करने के प्रयास में जुटी हुई है। अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को समझाकर शांत करने के बाद मामले की जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। पिता का कहना है कि अगर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया तो वह धरना देने को मजबूर हो जाएंगे।

### छात्र की लाठी-डंडों व बेल्ट से की पिटाई

**मेरठ।** परतापुर थाना क्षेत्र दिल्ली देहरादून बाईपास स्थित बीआईटी कालेज में बीसीए सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रहे प्रतापगढ़ निवासी छात्र की कालेज के ही करीब आधा दर्जन छात्रों ने लाठी डंडों और बेल्ट से पिटाई कर दी, पीड़ित छात्रा का आरोप है कि आरोपी छात्रों ने उसे कॉलेज न आने की भी धमकी दी है। आरोपियों द्वारा के कारण छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया, पीड़ित छात्रा ने परतापुर थाना पहुंचकर आरोपी छात्रों के खिलाफतहरीर दी, पुलिस ने तहरीर लेने के बाद आरोपी छात्रों की तलाश शुरू कर दी है।

### माफिया अनुपम दुबे का डिग्री कालेज व घर सहित 45 करोड़ की सम्पत्ति कुर्क

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी के आदेश पर पुलिस नें माफिया अनुपम दुबे का घर और डिग्री कालेज सहित कुछ खेत भी कुर्क किए हैं। माफिया के गांव में सन्नाटा पसरा है। तहसीलदार श्रद्धा पाण्डेय, सीओ मोहम्मदाबाद अरुण कुमार, नायब तहसीलदार सनी कनौजिया, थाना मऊदरवाजा के थानाध्यक्ष आमोद कुमार, कोतवाल मोहम्मदाबाद मनोज कुमार भाटी, नवाबगंज थानाध्यक्ष जेपी शर्मा आदि कई थानों की पुलिस नें सहसापुर स्थित महेश दुबे अपूर्वा महाविद्यालय के साथ ही गांव में बने आलीशान घर पर भी सरकारी ताला लगा दिया गया। कालेज और घर सहित 45 करोड़ की सम्पत्ति शनिवार को कुर्क की गई। जबकि पूर्व में माफिया और उसके परिवार की 198 करोड़ 73 लाख की सम्पत्ति कुर्क की गई। कार्यवाही मोहम्मदाबाद में दर्ज मुकदमें के क्रम में की गई है।


## गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में फेयरवेल पार्टी का आयोजन



**मेरठ,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। कैंट स्थित गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल मेरठ में आज कक्षा-11 के छात्रों ने कक्षा-12 के छात्रों को विदाई पार्टी दी। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जूनियर्स ने अपने सिनियर्स को रोली चंदन का टीका लगाकर उनका स्वागत किया तथा टैग, गिट व कार्ड देकर उनके प्रति अपने सम्मान का इजहार किया।

पुरानी मीठी यादों को ताजा करने के लिए अपने-अपने अनुभव शेयर किए साथ ही साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलों का भी अयोजन किया गया। मिस्टर व मिस जीटीबी के चुनाव के लिए प्रथम रैम्प वॉक, द्वितीय म्यूजिकल चेयर तृतीय गांठ खोलना व अंतिम चरण प्रश्नोत्तरी के माध्यम से चुनाव संपन्न किया गया। मिस्टर जीटीबी मितुल खन्ना मिस जीटीबी अनुष्का शर्मा को चुना गया इसके अतिरिक्त जीटीबी मिस्टर ऐलिगेन्ट अराध्या, नाफिया व मास्टर हैंडसम हरिवंश को मनोनीत किया गया। स्कूल चेयरमैन स. इन्द्रजीत सिंह सालवान ने बच्चों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी।

## सीसीएसयू में सात दिवसीय कार्यशाला का समापन



**मेरठ,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग में कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला के निर्देशन में चल रही सात दिवसीय कार्यशाला का आज समापन हो गया। इस कार्यशाला के अंतिम दिन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर राकेश पांडे, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिसिन एरोमेटिक प्लांट्स लखनऊ, और प्रोफेसर वाई विमला, प्रोफेसर अशोक कुमार चौबे, उपस्थित रहे। सर्वप्रथम प्रोफेसर जितेंद्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रोफेसर राकेश कुमार ने अपने व्याख्यान में माइक्रोबायोलॉजी में मॉडल जीवो के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर राकेश कुमार के अनुसार मॉडल जीवों का उपयोग वैज्ञानिक अनुसंधानों में नए उपद्रवों की धारणा, उनके प्रभाव का अध्ययन, और नई उपचार विधियों की विकसित करने में मदद करता है। इससे वैज्ञानिक समुदाय को समझने में आसानी होती है कि कैसे जीनेटिक और मोलेक्यूलर स्तर पर प्रकारों की प्रेरणा, बिगड़ने और ठीक होने की प्रक्रियाएं होती हैं। माइक्रोबायोलॉजिकल अनुसंधान की गति में वृद्धि होती है और नई उपचार विधियों का विकास संभव होता है। प्रोफैसर वाई विमला ने कहा जीवाणु और वायरसों के संवेदनशीलता में वृद्धि के साथ, नई रोगों के विकास का खतरा बढ़ता जा रहा है।

## तक्षशिला पब्लिक स्कूल में ऐनुअल स्पोर्टस मीट का हुआ आयोजन



**मेरठ,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में आज दिनांक 10.02.2024 को ऐनुअल स्पोर्टस मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित शिक्षाविद व स्कूल के चेयरमैन डा. ओमपाल सिंह ने स्पोर्टस मीट का उदघाटन मशाल जलाकर किया। स्पोर्टस मीट में कक्षा 1 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थीयों ने हिस्सा लिया। ऐथलेटिक्स, इनडोर गेम्स की तीस से अधिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रथम स्थान पर गाँधी हाऊस, द्वितीय स्थन पर नेहरू हाऊस, तृतीय स्थान पर सुभाष हाऊस व चतुर्थ स्थान पर आजाद हाऊस रहा। बेस्ट एथलीट छात्र मयंक कक्षा नौ व बेस्ट एथलीट छात्रा अदिती कक्षा ग्यारह रही। स्कूल के प्रधानाचार्य डा. प्रवीन कुमार पथरा ने इवैंट की कामयाबी पर स्कूल मैनेजमेंट, शिक्षकों व सभी विद्यार्थियों को बधाइयां दीं।

## कृषि क्षेत्र में बढ़ोतरी के लिए मील का पत्थर साबित होते हैं कृषि मेले : नरेंद्र तोमर



**झांसी,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के झांसी स्थित रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में चल रहे तीन दिवसीय उत्तर क्षेत्रीय किसान मेला एवं प्रदर्शनी के समापन समारोह में शनिवार को मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कृषि क्षेत्र में बढ़ोतरी के लिए कृषि मेलों के महत्व को रेखांकित किया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री तोमर ने तीन दिवसीय उत्तर क्षेत्रीय किसान मेला एवं प्रदर्शनी को सफल बनाने के लिए कुलपति सहित विवि के सभी लोगों को बधाई व शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि के साथ विशिष्ट अतिथि संयुक्त सचिव कृषि मंत्रालय भारत सरकार सैमुएल परवीन कुमार, निदेशक प्रसार भारत सरकार, डॉ. एसके मिश्रा, कुलाधिपति डॉ. पंजाब सिंह, कुलपति डॉ. अशोक कुमार सिंह, मेयर झांसी बिहारी लाल आर्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर समापन सत्र की शुरूआत की। मुख्य अतिथि को कुलपति ने मेले का भ्रमण कराया। विवि के कुलगीत के साथ मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि नरेन्द्र सिंह तोमर को अंगवस्त्र, विवि द्वारा तैयार किए गए उत्पाद, रामदरबार स्मृति चिन्ह देकर कुलपति डॉ. अशोक कुमार सिंह ने स्वागत व सम्मानित किया।

समारोह को संबोधित करते हुए श्री तोमर ने कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहर झाँसी में इस केन्द्रीय कृषि विवि का आरम्भ होना हम सबके लिए सौभाग्य की बात है।

## आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति



**मेरठ,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। पढ़ाई में अव्वल और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए एमआईईटी में छात्रवृत्ति चेक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि एसबीआई बैंक की पूर्व प्रबंध निदेशक मंजू अग्रवाल, पिश्तिया विद्या उषा ट्रस्ट की ट्रस्टी उषा अग्रवाल और एमआईईटी के चौयरमेन विष्णु शरण ने 61 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति के चेक बांटे। आपको बताते चलें 'पिश्तिया विद्या उषा ट्रस्ट' द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को अपनी पढ़ाई बिना किसी वित्तीय समस्या के जारी रखने के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। एमआईईटी कॉलेज के 61 मेधावी बच्चों को 30 हजार रुपए प्रति छात्र को छात्रवृत्ति दी गई। जोकि पढ़ाई के दौरान हर वर्ष दी जाएगी।

## सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस से पूछताछ करेगी ईडी

### दिव्यांगों को वितरित किए गए उपकरणों में धांधली के मामले में भेजा नोटिस

**फर्रुखाबाद,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से डॉक्टर जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट (फर्रुखाबाद) द्वारा दिव्यांगों को वितरित किए गए उपकरणों में धांधली के मामले में कांग्रेस के पूर्व सांसद सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद की पत्नी से पूछताछ की तैयारी में है। ईडी ने नोटिस देकर लुईस खुर्शीद को 15 फरवरी को पूछताछ के लिए बुलाया है। वह ट्रस्ट की परियोजना निदेशक थीं। दिव्यांगों को कृत्रिम अंग व उपकरण वितरण के नाम पर वर्ष 2017 में फर्रुखाबाद में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। शासन ने इस मामले की जांच ईओडब्ल्यू से भी कराई थी। जांच में सामने आया था कि शिविर लगाकर दिव्यांगों को



71.50 लाख रुपये के उपकरण बांटे गये थे।वर्ष 2017 में दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग व उपकरण वितरण के नाम पर किए गए फर्जीवाड़ा हुआ था। इसमें डॉक्टर जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट (फर्रुखाबाद) की परियोजना निदेशक लुईस खुर्शीद व संस्था के सचिव मोहम्मद अतहर फारूकी को नामजद कराया गया था।पुलिस के अनुसार वर्ष 2009-10 में संस्था ने 17 जनपदों में कैंप लगाकर दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग बांटे गए।

## आयोजन

*सांस्कृतिक महोत्सव में छात्रों की प्रस्तुति से गुलजार हुआ शोभित विश्वविद्यालय*

# सभी खिलाड़ियों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता : कुंवर शेखर

**मेरठ, 10 फरवरी ( देशबन्धु )। शोभित विश्वविद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक महोत्सव संगीतम के दूसरे दिन अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। खास तौर पर बैटल ऑफ बैंड्स में छात्रों ने शानदार प्रस्तुति प्रस्तुत की। इस अवसर पर छात्रों ने बहुत सारी फरमाइश से दी जिस पर बैंड्स ने छात्रों का मन मोह लिया। खास अवसर पर कई सारे गेम्स की आयोजित किए गए जिसमें साइकोलॉजी गेम लॉ गेम्स, बिजनेस केस स्टडी गेम्स, साइंटिफिक ट्रेजर हंट, मेगा क्विज पोस्टर प्रेजेंटेशन, मॉडल प्रेजेंटेशन फोटोग्राफी कंपटीशन मूवी मेकिंग कंपटीशन आयोजित किया गया जिसमें फोटोग्राफी कंपटीशन में दो लोगों के बीच टाई हुआ जिसमें सूरज एवं उदित नारायण को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया।**

इस मौके पर विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए छात्र सिंगर ने अपनी स्थिति दी जिसे सुनकर सभी आश्चर्यचकित रहे। इसके बाद छात्रों ने सिंगल एवं कपल में डांस भी प्रस्तुत किया जो अपने आप में देखने लायक था। शोभित विश्वविद्यालय हमेशा से खेलों को प्रोत्साहित करता आया है इसी क्रम में आज शोभित विश्वविद्यालय ने अपने वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव संगीतम में छात्रों की फिटनेस को ध्यान में रखते हुए उनके उत्साहवर्धन के लिए उत्तर प्रदेश इंडियन



### विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों किया गया आयोजन

बॉडीबिल्डिंग फिटनेस और संगठन के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग के 17 खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस खास अवसर पर बॉडीबिल्डिंग के क्षेत्र में भारत के पहले पदमश्री प्रेमचंद डिगरा जी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुंवर शेखर विजेंद्र ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सबको इन सभी खिलाड़ियों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में चार चांद लगाते हुए छात्रों ने जय श्री गणेश पर बहुत ही शानदार प्रस्तुति देकर सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इसके अलावा दो टीमों के बीच जुगलबंदी ने सबको चकित कर दिया। इसके अलावा छात्रों ने पंजाबी गानों पर डांस कर सबका मन मोह लिया। इस खास अवसर पर शालिनी शोभित, निधि शेखर, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ जयानंद, अभिनव शोभित, वंश शेखर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। संगीतम 2024 को सफल बनाने में शोभित विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों एवं छात्रों का विशेष योगदान रहा।

## शादी में मिला कन्यादान व ज्वेलरी सहित सामान चोरी

**मेरठ,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। परतापुर थाना क्षेत्र स्थित घाट गांव में अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े बंद मकान के ताले तोड़कर बेटी की शादी में मिला कन्यादान के लाखों रुपए सहित ज्वेलरी और कीमती सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित परिवार मैं हड़कंप मच गया, परिवार के लोगों ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई और अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी। घटना शनिवार दोपहर करीब 2:30 बजे की है। मकान मालिक आनंद शर्मा और सचिन शर्मा ने बताया कि 4 फरवरी को उनके घर में लड़की की शादी थी।

जिसका कन्यादान और उनकी पत्नी की ज्वेलरी घर में ही रखी थी। शनिवार को वह मकान के ताले लगाकर अपनी ड्यूटी पर चले गए थे। पत्नी रिश्तेदार को देखने अस्पताल चली गई थी। इसी का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने मकान के ताले तोड़कर अलमारी में रखी लगभग 5 लाख रुपए की ज्वेलरी और डेढ़ लाख रुपए की नगदी सहित कीमती सामान चोरी कर लिया।

# दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु नई दिल्ली, रविवार, 11 फरवरी, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

## 'लाहौर 1947' में होंगे देश के टॉप कैमरामैन संतोष सिवन : राजकुमार संतोषी

**मुंबई।** मशहूर निर्देशक राजकुमार संतोषी ने डीओपी संतोष सिवन के बारे में बात की है, जिनके साथ वह 'लाहौर 1947' पर काम कर रहे हैं और कहा कि उन्होंने 1996 में 'हेलो' नामक एक फिल्म का निर्देशन किया है, यह एकमात्र फिल्म थी, जिसमें फिल्म निर्माता ने अभिनय किया था। सिनेमैटोग्राफर या फ़ोटोग्राफ़ी के निदेशक को डीओपी भी कहा जाता है। कैमरामैन/डीओपी के बारे में बात करते हुए, राजकुमार संतोषी ने साझा किया, 'लाहौर 1947' के कैमरामैन/डीओपी के रूप में हमारे पास संतोष सिवन होंगे। वह इस समय देश के टॉप कैमरामैन हैं। फिल्म निर्माता और सिवन इससे पहले 'पुकार' और 'बरसात' में काम कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले, संतोष और मैंने दो फिल्मों, 'पुकार' और 'बरसात' में साथ काम किया था।

# कैंसर चिकित्सा से दिल के मरीजों में 'स्लीप एपनिया' होना आम बात

### दिल के रोगियों में ऑब्स्ट्रक्टिव स्लीप एपनिया का खतरा 48-52 प्रतिशत



**सैन फ्रांसिस्को,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। कार्डियो-ऑन्कोलॉजी के रोगियों में 'स्लीप एपनिया' आम है, जिनमें कैंसर थेरेपी के बाद दिल के दौरे का खतरा ज्यादा रहता है। स्लीप एपनिया एक श्वास संबंधी विकार है, जो सोते समय होता है और इसे ऑब्सट्रक्टिव (ओएसए) या सेंट्रल (सीएसए) के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। लक्षणों को कम करने और हृदय स्वास्थ्य को बढ़ाने के लिए इलाज किया जा सकता है।

अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी (एसीसी) में प्रस्तुत शोधपत्र के अनुसार, सामान्य आबादी में दिल के रोगियों में ऑब्स्ट्रक्टिव स्लीप एपनिया का खतरा 48-52 प्रतिशत तक रहता है।

शोधकर्ताओं ने 296 सामान्य कार्डियोलॉजी रोगियों और 218 कार्डियो-ऑन्कोलॉजी रोगियों के बीच विकार की व्यापकता का मूल्यांकन करने के लिए स्लीप एपनिया संबंधी प्रश्नावली का उपयोग किया।

दोनों समूहों के लिए पारंपरिक जोखिम कारकों, स्टॉप-बैंग (खर्राटे, थकान, एपनिया, दबाव - ऊंचा रक्तचाप, बीएमआई, आयु, गर्दन, लिंग) स्कोर और नींद के इतिहास पर डेटा एकत्र किया गया था।

सामान्य कार्डियोलॉजी समूह में स्लीप एपनिया की घटना 54 प्रतिशत थी, जबकि कार्डियो-ऑन्कोलॉजी समूह में यह 39 प्रतिशत थी। अमेरिका स्थित लुइसविले में बैपटिस्ट हेल्थ में कार्डियो ऑन्कोलॉजी कार्यक्रम के एमडी चिकित्सा निदेशक और अध्ययन के प्राथमिक लेखक मिनी के. दास ने कहा कि इन व्यक्तियों की पहचान करने से स्पष्ट रूप से दिल के दौरे से जुड़े जोखिम कारक में शीघ्र हस्तक्षेप की अनुमति मिल सकती है, जो अब इसे कैंसर चिकित्सा प्रभावित करने के लिए पहचाना जाता है।

स्टॉप बैंग स्कोर का उपयोग करते हुए स्लीप एपनिया के लिए एक प्रश्नावली से पता चला कि जिन व्यक्तियों ने स्लीप एपनिया का इलाज नहीं किया है और साथ ही स्लीप एपनिया के बढ़ते जोखिम वाले लोगों में असामान्य वेंट्रिकुलर तनाव है, जो प्रतिकूल सीवी घटनाओं से जुड़ा एक सामान्य इको पैरामीटर है।

दास ने कहा कि स्लीप एपनिया को जोखिम एल्गोरिदम में शामिल किया जाना चाहिए और इस उच्च जोखिम वाली आबादी में स्लीप एपनिया के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए व्यापक अध्ययन की जरूरत है।

# राजस्थानी किरदार निभाना चुनौतीपूर्ण है : सायंतनी घोष



**मुंबई,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। एक्ट्रेस सायंतनी घोष ने शो 'दहेज दासी' में निभाए जा रहे राजस्थानी किरदार के बारे में खुलकर बात की और बताया कि ऐसी भूमिकाएं निभाना मुश्किल है, खासकर उच्चारण के चलते। सायंतनी शो में विंध्या देवी की भूमिका में हैं। 'घर एक सपना' की एक्ट्रेस ने साझा किया कि यह एक्सपीरियंस मेरे लिए काफी पर्सनल है, क्योंकि मेरे ससुराल वाले जयपुर से हैं। मैंने सबको बताया, अपनी सास और ननद को कि मैं एक राजस्थानी किरदार निभा रही हूं, ये सुनकर वे काफी उत्साहित हुए। राजस्थानी किरदार निभाना चुनौतीपूर्ण है, खासकर लहजा, लेकिन मैं इस चुनौती के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। उन्होंने कहा कि हमने वर्कशॉप आयोजित की है, जहां हमें डायलॉग्स के संबंध में स्पेशल ट्रेनिंग दी गई। इसके अलावा, विंध्या न केवल मानसिक रूप से, बल्कि शारीरिक रूप से भी एक मजबूत महिला है। वह कभी किसी के आगे नहीं झुकती। इसलिए मैं यह सुनिश्चित कर रही हूं कि मैं अपना पोस्चर सही रखूं। बिग बॉस 6 प्रतियोगी ने आगे साझा किया कि जैसा कि मैंने बताया कि मेरे ससुराल वाले पहाड़ी हैं, वे जयपुर से हैं और हम बींदणी, अत्थे, मारे जैसे शब्दों का उपयोग करके बात करते हैं, इसलिए भाषा, आचरण, कपड़े, सब कुछ मेरे लिए रोमांचक है। मैंने लहंगा के साथ शर्ट, सिर पर पल्लू और बिंदी लगा रखी है। सयंतनी ने कहा कि मेरी किरदार की ताकत प्रेरणादायक है और यह ऐसी चीज है जिससे मैं जुड़ी हुई हूं।

# शोधकर्ताओं ने 'सिजोफ्रेनिया' के लिए विकसित किया रक्त परीक्षण



**सैन फ्रांसिस्को,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। एक गंभीर मानसिक बीमारी 'सिजोफ्रेनिया' के लिए शोधकर्ताओं की एक टीम ने एक नया रक्त परीक्षण विकसित किया है, जो इस बीमारी के खतरे की भविष्यवाणी के साथ उपचार के रास्ते भी खोलेगा। मॉलिक्यूलर साइकिएट्री जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, नया रक्त परीक्षण किसी व्यक्ति के रक्त में बायोमार्कर की पहचान करता है जो 'सिजोफ्रेनिया' के लिए उनकी वर्तमान गंभीरता और भविष्य के जोखिम को निष्पक्ष रूप से माप सकता है और उसके लिए उन उपचारों के रास्ते भी खोजता है, जो महत्पूर्ण रूप से प्रभावी भी होंगे। इंडियाना यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के एमडी, पीएचडी, प्रोफेसर और अध्ययन के वरिष्ठ लेखक अलेक्जेंडर निकुलेस्कु ने कहा कि शुरुआत में सिजोफ्रेनिया की पहचान करना कठिन है, लेकिन शुरुआत से ही लोगों को सही उपचार देना बहुत महत्वपूर्ण है। अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने उन मनोरोग रोगियों का परीक्षण किया, जिन्हें वे एक दशक से अधिक समय से देख रहे थे। उन्होंने ऐसे बायोमार्कर की पहचान की जो उच्च मतिभ्रम और उच्च भ्रम की स्थिति के साथ-साथ भविष्य के मनोरोग अस्पताल में भर्ती होने की भविष्यवाणी कर रहे थे। उन्होंने पाया कि सर्वोत्तम बायोमार्कर मतिभ्रम या भ्रम वाले किसी व्यक्ति का मूल्यांकन करने के लिए उपयोग किए जाने वाले मानक पैमानों की तुलना में अधिक पूर्वानुमानित थे, जिसका अर्थ है कि इस बायोमार्कर परीक्षण का उपयोग मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन से व्यक्तिपरकता और अनिश्चितता को कम करने में मदद कर सकता है। निकुलेस्कु ने कहा कि कुछ मौजूदा दवाएं काफी अच्छी तरह से काम करती हैं, अगर उन्हें सही रोगियों में जल्दी शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि सामाजिक समर्थन भी सर्वोपरि है और एक बार वह और दवाएं उपलब्ध हो जाएं तो मनोवैज्ञानिक समर्थन और थेरेपी भी मदद कर सकती है।

# भारतीय रेल कश्मीर घाटी को शेष रेलवे नेटवर्क से जोड़ने के करीब : जया वर्मा सिन्हा



- रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जया वर्मा सिन्हा ने जम्मू-कश्मीर में यूएसबीआरएल परियोजना का दौरा किया
- यूएसबीआरएल परियोजना के प्रगति कार्यों का जायजा लिया

नई दिल्ली, 10 फरवरी (देशबन्धु)। रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जया वर्मा सिन्हा ने यूएसबीआरएल परियोजना का दौरा कर गहन निरीक्षण किया। जया वर्मा सिन्हा ने अपने निरीक्षण दौरे की शुरुआत कटरा से सुरंग संख्या टी-33 (पुरानी सुरंग टी-1) से की। उन्होंने मोटर ट्रॉली निरीक्षण किया, तत्पश्चात् सुरंग टी-33 के महत्वपूर्ण प्रगतिशील कार्य का पैदल निरीक्षण किया। उन्होंने अत्यंत चुनौतीपूर्ण भूगर्भीय परिस्थितियों में परियोजना टीम द्वारा किए जा रहे अच्छे कार्य की प्रशंसा की और उन्हें सभी सुरक्षा संबंधी प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी। उन्होंने परियोजना से जुड़े अधिकारियों को परियोजना के शेष कार्यों को तेजी से पूरा करने के लिए हर संभव उपाय करने के निर्देश दिये ताकि कटरा-रियासी सेक्शन को शीघ्र जोड़ा जा सके। उन्होंने अपने मोटर ट्रॉली निरीक्षण के दौरान सुरंग टी-34 (पुरानी सुरंग टी-2) से आगे बढ़ते हुए अंजी ब्रिज, रियासी स्टेशन, बक्कल स्टेशन, चिनाब ब्रिज से होते हुए दुग्गा रेलवे स्टेशन तक ट्रैक, ईएंडएम, एसएंडटी और आरई कार्यों का निरंतर निरीक्षण किया और इन कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। सीआरबी ने उत्तर रेलवे, केआरसीएल और इरकॉन के अधिकारियों के साथ चिनाब ब्रिज साइट पर यूएसबीआरएल परियोजना से जुड़े प्रगति कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने कार्यों की गति पर संतोष व्यक्त किया और परियोजना अधिकारियों को सभी शेष कार्यों, विशेष रूप से सुरंग टी-1 और सावलकोट यार्ड से जुड़े कार्यों पर बारीकी से नज़र रखने के निर्देश दिये ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कार्य में कोई देरी न हो। हर प्रकार की भूगर्भीय, प्राकृतिक एवं मौसम संबंधी चुनौतियों के बावजूद परियोजना के बचे हुए हिस्से पर कार्य पूरे जोर-शोर से चल रहा है। भारतीय रेल प्रतिदिन कश्मीर घाटी को शेष रेलवे नेटवर्क से जोड़ने के करीब पहुंच रही है।

निरीक्षण के दौरान शोभन चौधुरी, महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे, संदीप गुप्ता, सीएओ, यूएसबीआरएल, संजय गुप्ता, सीएमडी, केआरसीएल, वी.पी. सिंह, पीसीई, उत्तर रेलवे, यू.सी. जोशी, पीसीओएम, उत्तर रेलवे एवं संजय साहू, मंडल रेल प्रबंधक, फिरोजपुर और यूएसबीआरएल परियोजना के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# गंभीर बीमारी से ग्रसित बच्चों का ऑपरेशन कर डॉक्टर ने बचाई जान

### आयुष्मान कार्ड से नि:शुल्क हुआ इलाज

**ग्रेटर नोएडा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। सूर्या अस्पताल यूनिट ऑफ़ वेदांश ग्रुप के हॉस्पिटल में अब्दुल अहाद, उम्र तीन माह मेल बेबी आपातकालीन विभाग में गंभीर हालत में बुखार और सांस की दिक्कत के कारण पहुंचा। जहां



पर आपातकालीन विभाग के डॉक्टर्स ने विभिन्न जांच की सहायता से ब्रोन्को निमोनिया डायग्नोस कर के इलाज शुरू किया गया। परन्तु शुरू किए गए इलाज से अपेक्षित सुधार ना होने की स्थिति और लगातार ऑक्सीजन की जरुरत पड़ने के कारण डॉ. अविनाश और डॉ. एहतेशाम द्वारा मरीज़ की बीमारी पर पुनर्विचार किया गया। सूर्य अस्पताल में उपलब्ध पॉइंट केयर अल्ट्रासाउंड जांच के द्वारा एक मेडियास्टिरल गांठ का पता चला। यह गांठ बच्चे के दिल और सांस की नली और फेफड़े के बीच स्थित थी और यह चारों तरफसे हृदय से निकलने वाली सारी बड़ी रक्त की नसों से घिरी हुई थी इसके बाद इस ओपरेशन को सूर्या हॉस्पिटल की डॉ. सुगंध और डॉ दिव्या और उनकी टीम के द्वारा 4 - 5 घंटों में बड़ी महनत के फलस्वरूप बिना किसी रक्त उत्पाद के उपयोग किया बिना सफलता पूर्वक किया गया। आयुष्मान कार्ड की वजह से ये बच्चा जिसका नाम अब्दुल अहाद अपनी सर्जरी करवा कर मुस्कान के साथ अपने घर वापस जा रहा है। अब्दुल अहाद के पापा सैम ने सूर्या हॉस्पिटल्स के डिरक्टर्स डॉ राकेश कुमार ठाकुर और डॉ नीरज कुमार सिंह के साथ-साथ अन्य डॉ सुगंध, डॉ अविनाश, डॉ दिव्या, डॉ एहतेशाम और स्टाफका तहे दिल से शुक्रिया किया।



नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने जीवंत फूलों और आकर्षक प्रदर्शनियों के साथ वसंत ऋतु का स्वागत करते हुए शनिवार को ट्यूलिप महोत्सव 2024 का दूसरा संस्करण लॉन्च किया। शांति पथ, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में उद्घाटन किए गए इस उत्सव ने हजारों फूलों के शौकीनों और स्कूली छात्रों को आकर्षित किया, जिन्होंने हॉलैंड से लुटियंस दिल्ली तक ट्यूलिप के इतिहास और यात्रा का पता लगाया। छाया : इम्तियाज खान

# विदिशा श्रीवास्तव ने वैलेंटाइन डे के लिए तैयार किया रोमांटिक प्लान, पति को देंगी बड़ा सरप्राइज



**मुंबई,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। एक्ट्रेस विदिशा श्रीवास्तव ने इस साल वेलेंटाइन डे पर अपने पति के लिए एक शानदार रोमांटिक प्लान तैयार किया है, जिसमें कैंडललाइट डिनर भी शामिल है। अपने सरप्राइज प्लान के बारे में बात करते हुए सिटकॉम 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता भाबी का किरदार निभाने वाली विदिशा ने कहा कि हालांकि हम रोजाना अपने कामों के जरिए पार्टनर के प्रति अपने प्यार को जताते रहते हैं, लेकिन यह वैलेंटाइन डे कुछ खास महत्व रखता है, क्योंकि यह पेरेंट्स के रूप में हमारा यह पहला वैलेंटाइन है। मैंने इस साल सायक पॉल के लिए एक शानदार रोमांटिक प्लान तैयार किया है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए, वैलेंटाइन डे शहर को रेड कलर में रंगने के जैसा है। विदिशा ने कहा कि कहते हैं कि एक आदमी के दिल का रास्ता उसके पेट से होकर गुजरता है। सॉफ्ट म्यूजिक और आरामदायक माहौल के साथ रूफटॉप में कैंडललाइट डिनर से बेहतर कुछ नहीं है। शूटिंग और अपने बच्चे आद्या की देखभाल के बिजी दिन के बावजूद मैं सायक को एक अविस्मरणीय डेट के साथ सरप्राइज देना चाहती हूं।

मेरी गुड़िया फेम अभिनेत्री ने कहा कि इसके अलावा, यह दिन हर रूप में प्यार का जश्न मनाने के बारे में है। आइए, उन लोगों को स्वीकार करने के लिए रुकें, जो हमारे जीवन में जोश भरते हैं और हमारे आसपास के लोगों के साथ प्यार साझा करते हैं। भाबीजी घर पर हैं एंड टीवी पर प्रसारित होता है।

# हथिनी की घायल बच्ची का मथुरा के हाथी अस्पताल में हो रहा है इलाज

### नौ माह की इस हथिनी का नाम बानी दिया गया

**मथुरा,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तराखण्ड के कारबेट नेशनल पार्क के पास रेल की टक्कर से घायल हुई हथिनी की बच्ची का इलाज एलीफैन्ट कन्जरवेशन एवं केयर सेन्टर चुरमुरा, मथुरा के अस्पताल में किया जा रहा है। यह अस्पताल हिन्दुस्तान का पहला हाथी चिकित्सा करने वाला अस्पताल है। वाइल्ड लाइफ एसओएस की वेटेरिनरी सेवाओं के उप निदेशक डॉ. इलियाराजा एस ने बताया कि नौ माह की इस हथिनी का नाम बानी दिया गया है। इस हथिनी के चोट लगे स्थान की सफाई एवं मालिश की जा रही है तथा चोट से घाव बने स्थान की रोज सफाई के साथ विशेष चिकित्सा की जा रही है। जोड़ो की चिकित्सा लेजर चिकित्सा प्रणाली तथा फिजियोथिरैपी विधि से की जा रही है।उनका कहना था कि यह अच्छी बात है कि इस हथिनी के आगे के दोनो पैर ठीक काम कर रहे हैं। पहले अनुमान था कि उसके स्पाइनल इंजरी भी है किंतु जिस प्रकार से उसकी पूंछ हिल रही है तथा जिस प्रकार से इसका शरीर चल रहा है तथा खाना भी पचा रही है उससे लगता है कि उसे स्पाइनल इंजरी नही है तथा उसका जो भी इलाज किया जा रहा है उससे उसे फायदा हो रहा है। डायरेक्टर कन्जरवेशन एवं केयर प्रोजेक्ट्स वाइल्ड लाइफ एसओएस मथुरा बैजू राज एमवी ने बताया कि लगभग दो माह पहले उत्तराखण्ड के कार्बेट नेशनल पार्क के पास एलीवेटेड रेल मार्ग को पार करते समय बानी और उसकी मां हथिनी की रेल से टक्कर हो गई थी जिसमें उसकी मां की मृत्यु हो गई थी पर बानी जमीन से ऊपर उठे रेल मार्ग से नीचे एक गडढे से स्थान पर गिर गई थी। उस समय इसका इलाज उत्तराखण्ड के पशु चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा था किंतु सुधार न होने पर हाथी संरक्षण एवं सुश्रूखा केन्द्र मथुरा को सूचना दी गई थी।

यहां से चिकित्सकों की टीम वहां गई थी किंतु उस समय बानी मथुरा लाने की स्थिति में न थी तथा यहां के चिकित्सकों ने इलाज करने के बाद जब यह पाया कि अब इसे मथुरा ले जाया जा सकता है तो वे उसे लेकर लगभग एक सप्ताह पूर्व मथुरा के हाथी अस्पताल में ले आए जिसका संचालन एलीफैन्ट कन्जरवेशन एवं केयर सेन्टर द्वारा ही किया जाता है। बैजू राज के अनुसार रेल दुर्घटनाओं से होने वाली हाथियों की मौत को रोका जा सकता है किंतु इस दिशा में अभी तक कोई कारगर प्रयास नही किया गया। अधिकृत आंकड़ों के अनुसार 2010 से 2020 के बीच रेल दुर्घटना से 200 हाथियों की मौत हो चुकी है।

उन्होंने बताया हाथियों की इस प्रकार की मौत को वाइल्ड लाइफ एसओएस के जनक एवं सीईओ कार्तिक सत्यनारायण ने गंभीरता से लिया और इसे रोकने के लिए एक पेटीशन वाइल्ड लाइफ एसओएस की वेबसाइट पर डाल दिया है इस समस्या के निदान में अन्य लोगों के जुड़ने की भी संभावना है।

कोरोना को लेकर वैज्ञानिकों का अध्ययन

# कोरोना से पीड़ित महिलाओं में सेक्स को लेकर रुचि हुई कम

**सैन फ्रांसिस्को,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। एक अध्ययन में सामने आया है कि कोरोना से पीड़ित होने के बाद अधिकांश महिलाओं में सेक्स के प्रति रूचि कम हो चुकी है। जर्नल ऑफ सेक्सुअल मेडिसिन में प्रकाशित 2,000 से अधिक सिजेंडर महिलाओं के अध्ययन में पाया गया कि कोरोनोवायरस रोग यौन क्रिया को खराब कर सकता है। इसमें लंबे समय तक रहने वाला कोविड उल्लेखनीय रूप से हानिकारक प्रभाव डालता है। अमेरिका स्थित बोस्टन विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर अमेलिया एम. स्टैंटन ने कहा कि यदि आप कोविड से बीमार हैं, तो संभवत: आपकी सेक्स में रुचि कम है और हो सकता है कि आपका शरीर सेक्स करने के लिए कम तैयार हो। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के लिए यह आश्चर्य की बात हो सकती है कि लंबे समय तक



रहने वाले कोविड लक्षण वास्तव में महिलाओं के यौन स्वास्थ्य पर शारीरिक और मनोवैज्ञानिक प्रभाव डाल सकते हैं। कोविड के प्रभाव का पता लगाने के लिए शोधकर्ताओं ने एक ऑनलाइन सर्वेक्षण किया, इसमें भाग लेने वाली लगभग आधी महिलाओं ने बताया कि उन्हें कभी भी कोविड नहीं हुआ था और बाकी ने कहा कि उनका परीक्षण सकारात्मक था।

**2,000 से अधिक सिजेंडर महिलाओं पर अध्ययन**

उन्होंने पाया कि जिन लोगों को कोविड था, उनमें 'इच्छा, उत्तेजना, स्नेह और संतुष्टि' का स्तर उन लोगों की तुलना में कम था, जिन्हें कोविड नहीं था। दोनों समूहों के बीच कामोत्तेजना और दर्द का स्कोर बहुत अलग नहीं था। शोधकर्ताओं के अनुसार, जबकि कोविड समूह में महिलाओं को अभी भी सूचकांक की कार्यात्मक सीमा के भीतर वर्गीकृत किया गया था। लंबे समय तक कोविड वाले प्रतिभागियों के पास 'डिसफंक्शनल रेंज में औसत एफएसएफआई पूर्ण-पैमाना स्कोर' था। स्टैंटन ने कहा कि सेक्स, कामुकता और यौन क्रियाएं अभी भी अपेक्षाकृत वर्जित विषय हैं। लेकिन, यह कुछ ऐसी पेशकश करता है, जिसे मरीज अपने प्रदाताओं के पास ला सकते हैं और कह सकते हैं, 'यह मेरे लिए चल रहा है', और शायद सेक्स के आसपास एक खुली बातचीत पैदा कर सकता है। अध्ययन में, स्टैंटन और उनकी टीम ने कहा कि परिणामों से पता चलता है कि 'कोविड -19 संक्रमण यौन क्रिया के संज्ञानात्मक और शारीरिक पहलुओं की हानि से जुड़ा हो सकता है।

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| एसबीआई | 3.55 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 2.31 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 2.14 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.39 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.17 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.40 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.88 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.84 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.67 प्रतिशत |
| इंफ़ोसिस | 1.39 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत



**नई दिल्ली,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# ईएसआईसी ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मेडिकल कवर देने के लिए नियमों में ढील दी

**नई दिल्ली,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने वेतन सीमाअधिक होने के बाद ईएसआई योजना कवरेज से हटाए गए सेवानिवृत्त कर्मचारियों को चिकित्सा लाभ प्रदान करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। वे व्यक्ति जो एक अप्रैल 2012 के बाद कम से कम पांच वर्षों के लिए बीमा लाभार्थी रोजगार में थे और एक अप्रैल 2015 को या उसके बाद 30,000 रुपए प्रति माह तक के वेतन के साथ सेवानिवृत्त या स्वैच्छिक सेवानिवृत्त हुए थे, अब नई योजना के तहत चिकित्सा लाभ प्राप्त करने के पात्र होंगे। कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) योजना बीमित व्यक्तियों और उनके परिवार के सदस्यों को चिकित्सा देखभाल, उपचार, दवाओं और इंजेक्शन, विशेषज्ञ परामर्श और अस्पताल में भर्ती के रूप में पूर्ण चिकित्सा देखभाल प्रदान करती है। ईएसआई योजना कारखानों और अन्य प्रतिष्ठानों जैसे




सड़क परिवहन, होटल, रेस्तरां, सिनेमा, समाचार पत्र, दुकानें और शैक्षणिक/चिकित्सा संस्थानों पर लागू होती है, जिनमें 10 या अधिक व्यक्ति कार्यरत हैं। केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में ईएसआईसी की बैठक में सरकार की एक्ट ईस्ट नीति के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए उत्तर-पूर्व क्षेत्र और सिक्किम में चिकित्सा सेवाओं और बुनियादी ढांचे को बढ़ाने का भी निर्णय लिया गया। ईएसआईसी ने सिक्किम सहित पूर्वोत्तर राज्यों में औषधालयों, चिकित्सा बुनियादी ढांचे/क्षेत्रीय/उप क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना के लिए मौजूदा मानदंडों में ढील दी।

बैठक के दौरान ईएसआई लाभार्थियों की समग्र भलाई को बढ़ावा देने के लिए ईएसआईसी संस्थानों में आयुष 2023 पर एक नई नीति अपनाई गई। नीति में ईएसआईसी अस्पतालों में पंचकर्म, क्षार सूत्र और आयुष इकाइयों की स्थापना का विवरण दिया गया है। बैठक में चिकित्सा देखभाल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए उडुपी, कर्नाटक, इडुक्की, केरल में 100-100 बिस्तरों वाले अस्पतालों के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण को मंजूरी दी गई और पंजाब के मलेरकोटला में 150 बिस्तरों वाले एक अस्पताल के निर्माण को भी मंजूरी दी गई। इसके अलावा गैर-आईपी लोगों के लिए अलवर राजस्थान और बिहटा बिहार में ईएसआईसी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में शून्य उपयोगकर्ता शुल्क पर ईएसआई स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं का लाभ उठाने के लिए रियायती सुविधाओं को 31 मार्च 2025 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान ईएसआई कॉर्पोरेशन द्वारा ईएसआईसी के संशोधित अनुमान 2023-24, बजट अनुमान 2024-25 और प्रदर्शन बजट 2024-25 को अपनाया गया।

## जेएसब्ल्यू समूह ओडिशा में 40 हजार करोड़ का लगाएगा विद्युत वाहन, बैटरी कारखाना

**नई दिल्ली,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। उद्योगपति सज्जन जिंदल के नेतृत्व वाले विनिर्माण क्षेत्र के प्रमुख औद्योगिक समूह जेएसडब्ल्यू ने ओडिशा में कटक और पारादीप में एक बड़े पैमाने का एकीकृत विद्युत वाहन (ईवी) और ईवी बैटरी विनिर्माण परियोजना स्थापित करने की शनिवार को घोषणा की। कंपनी ने कहा है कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर 40 हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया जाएगा और इससे रोजगार के 11 हजार से अधिक अवसर पैदा होंगे। इस पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की उपस्थिति में भुवनेश्वर में हस्ताक्षर किए गए। कंपनी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में इसे एक ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा गया है कि बिजली के क्षेत्र में ओडिशा की स्थिति को मजबूत करने के लिए राज्य की सरकार के साथ जेएसडब्ल्यू समूह ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। बयान में कहा गया है कि एक एकीकृत इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और ईवी बैटरी विनिर्माण कटक और पारादीप में परियोजना।

जेएसडब्ल्यू समूह ने कहा है कि इस परियोजना के लिए उसे दूसरे राज्यों से भी प्रतिस्पर्धी प्रस्ताव मिले थे। इनके बीच उसने ओडिशा में रणनीतिक प्रवेश करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। बयान में कहा गया है कि इससे राज्य में सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्योगों तथा इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग में सहायाक इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहन मिलेगा। विज्ञप्ति के मुताबिक ओडिशा सरकार इस परियोजना के लिए एक विशेष पैकेज के माध्यम से प्रोत्साहन देगी। इससे न केवल ओडिशा का औद्योगिक परिदृश्य मजबूत होगा बल्कि भारत की ईवी विनिर्माण क्षमताओं में महत्वपूर्ण विस्तार होगा। बयान में ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के हवाले से कहा गया है, 'हम नए युग के क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत अवसरों का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम इसके माध्यम से ओडिशा के लोगों में उच्च कौशल पैदा करने का लक्ष्य रखते हैं। जेएसडब्ल्यू समूह के सहयोग से, हम एक ऐसे भविष्य के लिए मंच तैयार कर रहे हैं जहां नवोन्मेष को बढ़ावा मिलेगा, हमारा औद्योगिक विकास होगा और , ओडिशा के युवाओं को ऐसे कौशल और रोजी रोजगार के अवसर मिलेंगे जो अगली पीढ़ी की अर्थव्यवस्था को परिभाषित करेंगे।'

## सिस्को कंपनी अगले सप्ताह हजारों नौकरियों में कटौती कर सकती है

**सैन फ्रांसिस्को,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। ग्लोबल नेटवर्किंग दिग्गज सिस्को कथित तौर पर अगले सप्ताह हजारों कर्मचारियों की छंटनी कर सकती है। कंपनी उच्च विकास वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, सिस्को द्वारा 14 फरवरी को 2024 की दूसरी तिमाही की आय रिपोर्ट जारी करने की उम्मीद है और इस दौरान छंटनी की घोषणा होने की संभावना है। सिस्को ने संभावित नौकरी कटौती पर कोई टिप्पणी नहीं की। सिस्को ने पिछले साल लगभग 4,000 कर्मचारियों को छंटनी के नोटिस जारी किए थे। रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023 तक नेटवर्किंग कंपनी की कुल कर्मचारी संख्या 84,900 थी। पिछले साल सितंबर में, सिस्को ने अपने लेटेस्ट नौकरी कटौती दौर में अमेरिका में सिलिकॉन वैली में 350 कर्मचारियों को निकाल दिया था। कंपनी ने नवंबर 2022 में अपने कार्यबल में से लगभग 5 प्रतिशत यानी 4,000 नौकरियों में कटौती करने की घोषणा की थी।

कंपनी ने एक बयान में कहा था कि ये 'हालिया अधिसूचनाएं नवंबर 2022 में शुरू किए गए पुनर्संतुलन प्रयास का हिस्सा हैं, जिसमें हमारे रियल एस्टेट पोर्टफोलियो और हमारे कार्यबल के लगभग 5 प्रतिशत को प्रभावित करने वाला एक सीमित पुनर्गठन शामिल था।' नवंबर में की गई छंटनी 600 मिलियन डॉलर की पुनर्गठन योजना का हिस्सा थी। कंपनी ने कहा था, 'यह पुनर्संतुलन हमारे परिवर्तन में निवेश को प्राथमिकता देने, बदलते प्रौद्योगिकी परिदृश्य में हमारे ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने और उनसे आगे निकलने के बारे में है।'

## सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड 12-16 फरवरी तक किए जाएंगे जारी

**नई दिल्ली,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड 2023-24 (श्रृंखला चार) 12-16 फरवरी के दौरान सदस्यता के लिए खोला जाएगा, इसकी निपटान तिथि 21 फरवरी है। आरबीआई द्वारा सोने के बांड 6,263 रुपए प्रति ग्राम की कीमत पर जारी किए जाएंगे। सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से उन निवेशकों को सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड के निर्गम मूल्य से 50 रुपए प्रति ग्राम की छूट देने का निर्णय लिया है, जो ऑनलाइन आवेदन करते हैं और भुगतान डिजिटल मोड के माध्यम से किया जाता है। ऐसे निवेशकों के लिए गोल्ड बॉन्ड का निर्गम मूल्य 6,213 रुपए प्रति ग्राम सोना होगा। बांड के लिए भुगतान




नकद भुगतान (अधिकतम 20,000/- रुपए तक) या डिमांड ड्राफ्ट या चेक या इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग के माध्यम से होगा। एसजीबी विभिन्न चैनलों के माध्यम से उपलब्ध होंगे, इनमें अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक, स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एसएचसीआईएल), क्लियरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआईएल), नामित डाकघर और मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज, जैसे नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) शामिल हैं। व्यक्तिगत निवेशक न्यूनतम 1 ग्राम निवेश से शुरुआत कर सकते हैं और अधिकतम 4 किलोग्राम तक जा सकते हैं। एसजीबी के लिए अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) मानदंड भौतिक सोने की खरीद के समान हैं। वोटर आईडी, आधार कार्ड/पैन या टैन/पासपोर्ट जैसे केवाईसी दस्तावेजों की आवश्यकता होगी। आयकर विभाग द्वारा जारी स्थायी खाता संख्या (पैन) अनिवार्य है। एसजीबी आठ साल के कार्यकाल के साथ आते हैं और पांचवें वर्ष के बाद बाहर निकलने का विकल्प होता है। परिपक्वता तक रखे जाने पर एसजीबी कर मुक्त होते हैं।

**सार संक्षेप**

### विवो इग्नाइट अवार्ड्स के राष्ट्रीय विजेताओं की घोषणा

**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन ब्रांड विवो ने एनसीईआरटी और आईहब दिव्यसम्पर्क, आईआईटी रूड़की के सहयोग से अपनी देशव्यापी पहल - विवो इग्नाइटः टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन अवार्ड्स' के राष्ट्रीय विजेताओं की घोषणा की जिसमें स्मार्ट स्ट्रीट परियोजना को सात लाख रुपए के प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आज यहां आयोजित ग्रांड फिनाले में पांच प्रमुख विजेताओं की घोषणा की गयी जिनको कुल मिलाकर 21 लाख रुपए के पुरस्कार से नवाजा जा रहा है। प्रथम पुरस्कार के रूप में 7 लाख रुपए के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया, इसके बाद 4 उपविजेताओं को 14 लाख रुपए के नकद पुरस्कार दिए गए। शीर्ष 25 विचारों का अनुसंधान अध्ययन/इन्क्यूबेशन के लिए विचार किया जाना है। भारत की 10 राष्ट्रीय फाइनलिस्टों ने सबसे वैज्ञानिक रूप से नवीन और सामाजिक रूप से प्रासंगिक परियोजनाएं प्रस्तुत कीं, जिनमें से शीर्ष 5 को राष्ट्रीय विजेता घोषित किया गया। विवो इस विचार के लिए प्रतिबद्ध है कि युवा दिमाग का विकास आजीवन सीखने का आधार है, और विवो इग्नाइटः टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन अवार्ड्स उज्ज्वल दिमाग को एक आकर्षक अवसर प्रदान करने के लिए इसके समर्पण के प्रमाण के रूप में खड़ा है। यह पहल कक्षा 8 से 12 तक के सभी भारतीय छात्रों के लिए खुली थी और नवंबर 2023 से फरवरी 2024 के बीच तीन चरणों में आयोजित की गई थी। 19,000 से अधिक पंजीकरण और देश भर में 4,000 से अधिक परियोजनाएं प्राप्त होने के साथ, स्मार्ट स्ट्रीट ने प्रथम पुरस्कार जीता। सुरक्षित, हरित, सुंदर सड़कों के लिए स्मार्ट सड़कों को लागू करने के उद्देश्य से एक प्रोटोटाइप पेश करने के लिए 7 लाख रुपए।

### माइक्रोसॉफ्ट 3.125 ट्रिलियन डॉलर मार्केट कैप के साथ सबसे मूल्यवान कंपनी बनी

**न्यूयॉर्क।** माइक्रोसॉफ्ट ने सप्ताह का अंत 3.125 ट्रिलियन डॉलर के बाजार पूंजीकरण के साथ किया, जो अब तक किसी भी कंपनी के लिए सबसे अधिक है। कंपनी का मार्केट मूल्य एप्पल द्वारा निर्धारित पिछले रिकॉर्ड में सबसे ऊपर है, जो जुलाई में 3.09 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया था। एप्पल शुक्रवार को 2.916 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ समाप्त हुआ। बैरन की रिपोर्ट के अनुसार, माइक्रोसॉफ्ट 3.1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक मार्केट कैप (बाजार पूंजीकरण) के साथ बंद होने वाली पहली अमेरिकी कंपनी भी है। माइक्रोसॉफ्ट का स्टॉक सप्ताह के अंत में 420.55 डॉलर पर बंद हुआ। पिछले 12 महीनों में, इसके शेयरों में 60 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, जिसका मुख्य कारण इसके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सॉफ्टवेयर को लेकर उत्साह है। कंपनी ने पिछले महीने वॉल स्ट्रीट के पूर्वानुमानों से पहले तिमाही राजस्व और लाभ की सूचना दी, और प्रबंधन ने कंपनी के एआई लाभ पर ध्यान दिया।

# यूपीसीडा के 84 इंडस्ट्रीयल प्लॉट्स की होगी ई-नीलामी

**लखनऊ,** 10 फरवरी (एजेंसियां) औद्योगिक विकास को गति देने की कवायद के तहत उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने विभिन्न केटेगरी इंडस्ट्रीयल प्लॉट्स की आवंटन प्रक्रिया सुनिश्चित करते हुए 84 भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकृत सूत्रों ने शनिवार को बताया कि पिछले साल 29 दिसंबर को यूपीसीडा ने 106 औद्योगिक, 13 व्यवसायिक व 16 बिल्ड अप हॉल फ्लैटेड फैक्टरी भूखंडों की प्रक्रिया शुरू की थी। इस प्रक्रिया में शेष रह गए 84 औद्योगिक भूखंडों की ई-निविदा का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। इस क्रम में, यूपीसीडा द्वारा जिन भूखंडों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू की गई है उनमें उन्नाव ट्रांस गंगा सिटी, कानपुर, प्रयागराज, लखनऊ, झांसी, अयोध्या, आगरा, हरदोई, वाराणसी समेत कई प्रमुख जिलों के औद्योगिक क्षेत्रों में भूखंडों का मार्ग प्रशस्त होगा। इस ई-निविदा प्रक्रिया को यूपीसीडा द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के ई-टेंडरिंग पोर्टल के जरिए पूरा किया जाएगा।

**29 दिसंबर को यूपीसीडा ने 106 औद्योगिक, 13 व्यवसायिक व 16 बिल्ड अप हॉल फ्लैटेड फैक्टरी भूखंडों की प्रक्रिया शुरू की थी**

उन्होने बताया कि जिन भूखंडों के आवंटन के लिए नीलामी प्रक्रिया को यूपीसीडा द्वारा शुरू किया गया है उनकी रिजर्व्ड प्राइस, कुल एरिया, ईएमडी प्राइज समेत तमाम जानकारियां भी साझा की गई हैं। इसमें से सबसे छोटा भूखंड 2426.97 स्क्वेयर मीटर तो सबसे बड़ा प्लॉट 53563 स्क्वेयर मीटर का है। इसमें जिस भूखंड को सर्वाधिक कीमती माना गया है उसकी रिजर्व्ड प्राइस 64.69 करोड़ रुपए रखी गई है। वहीं, बिल्ड अप हॉल फ्लैटेज फैक्ट्रीज के लिए रिजर्व्ड प्लॉट्स को 50 हजार रुपए के अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी) पर प्राप्त किया जा सकेगा। इन भूखंडों में इंडस्ट्रियल, वेयरहाउसिंग, कमर्शियल व फ्लैटेड फैक्टरी जैसी गतिविधियों का संचालन किया जा सकेगा।

सूत्रों के अनुसार मेगा ई-ऑक्शन के अंतर्गत आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 फरवरी निर्धारित की गई है। इस ई-निविदा प्रक्रिया को यूपीसीडा द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के सहयोग से पूरा किया जाएगा। एसबीआई के ई-टेंडर पोर्टल के जरिए इस प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में विकसित हो रहे औद्योगिक परिवेश को गति देने में यूपीसीडा अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होने बताया कि राजधानी लखनऊ में 19 फरवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) का आयोजन किया जा रहा है उसमें यूपीसीडा द्वारा 1.4 लाख करोड़ के बिजनेस इंटेंड्स को धरातल पर उतारने की अंतिम प्रक्रिया को भी पूर्ण करने पर फोकस किया जा रहा है।

## जीबीसी 4.0: यूपी में दस लाख करोड़ रुपए की परियोजनाये उतरेंगी जमीं पर

लखनऊ, 10 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 19 फरवरी को प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) 4.0 के जरिये योगी सरकार लगभग 10 लाख करोड़ रुपए की निवेश परियोजनाओ को जमीन पर उतारेगी। अधिकृत सूत्रों ने शनिवार को दावा किया कि इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित की जा रही जीबीसी के जरिए प्रदेश के सभी हिस्सों में निवेश की बयार बहेगी। इसके अंतर्गत सर्वाधिक 52 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं की शुरुआत प्रदेश के पश्चिमांचल हिस्से में होगी। पश्चिमांचल के अतिरिक्त प्रदेश के पूर्वांचल में 29 प्रतिशत, मध्यांचल में 14 प्रतिशत और बुंदेलखंड में 5 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होने बताया कि इस ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से योगी सरकार अनुमानित 10 लाख करोड़ रुपए की निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारने जा रही है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के एक वर्ष के अंदर इतनी बड़ी राशि के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारकर योगी सरकार प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक और मील का पत्थर स्थापित करने जा रही है। सूत्रों ने बताया कि 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में जीबीसी 4.0 का शुभारंभ किया जाएगा। इसके माध्यम से योगी सरकार यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के बाद एक वर्ष की छोटी अवधि में लगभग 10 लाख करोड़ रुपए के अनुमानित निवेश को धरातल पर उतारेगी। इसके माध्यम से 33.50 लाख रोजगार के अवसरों के साथ 14 हजार से अधिक परियोजनाओं को लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाए जाएंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकांश 19.24 प्रतिशत निवेश आवास में होना निर्धारित है। इसके अलावा 15 प्रतिशत निवेश रिन्यूएबल एनर्जी में, 13 प्रतिशत मैन्युफैक्चरिंग में, 10 प्रतिशत आईटी एवं आईटी आधारित सेवाओं में, 7.83 प्रतिशत लॉजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग में, 7.5 प्रतिशत ऊर्जा में, 6.01 प्रतिशत फूड प्रॉसेसिंग में, 5.27 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में, 2.96 प्रतिशत शिक्षा में स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही, शॉर्टलिस्ट किए गए अन्य सेक्टर में कृषि (0.37 फीसदी), पशुपालन (0.25त्न), ऑटोमोबाइल एवं इलेक्ट्रिक वाहन (0.33 फीसदी), जैव ईंधन/बायोमास (0.82 फीसदी), डेयरी (1.04 फीसदी), डिफेंस एवं एयरोस्पेस (0.55 फीसदी), डिस्टलरीज (0.84 फीसदी), वित्तीय सेवाएं (0.12 फीसदी), खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति (1.08 फीसदी), स्वास्थ्य सेवाएं (2.73 फीसदी), आतिथ्य एवं मनोरंजन (2.78 फीसदी), अवस्थापना (0.02 फीसदी), टेक्सटाइल एवं हथकरघा (1.28 फीसदी), काष्ठ आधारित उद्योग (1.00 फीसदी) और अन्य क्षेत्र (0.11 फीसदी) शामिल हैं।

## जिंसों में टिकाव



**नई दिल्ली,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले स्तर पर टिके रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# अमेरिका ने चिप से संबंधित अनुसंधान एवं विकास में 5 बिलियन डॉलर से अधिक निवेश की घोषणा की

**वाशिंगटन,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। जो बाइडेन और कमला हैरिस प्रशासन ने सेमीकंडक्टर-संबंधित अनुसंधान, विकास और कार्यबल आवश्यकताओं में 5 बिलियन डॉलर से अधिक के निवेश की घोषणा की है। यह निवेश अमेरिका में अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने के बाइडेन के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी केंद्र (एनएसटीसी) को सशक्त बनाएगा।

व्हाइट हाउस ने शुक्रवार देर रात एक बयान में कहा कि एनएसटीसी नवीनतम सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकियों के डिजाइन, प्रोटोटाइप और पायलटिंग का समर्थन करके यह सुनिश्चित करेगा कि अमेरिका सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकियों की अगली पीढ़ी में अग्रणी बने। यह साझा सुविधाओं और विशेषज्ञता का लाभ उठाने में भी मदद करेगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नवप्रवर्तकों की महत्वपूर्ण क्षमताओं तक पहुंच हो और एक कुशल और विविध सेमीकंडक्टर कार्यबल का निर्माण हो सके। चिप्स और विज्ञान अधिनियम के कार्यान्वयन के हिस्से के रूप में निवेश 'सेमीकंडक्टर आरएंडडी में अमेरिकी नेतृत्व को



आगे बढ़ाता है। नई प्रौद्योगिकियों के व्यावसायीकरण के समय और लागत में कटौती करता है।

अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करता है और अच्छी सेमीकंडक्टर नौकरियां हासिल करने में श्रमिकों को जोड़ता है और उनका समर्थन करता है।' अमेरिका वर्तमान में वैश्विक आपूर्ति का 10 प्रतिशत से भी कम उत्पादन करता है और कोई भी सबसे उन्नत चिप्स नहीं बनाता है। चिप्स और विज्ञान अधिनियम का लक्ष्य अमेरिकी सेमीकंडक्टर विनिर्माण, अनुसंधान और विकास (आर

**अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करता है और अच्छी सेमीकंडक्टर नौकरियां हासिल करने में श्रमिकों को जोड़ता है और उनका समर्थन करता है'**

एंड डी), और कार्यबल में 'ऐतिहासिक निवेश' करके इसे बदलना है।

सीएचआईपीएस एंड आर एंड डी कार्यक्रम में चार कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने के लिए कुल 11 बिलियन डॉलर की फंडिंग शामिल है - एनएसटीसी, नेशनल एडवांस्ड पैकेजिंग मैन्युफैक्चरिंग प्रोग्राम (एनएएमपीएम); चिप्स मेट्रोलॉजी कार्यक्रम; और चिप्स मैन्युफैक्चरिंग यूएसए इंस्टीट्यूट। अमेरिकी सरकार ने कहा, 'एनएसटीसी सरकार, उद्योग, श्रम, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, शैक्षणिक संस्थानों, उद्यमियों और निवेशकों को एक साथ लाएगा और नए नवाचारों की गति में तेजी लाने, सेमीकंडक्टर आर एंड डी में भागीदारी के लिए बाधाओं को कम करने और एक कुशल के लिए मौलिक जरूरतों को सीधे संबोधित करने के लिए समर्थन करेगा।

# खेल जगत

## दुबई कैपिटल्स को जीत दिलाने वाले सिकंदर रजा ने कहा, यह सपनों के पूरा होने जैसा लग रहा है

**दुबई,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। सिकंदर रजा अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में थे और जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर ने आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर आईएलटी20 सीजन 2 में दुबई कैपिटल्स को डेजर्ट वाइपर्स पर महत्वपूर्ण जीत दिलाई। शुक्रवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में जीत ने दुबई कैपिटल्स को एमआई अमीरात के खिलाफ अपने अंतिम लीग मैच के लिए तैयार कर दिया, जो उनके प्लेऑफ़ भाग्य का फैसला करेगा। शुक्रवार को जीत के लिए 171 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रजा ने मैच की आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर अपनी टीम को प्लेऑफ की दौड़ में बनाये रखा। उस पल के बारे में बात करते हुए जब उन्होंने अपनी टीम को मैच जिताया, जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर ने कहा, यह सपनों की बात है। मेरे दृष्टिकोण से, प्रतियोगिता में बने रहने के लिए हमें इस जीत की आवश्यकता थी। और इस तरह की जीत हमारे आत्मविश्वास को बढ़ाने में काफी मददगार होगी।



# छठी बार अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप पर कब्जे की जंग में उतरेगा भारत

- भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बेहद रोमांचक फाइनल की आस
- भारत के सहारन व मुशीर का तेज गेंदबाज स्ट्रैकर व विडलर के खिलाफ इम्तिहान

सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 10 फरवरी (देशबन्धु)। बतौर कप्तान और बल्लेबाज उम्र से ज्यादा परिपक्व खेल दिखाने वाले उदय सहारन के सामने अजेय मौजूदा और पांच बार के चैंपियन भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को बिनौनी में आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप फाइनल भी जिता छठी बार खिताब जिताने की चुनौती है। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत की सीनियर टीम को इसी साल आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। यह दिलचस्प रहेगा कि क्या कप्तान उदय सहारन लगातार पांचवीं और कुल नौवीं बार अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में पहुंचने वाली भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को फाइनल में तीसरी बार जीत दिला कुल छठी बार खिताब जिता कर उसके खिलाफ अपनी टीम की श्रेष्ठता बरकरार रख पाएंगे।भारत ने इससे पहले 2000 में मोहम्मद कैफ की कप्तानी में, 2008 में विराट कोहली कोहली, 2012 में उन्मुक्त चंद, 2018 में पृथ्वी शॉ और 2022 में यश धुल की कप्तानी में इससे पहले अंडर-19 विश्व कप जीता है और उदय सहारन अब मौजूदा संस्करण में अपनी कप्तानी में भारत को खिताब जिताने से मात्र एक कदम दूर हैं। दोनों टीम इससे पहले दो बार-2012 और 2018 में अंडर 19 विश्व कप के फाइनल में भिड़ी थी और दोनों बार भारत ने अब तक तीन बार खिताब जीतने वाली ऑस्ट्रेलिया को हरा खिताब जीता। भारत ने 2012 में टाउंसविले में उन्मुक्त चंद की कप्तानी में उनके शतक से ऑस्ट्रेलिया को फाइनल में चार विकेट से और आखिरी बार 2018 में पृथ्वी शॉ की कप्तानी में मनजोत कालरा के अविजित शतक से अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप के एकतरफा फाइनल आठ विकेट से हरा खिताब जीता।

भारत के पास अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को तीसरी बार हरा कर खिताबी हैट्रिक पूरा करने का मौका है। बड़ा सवाल यह रहेगा कि क्या मौजूदा संस्करण में एक शतक और तीन अर्द्धशतकों की मदद से सेमीफाइनल सहित छह मैचों के बाद रन बनाने में सबसे





आगे चल रहे कप्तान उदय सहारन (कुल 389 रन) 2012 के संस्करण में कप्तान उन्मुक्त चंद की तरह खुद शतक जड़ कर भारत को अंडर 19 विश्व कप में छठी बार खिताब जिता पाएंगे। अपने शुरू के चार विकेट मात्र 32 रन पर गंवाने के बाद उदय सहारन और सचिन दास की पांचवें विकेट की 171 रन की भागीदारी से भारत ने मेजबान दक्षिण अफ्रीका को सात गेंदों के बाकी रहते सेमीफाइनल में दो विकेट से हराया तो वहीं तेज गेंदबाज टॉम स्ट्रैकर के गेंद से %छक्के' व हैरी डिक्सन के अर्द्धशतक से ऑस्ट्रेलिया ने मात्र पांच गेंदों के बाकी रहते पाकिस्तान को एक विकेट से हरा फाइनल में स्थान पाया। भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें ने जिस तरह अपने अपने सेमीफाइनल में हारी बाजी पलट जीत हासिल की उससे इन दोनों के बीच फाइनल में भी बेहद रोमांचक मुकाबले की आस है। भारत के लिए मौजूदा संस्करण में कप्तान सहारन के बाद सबसे ज्यादा दो शतकों और एक अर्द्धशतक सहित रन बनाने में दूसरे स्थान पर चल रहे मुशीर खान (कुल 338 रन), कप्तान सहारन के साथ सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका पर जीत के हीरो रहे एक शतक और एक अर्द्धशतक सहित छह मैचों में कुल 294 रन बनाने वाले सचिन दास , दो अर्द्धशतकों सहित छह मैचों में कुल 191 रन बनाने वाले सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह और एक शतक जडने वाले अर्शिन कुलकर्णी(कुल 181 रन) के रूप में अपने बूते किसी भी मुश्किल से उबारने में सक्षम बल्लेबाज हैं। कप्तान सहारन और मुशीर खान सहित भारत की मजबूत बल्लेबाजी का फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के कामयाब तेज गेंदबाजों -टॉम स्ट्रैकर (12 विकेट) और कैलुम विडलर(12 विकेट) के खिलाफ असल इम्तिहान होगा। ऑस्ट्रेलिया के पास ऑफ स्पिनर के रूप में टॉम कैंपबेल और रैफ मैकमिलन भारतीय बल्लेबाजों कृ लिए कोई बड़ा खतरा खड़ा पाएंगे इसकी उम्मीद कम है। ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी तीन अर्द्धशतक सहित उसके लिए रन बनाने में सबसे आगे चल रहे हैरी डिक्सन(कुल 264 रन) के साथ कप्तान एक एक शतक जडने वाले हयू वीबग;न (कुल 256 रन) और सैम कोंटाज (कुल 191)के साथ सेमीफाइनल में बहुत समझदारी से बल्लेबाजी करने वाले ओलीवर पीक पर निर्भर करेगी। पाकिस्तान के बाएं हाथ के स्पिनर के ऑस्ट्रेलिया के हाथों सेमीफाइनल में हार के बावजूद जिस तरह मात्र दस ओवर में मात्र 12 रन देकर लिए दो विकेट चटकाने के साथ रनों के लिए तरसाना पड़ा उससे यह साफ है कि भारत के लिए विकेट चटकाने में उसके लिए सबसे आगे चल रहे बाएं हाथ के स्पिनर सौम्य पांडे (कुल 17 विकेट ) और मुशीर खान (छह विकेट), ऑफ स्पिनर मुरुगन अभिषेक के सामने उनके लिए रन बनाना आसान नहीं होगा। सौम्य के साथ ही पांच-पाच मैच खेलने के लिए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नमन तिवारी (कुल दस विकेट) और राज लिम्बानी (आठ विकेट) के रूप में अपनी रफ्तार और धार से पस्त करने वाले गेंदबाजों की मौजूदगी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को सांस नहीं लेने देगी।

### 'अपना नाम इतिहास में लिखाने का मौका है'

भारत के कप्तान उदय सहारन ने फाइनल की पूर्व संध्या पर कहा, अब हम अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में खेल उतरेंगे तो हम पर अपने करोड़ो भारतीयों के सपनों को पूरा करने की जिम्मेदारी होगी। हमारी फाइनल तक की यात्रा हमारी मेहनत और बतौर टीम हमारे क्रिकेट प्रेम का प्रमाण है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में हमारा लक्ष्य एक ऐसी विरासत बनाना जो आने वाली पीढ़ी को प्रेरित करे। यह हमारे लिए केवल एक फाइनल मैच नहीं बल्कि अपना नाम इतिहास में लिखाने का मौका है। हम मौजूदा अंडर-19 विश्व कप में हम अपने पहले ही मैच से ऐसे जुनून,दृढ़ संकल्प और विश्वास के साथ खेले हम खिताब जीत कर घर लौटेंगे। फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी हमारी सोच कोई अलग नहीं होगी क्योंकि अपना खिताब बरकरार रखने से बस एक कदम दूर हैं। हम मिलकर एक टीम, एक देश के रूप में फाइनल में पहुंचे हैं और हम इस मौके को भुनाकर भारत को खिताब जिता उसका गौरव बढ़ाने को तैयार हैं।

# शमर जोसेफ ने लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम में मार्क वुड की जगह ली

**नई दिल्ली,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सीजन से पहले इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड के स्थान पर वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमर जोसेफ को अपनी टीम में शामिल किया है। टूर्नामेंट ने एक बयान में कहा कि जोसेफ 3 करोड़ रुपये में एलएसजी में शामिल होंगे, जो आईपीएल में इस तेज गेंदबाज का पहला कार्यकाल भी होगा। जोसेफ हाल ही में ब्रिस्बेन के गाबा में डे-नाइट टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया पर वेस्टइंडीज की आठ रन से जीत में सबसे आगे थे। जोसेफ ने दाहिने पैर के अंगूठे की चोट को दरकिनार करते हुए दूसरी पारी में सनसनीखेज सात विकेट लेकर मेहमान टीम को ऑस्ट्रेलिया पर जादुई जीत दिलाई, जिसके कारण वेस्टइंडीज ने श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। उस श्रृंखला में, जोसेफ टेस्ट के इतिहास में केवल 14वें और वेस्टइंडीज के पहले खिलाड़ी बने, जिन्होंने पदार्पण मैच में पांच विकेट लिए, जिसमें इस प्रारूप में अपनी पहली ही गेंद पर स्टीव स्मिथ को आउट करना भी शामिल था। जोसेफ ने वेस्टइंडीज ए के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान अच्छी छाप छोड़ी थी, जहां उन्होंने 12 विकेट लिए थे। वह गयाना के दूरदराज के गांव बाराकारा से आते हैं, जहां 2018 तक टेलीफोन या इंटरनेट कनेक्शन नहीं था। उन्होंने पिछले साल ही क्षेत्रीय चार दिवसीय प्रतियोगिता में प्रथम श्रेणी में पदार्पण किया था, शुरुआत में नेट गेंदबाज के रूप में शामिल होने के बाद गयाना अमेज़ॅन वॉरियर्स के साथ सीपीएल अनुबंध



अर्जित किया था।

जोसेफ ने क्रिकेट खेलने में अपना करियर बनाने के लिए दो साल पहले एक सुरक्षा फर्म में अपनी नौकरी छोड़ दी थी और टेस्ट क्रिकेट में एक स्वप्निल शुरुआत सहित शीर्ष स्तर के क्रिकेट खेलने तक उनका सफर अब हाल की सबसे दिल छू लेने वाली और प्रेरणादायक कहानियों में से एक बन गया है। ब्रिस्बेन टेस्ट में उनके शानदार प्रदर्शन के कारण, क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने जोसेफ के फ्रेंचाइजी अनुबंध को अंतरराष्ट्रीय रिटेनर अनुबंध में अपग्रेड कर दिया। पैर की अंगुली की चोट के कारण जोसेफ को संयुक्त अरब अमीरात में आईएलटी20 में खेलना छोड़ना पड़ा और वह पेशावर जाल्मी के प्रतिस्थापन खिलाड़ी के रूप में पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में खेलने के लिए पाकिस्तान जाएंगे। आईपीएल 2024 मार्च के तीसरे सप्ताह से खेले जाने की संभावना है, भारत के चुनाव आयुक्त (ईसीआई) द्वारा भारत के आम चुनाव की तारीखों का खुलासा होने के बाद अंतिम कार्यक्रम आएगा।

# उमरजई-नबी की शतकीय पारी बेकार, हारा अफगानिस्तान

**पल्लेकेले** 9 फरवरी (एजेंसियां)। अजमतउल्लाह उमरजई नाबाद 149 और मोहम्मद नबी 136 रन संघर्षपूर्ण शतकीय पारी और छठे विकेट के लिए रिकार्ड 242 रनों की साझेदारी के बावजूद अफगानिस्तान को शुक्रवार को पहले एकदिवसीय मैच में श्रीलंका के हाथों 42 रनों से पराजय का सामना करना पड़ा। 382 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरूआत बेहद खराब रही और उसने 55 के स्कोर पर अपने पांच विकेट गंवा दिये। रहमानउल्लाह गुरबाज एक रन, इब्राहिम जदरान चार रन, रहमत शाह सात रन, कप्तान हशमतउल्लाह शहीदी सात रन और गुलबदीन नईब 16 रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद एक समय ऐसा लगा रहा था कि अफगानिस्तान की पूरी टीम जल्द ही सिमट जायेगी। ऐसे में अजमतउल्लाह उमरजई और मोहम्मद नबी ने अफगानिस्तान की टीम को संभाला। मोहम्मद नबी ने 130 गेंदों में 15 चौकों



और तीन छक्कों की मदद से 136 रन बनाये। अजमतउल्लाह उमरजई ने 115 गेंदों में 13 चौके और छह छक्कों की मदद से नाबाद 149 रनों की पारी खेली और जो मुकाबला अफगानिस्तान की पारी शुरुआत में एकतरफा लग रहा था उसे उमरजई और नबी ने रोमांचक बना दिया तथा श्रीलंका को जीत के लिए मैच के अंत तक संघर्ष करना पड़ा। इकराम अलीखि सात रन बनाकर नाबाद रहे। अफगानिस्तान की टीम निर्धारित 50 ओवर में छह विकेट 339 रन ही बना सकी और 42 रनों से मैच हार गई। श्रीलंका की ओर से प्रमोद मदुशन ने चार विकेट लिये। दुश्मांता चमीरा को दो विकेट मिले। इससे पहले पथुम निसंका के तूफानी दोहरे शतक और अविष्का फर्नांडो की 88 रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत श्रीलंका ने शुक्रवार को पहले खेलते हुए अफगानिस्तान को जीत के लिए 382 रनों का लक्ष्य दिया था।

आज यहां टॉस जीतकर अफगानिस्तान ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की पथुम निसंका और अविष्का फर्नांडो की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए रिकार्ड 182 रनों की साझेदारी की। निसंका ने तूफानी अंदाज में 138 गेंदों में 19 चौके और आठ छक्को की मदद से नाबाद 210 रन बनाये। 27वें ओवर में अविष्का फर्नांडो को फरीद ने जदरान के हाथों कैच आउट कराकर अफगानिस्तान को पहली सफलता दिलाई। फर्नांडो ने 88 गेंदों में आठ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 88 रन बनाये।

# रामकुमार की बेंगलुरु ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड एंट्री

**बेंगलुरु,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के दूसरे सर्वोच्च रैंक खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन को दफान्यूज बेंगलुरु ओपन के एकल मुख्य ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड के जरिये प्रवेश दिया गया है। पाकिस्तान के खिलाफ हालिया डेविस कप मुकाबले में भारत का नेतृत्व करने वाले रामकुमार सात बार एटीपी चैलेंजर सर्किट पर एकल फाइनल में पहुंचे हैं। उन्होंने नवंबर 2021 में मनामा, बहरीन में अपना एकमात्र खिताब जीता था। दिलचस्प बात यह है कि रामकुमार ने अपना सातवां और आखिरी युगल चैलेंजर खिताब दो साल पहले हमवतन साकेत माइनेनी के साथ बेंगलुरु में जीता था।

रामकुमार ने कहा, मैं बेहद खुश और आभारी हूं कि बेंगलुरु ओपन ने मुझे एकल मुख्य ड्रा वाइल्ड कार्ड प्रदान किया है। मैं टूर्नामेंट का इंतजार कर रहा हूं। बेंगलुरु हमेशा मेरे लिए एक सुखद जगह रहा है और यहां मेरी कई विशेष यादें हैं। मुझ पर भरोसा करने के लिए



मैं पूरे संगठन को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देने जा रहा हूं। बेंगलुरु ओपन रामकुमार के लिए सीज़न का दूसरा चैलेंजर टूर्नामेंट होगा, जिन्होंने क्वालीफायर के माध्यम से जनवरी में नॉनथाबुरी इवेंट में जगह बनाई थी।

टूर्नामेंट के निदेशक सुनील यजमन ने कहा, रामकुमार एक अद्भुत प्रतिभा हैं और उन्होंने हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में भारत की जीत सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने हाल ही में अपनी वापसी पर कर्नाटक में दो आईटीएफ एम25 विश्व टेनिस टूर प्रतियोगिताएं जीतीं और हमें उन्हें मुख्य ड्रॉ में शामिल करने पर गर्व है। वह बेंगलुरु ओपन के हकदार हैं। उनका वाइल्ड कार्ड भारतीयों को मजबूत बनाता है। हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।

आयोजकों ने मनीष सुरेशकुमार और साई कार्तिक रेड्डी की टीम के साथ युगल मुख्य ड्रॉ में प्रज्वल देव और उनके साथी सिद्धांत बंथिया को वाइल्ड कार्ड प्रविष्टियाँ भी प्रदान की हैं।

यजमन ने कहा, हमने देश के खिलाड़ियों का समर्थन करने के अपने प्रयास में दो भारतीय जोड़ियों को वाइल्ड कार्ड प्रविष्टियां देने का भी फैसला किया है।

बेंगलुरु ओपन का आयोजन कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है। एटीपी चैलेंजर इवेंट 12 फरवरी से शुरू होकर 18 फरवरी को समाप्त होगा।

# हम यहां सेमीफ़ाइनल जीतने के लिए नहीं बल्कि फाइनल जीतने आए हैं : स्ट्राकर

**बेनोनी,** 10 फरवरी (एजेंसियां) ऑस्ट्रेलिया के लिए अंडर-19 विश्व कप सेमीफाइनल में पाकिस्तान पर रोमांचक जीत के हीरो रहे तेज गेंदबाज टॉम स्ट्राकर ने कहा कि टीम में चर्चा सिर्फ अंतिम चार चरण में जीत से संतुष्ट नहीं होने के बारे में थी और उनका लक्ष्य फाइनल भी जीतना है।

2024 अंडर19 पुरुष विश्व कप के विजेता का फैसला करने के लिए रविवार को बेनोनी के विलोमूर पार्क में ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला गत चैंपियन भारत से होगा। खिताबी मुकाबले से पहले दोनों टीमें पूरी प्रतियोगिता में अजेय रही हैं। स्ट्राकर ने सेमीफाइनल जीत के बाद टीम बस में क्रिकेट.कॉम.एयू से बातचीत के बारे में कहा, हर कोई अभी भी बहुत उत्साहित था। तब हम ऐसे थे, हमने अपना आनंद ले लिया है, लेकिन अब इसे रोकना होगा। हम यहां सेमीफाइनल जीतने के लिए नहीं आए थे, हम यहां फाइनल जीतने के लिए आए हैं। स्ट्राकर 6-24 के स्पेल के साथ पाकिस्तान पर तनावपूर्ण सेमीफाइनल जीत में प्लेयर ऑफ द मैच थे, जो टूर्नामेंट के अंतिम चार चरण में अब तक का सबसे अच्छा आंकड़ा था। उन्होंने कहा, हमारे देखने के क्षेत्र में एक टीवी था और कमेंटेटर इसके बारे में बात कर रहे थे, सभी लड़के इसे पसंद कर रहे थे, लेकिन मुझे लगा कि यह एक अच्छा रिकॉर्ड है लेकिन मैं इसके बारे में ज्यादा परेशान नहीं था। यह काफी गर्व की बात है, लेकिन चीजों की योजना में यह वास्तव में मायने नहीं रखता है।

भारत ने पहले सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका पर दो विकेट की जीत में दिखाया कि वे खुद को परेशानी से बाहर निकाल सकते हैं, जहां उन्होंने 32/4 से उबरकर 245 रनों का पीछा किया, स्ट्राकर को लगता है कि उनके गेंदबाजी आक्रमण में उदय सहारन को डराने की क्षमता है।

# इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के बाकी तीन मैच भी नहीं खेलेंगे कोहली

**मुंबई,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाकी तीन मैचों के लिए अपनी अनुपलब्धता व्यक्त की है। बीसीसीआई ने कहा, विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से शेष श्रृंखला के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। बोर्ड कोहली के फैसले का सम्मान करता है। कोहली इसी कारण से हैदराबाद और विशाखापत्तनम में पहले दो टेस्ट में नहीं खेल पाये थे। इससे पहले, बीसीसीआई ने एक प्रेस बयान जारी कर कोहली के लिए गोपनीयता का अनुरोध किया था और कहा था कि बोर्ड, चयनकर्ता और टीम प्रबंधन स्टार भारतीय बल्लेबाज के फैसले का सम्मान करते हैं और पूरा समर्थन देने के लिए तैयार हैं।

यह पहली बार है कि कोहली अपने टेस्ट पदार्पण के बाद से किसी घरेलू सीरीज के सभी टेस्ट मैच नहीं खेल पाएंगे। उनकी अनुपस्थिति मध्यक्रम के बल्लेबाजों के लिए उनकी जगह भरने की चुनौती होगी। बीसीसीआई ने अपनी मेडिकल टीम से फिटनेस मंजूरी मिलने पर रवींद्र जड़ेजा और केएल राहुल की उपलब्धता की भी घोषणा की। राहुल क्वाड्रिसेप्स की



चोट के कारण पिछला मैच नहीं खेल पाए थे जबकि हैदराबाद टेस्ट में भारत की दूसरी पारी में सिंगल चुराने के प्रयास में जडेजा की हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी।

विशाखापत्तनम टेस्ट के लिए राहुल के स्थान पर टीम में लाए गए सरफराज खान को बरकरार रखा गया है। 17 सदस्यीय टीम में श्रेयस अय्यर को शामिल नहीं किए जाने के कारण रजत पाटीदार टीम का हिस्सा बने हुए हैं। हालांकि, बीसीसीआई ने अय्यर को बाहर करने का कोई कारण नहीं बताया लेकिन, स्टार बल्लेबाज दूसरे टेस्ट के बाद अपनी पीठ और कमर में समस्या होने की शिकायत कर रहे हैं।

टीम में एकमात्र अन्य उल्लेखनीय बदलाव आवेश खान के स्थान पर बंगाल के तेज गेंदबाज आकाश दीप को शामिल करना है। चयनकर्ताओं ने स्पिनर सौरभ कुमार को भी बाहर कर दिया है वहीं टखने की चोट से उबर रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को टीम में शामिल नहीं किया गया है। बाकी सभी मैचों के लिए जसप्रित बुमरा को उप-कप्तान बनाया गया है। खराब बल्लेबाजी प्रदर्शन के बावजूद चयनकर्ताओं ने केएस भरत पर भरोसा बरकरार रखा है। टीम के दूसरे विकेटकीपर ध्रुव जुरेल अपने टेस्ट डेब्यू का इंतजार कर रहे हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ तीसरा टेस्ट 15 फरवरी को राजकोट में, चौथा टेस्ट 23 फरवरी को रांची में और सीरीज का पांचवां और अंतिम टेस्ट सात मार्च को धर्मशाला में खेला जाएगा।

**टीम:** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रित बुमरा (उपकप्तान),यशस्वी जयसवाल,शुबमन गिल,केएल राहुल,रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), आर अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

# वंदना, दीपिका व सलीमा के एक-एक गोल से भारत ने अमेरिका को 3-1 से हराया

- मैच के शुरूआत से ही भारत ने बना लिया था दबदबा
- हाफ टाइम तक भारत ने बना ली थी 2-0 की बढ़त

नई दिल्ली, 10 दिसंबर (देशबन्धु)। अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया, दीपिका और सलीमा टेटे के एक एक गोल की बदौलत भारतीय महिला हॉकी टीम ने अमेरिका को कलिंगा स्टेडियम में शुक्रवार रात 3-1 से हरा कर एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के भुवनेश्वर चरण मे पहली जीत हासिल की। पराजित अमेरिका की महिला हॉकी टीम की ओर से अकेला गोल सानी कार्लाज ने तीसरे क्वॉर्टर में दागा। भारत ने मैच के शुरू में ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन इस पर ड्रैग फ्लिकर दीपिका का तेज फ्लिक गोलस्तंभ के उपर से बाहर निकल गया। अमेरिका की एलिजाबेथ यीगर के गोल के ठीक सामने मुश्किल कोण से जमाए शॉट को भारत की कप्तान गोलरक्षक सविता ने अच्छा पूर्वानुमान लगा रोक कर बेकार कर दिया। तेज स्ट्राइकर संगीता कुमारी के दाएं से बनाए जोरदार



अभियान पर गेंद को सोनिका की ओर बढ़ाने की कोशिश की लेकिन अमेरिका की गोलरक्षक कीलसी रॉबल्स के पैड से लगकर लौटती गेंद को वहीं डी में खड़ी वंदना कटारिया ने लपक कर गोल में डालकर पहले क्वॉर्टर के मध्य में भारत का खाता खोला। अमेरिका की एलिजाबेथ यीगर ने दूसरे क्वॉर्टर के शुरू में रिवर्स शॉट जमा गोल करने की कोशिश की लेकिन उनका निशाना बहुत करीब से लक्ष्य चूक गया। सलीमा टेटे के दाएं से जोरदार फर्राटे पर ललरेमसियामी गेंद को कब्जे में लेने चूकी और भारत के हाथ आया अपनी बढ़त दुगुनी करने का मौका फिसल गया। भारत ने अपनी पूरी ताकत बढ़त बढ़ाने में लगा दी। वंदना कटारिया ने मोनिका के पास पर मिली गेंद संभाली और धीरे से आगे बढ़ती दीपिका की ओर बढ़ा दी। दीपिका ने इस पर अचूक शॉट बेहतरीन मैदानी गोल कर दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से पहले गोल कर भारत की बढ़त 2-0 कर दी। अमेरिका को दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से ठीक पहले पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन इस पर भारत की कप्तान सविता ने बढिया पूर्वानुमान लगा गेंद रोक अच्छा बचाव किया। भारत की शार्मिला देवी ने तीसरे क्वॉर्टर में गेंद को कब्जे में ले अकेले ही बाएं से अमेरिका की डी में घुसने की कोशिश की लेकिन किसी साथी खिलाड़ी के आगे न पहुंच पर उनकी यह कोशिश बेकार गइ। अगले ही मिनट नवनीत कौर का बहुत करीब से लक्ष्य चूक गया। दोनों ही टीमों को तीसरे क्वॉर्टर में पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। अमेरिका की सानी कार्लाज ने तीसरा क्वॉर्टर खत्म होने से तीन मिनट पहले गोल कर स्कोर 1-2 कर दिया। दीपिका ने चौथा और आखिरी क्वॉर्टर खत्म होने से चार मिनट पहले ही अकेले ही तेज फर्राटा लगा अमेरिका कई खिलाडियों को छका सलीमा टेटे को बढिया क्रॉस दिया और इस पर उन्होंने अचूक वॉली लगा गोल कर भारत को 3-1 से मैच जिता दिया।

## सार संक्षेप

### शशिकांत का पंजा,आंध्र को यूपी के खिलाफ मिली बढ़त

**विजयनगरम।** केवी शशिकांत (54 रन पर पांच विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की बदौलत आंध्र प्रदेश ने रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप बी मुकाबले में उत्तर प्रदेश की पहली पारी को 198 रनों पर समेट कर महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। डा. पीवीजी राजू एसीए कॉम्पलेक्स में आंध्र प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 261 रन बनाये थे जबकि दिन का खेल खत्म होने के समय मेजबान टीम अपनी दूसरी पारी में एक विकेट खोकर 19 रन बना चुकी थी। इस तरह उसकी लीड अब तक 82 रन की हो चुकी है। आर्यन जुयाल (60) के अलावा यूपी के अन्य बल्लेबाज अपनी टीम के लिये अपेक्षित योगदान नहीं दे सके। आंध्र प्रदेश के गेंदबाजों ने मेहमान बल्लेबाजों को खुल कर खेलने का मौका नहीं दिया। कप्तान नीतीश राणा (21) के अलावा रिंकू सिंह (26) और अक्षदीप नाथ (26) ने कुछ देर तक क्रीज पर टिकने का साहस किया मगर अन्य बल्लेबाज पवेलियन लौटने की जल्दी में दिखायी दिये। आर्यन ने एक छोर संभाल कर रखा और 146 गेंदों की अर्धशतकीय पारी में सात चौके और एक छक्का लगाया। वह शशिकांत की शानदार गेंद पर विकेट के पीछे लपके गये। इससे पहले यूपी की टीम को अपने स्टार गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की कमी खली हालांकि यश दयाल और अंकित राजपूत ने तीन तीन विकेट निकाल कर आंध्र को बड़े स्कोर की ओर जाने से रोक लिया।

### केरल के खिलाफ बंगाल ने बनाये आठ विकेट पर 172 रन

**तिरुवनंतपुरम।** बंगाल ने शनिवार को यहां सेंट जेवियर्स कॉलेज ग्राउंड में रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मैच में केरल के खिलाफ अपनी पहली पारी में दूसरे दिन शनिवार को आठ विकेट पर 172 रन बना लिए। दिन का खेल खत्म होने के समय बंगाल 191 रन से पीछे है जबकि उसके दो विकेट शेष हैं। करण लाल (27) और सूरज सिंधु जयसवाल (9) क्रीज पर नाबाद हैं। केरल के लिए जलज सक्सेना ने गेंद से शानदार प्रदर्शन करते हुए सात विकेट 67 रन देकर हासिल किए। इससे पहले, केरल ने सचिन बेबी (124) और अक्षय चंद्रन (106) की बदौलत अपनी पहली पारी में 363 रन बनाए। बंगाल के लिए शाहबाज़ अहमद (4-73), अंकित मिश्रा (3-84), सूरज सिंधु जयसवाल (1-53) ), आकाश दीप (1-65) और करण लाल (1-52) ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।